# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

शुक्रवार, 11 जुलाई, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 187, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 345 अंकों की गिरावट

बिकवाली दबाव से स्थानीय शेयर बाजार में सेंसेक्स 345 .80 अंक की गिरावट के साथ 83,190 .28 अंक पर बंद हुआ। } 14

## देश की बौद्धिक व सांस्कृतिक गरिमा का भी हो विकास

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एक वैश्विक शक्ति के रूप में भारत के उदय के साथ-साथ इसकी बौद्धिक व सांस्कृतिक गरिमा का भी विकास होना चाहिए। } 16



## कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर गोलीबारी

### एनआईए के मोस्ट वांटेड आतंकी हरजीत सिंह लाडी ने ली जिम्मेदारी

एजेंसी




कनाडा। कॉमेडी किंग के नाम से मशहूर कपिल शर्मा ने तीन दिन पहले ही कनाडा में अपना नया कैफे कैप्स कैफे खोला था। लेकिन अब खबर आ रही है कि कपिल के इस कैफे पर बुधवार रात को गोलीबारी हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कैफे पर कई राउंड गोलीबारी की गई। हालांकि अभी तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

कपिल के कैफे पर गोलीबारी करते वक्त हमलावर ने इसका एक वीडियो भी बनाया, जो सोशल मीडिया पर वायरल है। इसमें हमलावर कैफे के बाहर एक कार में बैठा लगातार फायरिंग करता नजर आ रहा है।

रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि कथित तौर पर बब्बर खालसा इंटरनेशनल के कार्यकर्ता और एनआईए की सूची में भारत के सबसे वांछित आतंकवादियों में से एक, हरजीत सिंह लाडी ने हमले की जिम्मेदारी ली है। कपिल की कथित टिप्पणियों पर नाराजगी के कारण ये हमला किया गया है। हाल ही में कपिल शर्मा ने यह कैफे खोला था। कनाडा में रह रहे भारतीयों के बीच यह काफी पसंद भी किया गया। अब इस कैफे पर गोलाबारी की खबर से हर कोई हैरान है। हालांकि, ...शेष पृष्ठ 14 पर

## गुरु पूर्णिमा पर सीएम ने किया महायोगी गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन

### अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ, दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ समेत नाथपंथ के सभी गुरुजन के प्रति निवेदित की श्रद्धा

जिला संवाददाता



गोरखपुर। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गुरुवार प्रातः काल गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का नाथपंथ की परंपरा के अनुसार विशिष्ट पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ, दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ, योगिराज बाबा गंभीरनाथ समेत नाथपंथ के सभी गुरुजनों का भी विधि विधान से पूजन-अर्चन कर श्रद्धा निवेदित की और लोक कल्याण के पथ पर मार्गदर्शन के लिए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। गोरखनाथ मंदिर में गुरु पूर्णिमा का विशेष अनुष्ठान प्रातः काल 5 बजे से ही प्रारंभ हो गया और सामूहिक आरती के साथ अनुष्ठान की पूर्णता हुई। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी देशवासियों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं। वैसे तो गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं, गुरु गोरखनाथ जी तथा नाथपंथ के गुरुजन का दर्शन-पूजन उनकी दिनचर्या का हिस्सा होता है। पर, गुरु पूर्णिमा का अवसर गोरखनाथ मंदिर ...शेष पृष्ठ 14 पर

### हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पर्व पर आनुष्ठानिक कार्यक्रम की व्यस्तता के बावजूद जनता दर्शन का आयोजन किया। उन्होंने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर व्यक्ति की समस्या का निस्तारण उनकी सरकार की विशेष प्राथमिकता है, इसलिए पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित कराएं। गुरुवार सुबह गुरु पूर्णिमा पूजन के बाद गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### दिल्ली हाईकोर्ट ने उदयपुर फाइल्स की रिलीज पर लगायी रोक

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने दर्जी कन्हैया लाल की हत्या पर आधारित फिल्म उदयपुर फाइल्स की रिलीज पर बृहस्पतिवार को तब तक के लिए रोक लगा दी जब तक केंद्र सरकार फिल्म पर स्थायी प्रतिबंध लगाने की याचिकाओं पर फैसला नहीं कर लेती। फिल्म 11 जुलाई को रिलीज होने वाली थी। मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति अनीश दयाल की खंडपीठ ने याचिकाकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे दो दिन के अंदर अपनी शिकायत केंद्र के पास लेकर जाएं। कन्हैया लाल हत्याकांड के आरोपियों ने अदालत में याचिका दायर की है, जिसमें कहा गया है कि फिल्म की रिलीज से मामले की निष्पक्ष सुनवाई की संभावना खतरे में पड़ जाएगी। पीठ ने कहा कि निश्चित रूप से याचिकाकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के पास उपलब्ध विकल्प का इस्तेमाल नहीं किया है। पीठ ने कहा हम याचिकाकर्ता को पुनरीक्षण विकल्प इस्तेमाल करने का निर्देश देते हैं।

### हरियाणा व दिल्ली में भूकंप के झटके

नयी दिल्ली। (भाषा) हरियाणा में झज्जर के समीप बृहस्पतिवार सुबह 4.4 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके झटके दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में भी महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप का केंद्र झज्जर से तीन किलोमीटर उत्तरपूर्व और दिल्ली से 51 किलोमीटर पश्चिम में जमीन से 10 किलोमीटर की गहरायी में था। भूकंप के झटके सुबह नौ बजकर चार मिनट पर महसूस किए गए। झज्जर के अलावा भूकंप के झटके पड़ोसी रोहतक और गुरुग्राम जिलों, पानीपत, हिसार और मेरठ में भी महसूस किए गए। झज्जर में एक बुजुर्ग व्यक्ति ने बताया, यह जोरदार झटका था।

# अवैध धर्मांतरण नेटवर्क पर बड़े एक्शन की तैयारी

## एटीएस ने अवैध वित्तपोषण व धर्मांतरण का पता लगाने के लिए छांगुर बाबा व नसरीन को रिमांड पर लिया, गहन पूछताछ

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आतंकवाद रोधी दस्ता (उप्र एटीएस) ने धर्मांतरण गिरोह और अवैध वित्तपोषण के स्रोतों का पता लगाने के लिए जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन की हिरासत ले ली है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एटीएस अवैध वित्तपोषण से खरीदी गई बेनामी संपत्तियों का भी पता लगाएगी। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) अमिताभ यश ने यहां पुलिस मुख्यालय में संवाददाताओं को बताया कि एटीएस द्वारा पूर्व में दर्ज मामले में पांच जुलाई को जलालुद्दीन और नसरीन को गिरफ्तार किया गया था। एक विशेष अदालत ने बुधवार को जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को एक सप्ताह की एटीएस हिरासत में भेजने का आदेश दिया।

यश ने कहा कि एटीएस अब इनके नेटवर्क, अवैध वित्तपोषण के स्रोतों और अवैध साधनों से खरीदी गई संपत्तियों के बारे में आरोपियों से पूछताछ करेगी। उन्होंने कहा इस गिरोह के धन के स्रोतों, विभिन्न क्षेत्रों में फैले इसके नेटवर्क के साथ ही यह भी पता लगाया जाएगा कि अवैध ...शेष पृष्ठ 14 पर






### छांगुर बाबा व उसके सहयोगियों के अवैध अतिक्रमण पर फिर चला बुलडोजर

बीएस परिहार

बलरामपुर (उप्र)। बलरामपुर जिले में धर्मांतरण के आरोपों से घिरे जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसके सहयोगियों के अवैध अतिक्रमण को बृहस्पतिवार को तीसरे दिन भी बुलडोजर की मदद से हटाया जा रहा है। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में प्रशासन यह कार्वाई कर रहा है। अधिकारियों ने कहा कि बृहस्पतिवार को छांगुर बाबा और उसके सहयोगियों की अवैध संपत्ति को कुल आठ बुलडोजर की मदद से गिराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लगभग एक एकड़ क्षेत्र में फैले बाबा और उसके सहयोगी नीतू और नवीन रोहर की संपत्तियों पर प्रशासन ने नोटिस चस्पां किया था जिसमें अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए कहा गया था। अधिकारियों के अनुसार, एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया जिस पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। अपर पुलिस अधीक्षक ...शेष पृष्ठ 14 पर

### 15 वर्षों से करवा रहा था धर्मांतरण : यश




लखनऊ। उत्तर प्रदेश में धर्मांतरण कराने वाले गिरोह का सरगना बनकर सामने आए छांगुर बाबा की गिरफ्तारी के बाद अवैध धर्मांतरण नेटवर्क पर अब शिकंजा कसता जा रहा है। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर धर्मांतरण के मास्टरमाइंड छांगुर बाबा को लेकर कई बड़े खुलासे किए। उन्होंने बताया कि छांगुर बाबा और उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को सात दिन की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उत्तराखण्ड : ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से आयेगा निवेश

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में होगा ग्राउंडिंग सेरेमनी का आयोजन

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड की निवेश अनुकूल छवि को वैश्विक मंच पर मजबूती मिलने जा रही है। उत्तराखंड का रुद्रपुर एक लाख करोड़ के निवेश की ग्राउंडिंग सेरेमनी का साक्षी बनने जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह होंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समारोह की आज मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में उच्च स्तरीय बैठक में सभी तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह आयोजन राज्य की औद्योगिक प्रगति का प्रतीक बनेगा और उत्तराखंड को औद्योगिक निवेश की दिशा में नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।



मुख्यमंत्री ने बताया कि इस महत्वपूर्ण आयोजन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि यह कार्यक्रम भव्यता, गरिमा और कुशलता के साथ इस प्रकार आयोजित किया जाए कि राज्य की सकारात्मक छवि और अनुकूल निवेश माहौल को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया जा सके। बैठक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बिहार में जारी रहेगा मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण कार्य

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को निर्वाचन आयोग को बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को जारी रखने की अनुमति देते हुए इसे संवैधानिक दायित्व बताया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने हालांकि, इस कवायद के समय पर सवाल उठाया और कहा कि बिहार में एसआईआर के दौरान आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर दस्तावेज के तौर पर विचार किया जा सकता है। पीठ ने कहा हमारा प्रथम दृष्टया मानना है कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान आधार, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड पर दस्तावेज के तौर पर विचार किया जा सकता है।

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि 10 विपक्षी दलों के नेताओं सहित किसी भी याचिकाकर्ता ने चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया पर अंतरिम रोक की मांग नहीं की है। उसने संबंधित याचिकाओं पर जवाब मांगा और सुनवाई की अगली तारीख 28 जुलाई तय की। पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग 21 जुलाई तक इन याचिकाओं पर जवाबी हलफनामा दाखिल करे और इन पर प्रत्युत्तर 28 जुलाई तक दाखिल किए जाएं। पीठ ने कहा कि उसे चुनाव आयोग की विश्वसनीयता और ईमानदारी पर संदेह नहीं है, क्योंकि यह एक संवैधानिक दायित्व है, लेकिन इस प्रक्रिया का समय संदेह पैदा कर रहा है। न्यायालय ने चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी से कहा



> प्रथम दृष्टया मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान आधार, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड पर दस्तावेज के तौर पर विचार किया जा सकता है। 10 विपक्षी दलों के नेताओं सहित किसी भी याचिकाकर्ता ने चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया पर अंतरिम रोक की मांग नहीं की है।

हमें आपकी ईमानदारी पर संदेह नहीं है, लेकिन कुछ धारणाएं हैं। हम आपको रोकने के बारे में नहीं सोच रहे हैं क्योंकि यह एक संवैधानिक दायित्व है। द्विवेदी ने कहा कि 60 प्रतिशत मतदाताओं ने अपनी पहचान सत्यापित कर दी हैं और उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया कि किसी को भी अपनी बात रखने का अवसर दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा। पीठ ने कहा हम किसी संवैधानिक संस्था को वह करने से नहीं रोक सकते जो उसे करना चाहिए। साथ ही, हम उन्हें वह भी नहीं करने देंगे जो उन्हें नहीं करना चाहिए।

इससे पहले, पीठ ने बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के समय पर सवाल उठाते हुए निर्वाचन आयोग से कहा कि आपको पहले ही कदम उठाना चाहिए था, अब थोड़ी देर हो चुकी है। हालांकि, उसने इस दलील को खारिज कर दिया कि आयोग के पास इस कवायद को करने का कोई अधिकार नहीं है। न्यायालय ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण की कवायद महत्वपूर्ण मुद्दा है, जो लोकतंत्र की जड़ों से जुड़ा है और यह मतदान के अधिकार से संबंधित है। भारत ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 34.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 28.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- मजबूत लोकतंत्र के लिए स्पष्ट हो मतदाता सूची (पृष्ठ-02)
- मथुरा के मुखराई और जैतपुर पर्यटन के केन्द्र बने (पृष्ठ-02)
- सोना 250 बढ़कर 98,670 रुपये प्रति 10 ग्राम (पृष्ठ-14)
- आर्थिक शक्ति बनने के लिए भारत बढ़ाये निर्यात (पृष्ठ-14)
- जल्द होगा भारत, अमेरिका के बीच व्यापार समझौते (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** यूपी में फतेहगढ़, गढ़मुक्तेश्वर व कछला ब्रिज सहित विभिन्न गंगा निगरानी केंद्रों पर पानी चेतावनी सीमा के ऊपर

## यूपी समेत कई राज्यों में बाढ़ का खतरा और बढ़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने बृहस्पतिवार को जारी अपने दैनिक बाढ़ बुलेटिन में देश के 21 नदी निगरानी स्थलों पर बाढ़ की आशंका जाहिर की जिनमें से चार स्थलों के गंभीर बाढ़ की चपेट में आने का खतरा है। हालांकि, अभी तक किसी भी नदी में पानी का स्तर उसके उच्चतम बाढ़ स्तर (एचएफएल) के पार नहीं गया है, लेकिन असम और बिहार में चार जगहों पर जल स्तर खतरे के निशान के ऊपर चला गया है।

बुलेटिन के मुताबिक उत्तर प्रदेश में फतेहगढ़, गढ़मुक्तेश्वर और कछला ब्रिज सहित विभिन्न गंगा निगरानी केंद्रों पर पानी का स्तर चेतावनी सीमा के ऊपर चले जाने की सूचना मिली है। इसमें कहा गया है कि एल्गिनब्रिज में घाघरा नदी और खड्डा में गंडक नदी पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। असम के गोलाघाट जिले में धनसिरी नदी और बिहार में बागमती



व गंडक उन प्रमुख नदियों में शामिल हैं, जिनमें पानी का स्तर चिंताजनक बना हुआ है तथा इसमें या तो वृद्धि हो रही है या फिर यह स्थिर है। बुलेटिन के अनुसार, 17 अन्य जगहों पर बाढ़ की आशंकाै सामान्य से अधिकै है, क्योंकि वहां पानी का स्तर चेतावनी सीमा और खतरे की सीमा के बीच मंडरा रहा है। इनमें असम, बिहार, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के नदी क्षेत्र शामिल हैं। असम में ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ईओडब्लू ने दबोचे दो आर्थिक अपराधी

### 250 करोड़ घोटाले का आरोपी प्रेम प्रकाश कोलकाता व गुरुनाम सिंह पंजाब से गिरफ्तार

विशेष संवाददाता

लखनऊ। आर्थिक अपराध अनुसन्धान संगठन (ई.ओ.डब्ल्यू.) नें प्रदेश में आर्थिक अपराधियों की कमर तोड़ने और उन पर शिकजा कसने के लिए रोड़ मैप तैयार किया है। वांछित आर्थिक अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए स्पेशन ड्राइव चल रही है।



गुरुनाम सिंह



प्रेम प्रकाश

इसी के तहत अब तक सोलह आर्थिक अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इसमें से दो अपराधी आज गिरफ्तार हुए है। डीजी आर्थिक अपराध अनुसन्धान संगठन (ई.ओ.डब्ल्यू.) नीरा रावत नें डीजीपी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में बताया कि वी-केयर मल्टीट्रेड प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी द्वारा जनता के साथ धोखाधड़ी कर करीब 250 करोड़ घोटाले के फरार आरोपी प्रेम प्रकाश निवासी 303 तृतीय तल कम्पोजिट जेल चर्च कम्पलेक्स मेंन रोड रांची झारखण्ड को कोलकत्ता प्रान्त के पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया। इसके अलावा पर्लस एग्रो टेक कारपोरेशन लिमिटेड (पीएसीएल) के संचालक गुरुनाम सिंह को पंजाब के जनपद रोपड से गिरफ्तार किया है। इसके द्वारा देश के दस राज्यों में खोली गईं शाखाओं में निवेशकों का 49 हजार करोड़ जमा कराया। लेकिन बाद में कम्पनी नें निवेशकों को न भूखंड दिये और न ही अन्य लाभ दिये। उनका जमा धन भी वापस नही किया गया। इन दोनों मामलों में अभी कार्रवाई जारी है। आर्थिक अपराध अनुसन्धान संगठन (ई.ओ.डब्ल्यू.) की डीजी नीरा रावत नें बताया कि ई.ओ.डब्ल्यू. नें छात्रवृत्ति घोटाले में ...शेष पृष्ठ 14 पर






स्कूल में वन महोत्सव के तहत पांच दिवसीय कार्यशाला में छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

# अखिलेश दास गुप्ता स्कूल में पेड़ों के संरक्षण पर डाला प्रकाश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अखिलेश दास गुप्ता स्कूल, लखनऊ ने हाल ही में वन महोत्सव का आयोजन किया, जो एक पांच दिवसीय कार्यक्रम था, जिसमें पेड़ों के संरक्षण और पर्यावरणीय स्थिरता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

4 जुलाई 2025 को, इस आयोजन की शुरूआत एक विशेष प्रार्थना सभा द्वारा की गयी। इसके बाद एक स्लाइड प्रस्तुतीकरण के माध्यम से वन महोत्सव की उत्पत्ति के बारे में बताया गया, जिससे सभी विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा। 5 जुलाई 2025 को वन महोत्सव पर आधारित चलचित्र दिखाकर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने पर्यावरण संबंधी ज्ञान का परीक्षण किया। वन महोत्सव के अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को ऑक्सीजन पार्क ले जाया गया। वहां बच्चों को पौधों की उपयोगिता और पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया गया तथा पार्क में लगे विविध औषधीय एवं छायादार वृक्षों की जानकारी दी गयी।

7 जुलाई 2025 को विद्यालय में 'चिपको आंदोलन' की स्मृति में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भाषण एवं कविता वाचन के माध्यम से अपने रचनात्मक एवं कलात्मक कौशल का सुंदर प्रदर्शन किया। सभी का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को बढ़ाना था।

8 जुलाई 2025 को विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीबीडी ग्रुप के सहायक महाप्रबंधक (पर्यावरण विशेषज्ञ) अजय शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर विद्यार्थियों को वन महोत्सव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने प्राचार्या अंजना स्वामी, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ मिलकर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण किया और पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया। यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणादायक रहा।

पांच दिवसीय वन महोत्सव का समापन 9 जुलाई 2025 को एक विशेष नाट्य प्रस्तुति और नुक्कड़ नाटक के साथ हुआ, जो छात्रों द्वारा वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व को उजागर करने के लिए प्रस्तुत किया गया था। कार्यक्रम के सफल समापन पर विद्यालय की प्राचार्या अंजना स्वामी ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाट्य प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता लाने का श्रेष्ठ माध्यम हैं। उन्होंने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए यह भी बताया कि यदि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे, तो हम न केवल अपने देश बल्कि पूरे विश्व में हरियाली का प्रतिशत बढ़ा सकते हैं। प्राचार्या ने सभी को नियमित रूप से पर्यावरण संरक्षण से संबंधित संदेश देते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

# मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदाता सूची स्पष्ट हो

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारियों के प्रशिक्षण सत्र में दिये आवश्यक निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने गुरूवार को वाराणसी में आयोजित प्रशिक्षण सत्र में जिला निर्वाचन अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के कार्यक्रमों एवं निर्देशो से अवगत कराया। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारियों को प्रशिक्षण के माध्यम से मतदाता सूची को अपडेट करने, प्रत्येक मतदेय स्थल को अधिकतम 1200 मतदाताओं के साथ मतदेय स्थलों का संभाजन एवं संविधान के प्राविधानों से लेकर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1950, रजिस्ट्रेशन ऑफ इलेक्ट्रोरल रोल-1960 तथा भारत निर्वाचन आयोग के अलग-अलग मैन्युअल्स की जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिये कि प्रत्येक मतदेय स्थल पर अधिकतम 1200 मतदाताओं की संख्या के आधार पर सम्भाजन की कार्यवाही समय से पूर्ण की जाये। उन्होने कहा कि सम्भाजन की कार्यवाही एवं मतदाता सूची को अपडेट करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि परिवार के सभी सदस्यों का नाम एक ही पोलिंग बूथ की मतदाता सूची में अंकित रहे। जेंडर रेशियों में सुधार किया जाए। मतदाता सूची स्पष्ट, त्रुटिरहित तथा मतदाताओं की फोटो साफ सुथरी लगी हो, जिससे पहचान करने मे असुविधा न हो। बीएलओ की नियमानुसार नियुक्ति तथा मतदाता सूची सम्बन्धित शिकायतों का समाधान गम्भीरता से करायें। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी बैठक करने के साथ वेयर हाउस का नियमित निरीक्षण भी करें। ईआरओ के द्वारा एईआरओ, बीएलओ सुपरवाइजर को प्रशिक्षित कर उनके माध्यम से छोटे-छोटे समूहों में बीएलओ को भी प्रशिक्षित किया जाय। उन्होंने ईआरओ नेट, बीएलओ एप, वोटर सर्विस पोर्टल एवं वोटर हेल्पलाइन एप के बारे में भी जानकारी दी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पहली बार जिला निर्वाचन अधिकारियों का भौतिक प्रशिक्षण कराया जा रहा है, जिससे कि आने वाले मतदाता सूची पुनरीक्षण के समय या चुनाव के समय किसी भी मतदाता को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसका भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है कि वह अपने अधीनस्थों का अच्छे ढंग से पर्यवेक्षण कर सकें और मतदाताओं की सुविधाओं को बेहतर बना सकें। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि नागरिकों से मतदाता फार्म भरवाते समय उनका मोबाइल नम्बर तथा पता सही-सही दर्ज करायेंए जिससे कि उन्हें अपने आवेदन को ट्रैक करने में आसानी हो।

साथ ही फार्म-6, 7 व 8 से संबंधित जानकारी अधिक से अधिक प्रसारित कराएं। उन्होंने कहा कि तीनों चरणों के प्रशिक्षण के पश्चात प्रदेश की वर्तमान वोटर लिस्ट में काफी सुधार दिखेगा। मतदाता सूची पुनरीक्षण से पहले सभी अधिकारी पूर्ण रूप से प्रशिक्षित तथा कार्यों एवं डाटा की पूर्ण जानकारी हो, इसके प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जनपद वाराणसी में द्वितीय चरण के प्रशिक्षण सत्र में 23 जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्वाचक नामावली के आगामी पुनरीक्षण के दृष्टिगत एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया।

# मथुरा के मुखराई और जैतपुर गांव ग्रामीण पर्यटन के उभरते केन्द्र बने

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 राज्य को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में अहम भूमिका निभा रही है। प्रदेश सरकार के इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने में पर्यटन विभाग सतत प्रयासरत है। आंकड़ों के अनुसार ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में अब तक 700 से अधिक होम स्टे पंजीकृत हो चुके हैं, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार और आर्थिक सहयोग मिल रहा है। कृष्ण की नगरी मथुरा के मुखराई और जैत गांव इसके उदाहरण बन रहे हैं।

प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ग्रामीण पर्यटन में अपनी विशेष पहचान बना चुका मुखराई गांव, मथुरा जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी पर गोवर्धन-राधाकुंड क्षेत्र के पास स्थित है। यह गांव राधा रानी के ननिहाल के रूप में जाना जाता है। यहां की खास पहचान पारंपरिक चरकुला नृत्य है, जिसमें महिलाएं जलते हुए दीपकों को सिर पर संतुलित कर रंगारंग प्रस्तुति देती हैं। मुखराई गांव आने वाले पर्यटकों को महज छह किलोमीटर की दूरी पर गोवर्धन, वृंदावन (20 किमी), बरसाना (26 किमी) और कृष्ण जन्मभूमि (25 किमी) जैसे धार्मिक स्थल देखने को मिलते हैं। मंत्री ने बताया कि मुखराई गांव में कई होम स्टे विकसित हो चुके हैं, जहां पर्यटकों को रहने के साथ, गांव के पारंपरिक व्यंजन का आनंद भी मिलता है।

वृंदावन आने वाले पर्यटक अब केवल धार्मिक स्थलों तक ही सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि उन्हें गांव की सुंदरता और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आनंद लेने का अवसर मिलेगा। मुखराई के प्रधान जगदीश प्रसाद ने बताया हमारे यहां आने वाले पर्यटकों को पारंपरिक पोशाक बनते देखने और स्वयं बनाने का अनुभव प्राप्त होता है। जयवीर सिंह ने बताया कि जैत गांव की प्रधान ममता देवी ने बताया, कि हमारे यहां सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनको स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है।

# सपा प्रजापति समाज का सम्मान करती है



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय लखनऊ में गुरुवार को प्रजापति समाज के आराध्य महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती सादगी से मनायी गयी। उनके चित्र पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने माल्यार्पण कर नमन किया। पौराणिक और आध्यात्मिक कथाओं के अनुसार ब्रह्मा जी के पहले मानस पुत्र दक्ष प्रजापति को प्रजापति समाज अपना पूर्वज मानता है। पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने 1994 में कुम्हार जाति को प्रजापति लिखने का सम्मान दिया था। अखिलेश यादव ने प्रजापति समाज को नाम, सम्मान व पहचान देने का काम किया। महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा कि सपा सभी वर्गों के साथ प्रजापति समाज का भी सम्मान करती है। कार्यक्रम संयोजक राष्ट्रीय सचिव पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री रमेश प्रजापति थे।

# लोकतंत्र की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन के साथ है लोकदल

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने आगामी बिहार चुनाव को लेकर कहा है कि लोकसभा चुनावों में जिस प्रकार इंडिया गठबंधन में तीसरी सबसे बड़ा पार्टी ने निर्णायक और सशक्त भूमिका निभायी, उसी प्रकार अब आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में भी लोकदल पूरी प्रतिबद्धता के साथ इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर लोकतंत्र की रक्षा करेगा। लोकदल का विश्वास है कि बिहार की जनता सच का साथ देगी और लोकतंत्र को बचाने के इस संघर्ष में निर्णायक भूमिका निभाएगी। सुनील सिंह ने कहा है कि बिहार चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का स्वागत करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि बिहार में जो भी गड़बड़ियां हुई हैं, उनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

# प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह बेपटरी : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह पटरी से उतर गई हैं। डिप्टी सीएम की नजर अपने विभाग के बजाय मुख्यमंत्री की कुर्सी पर होने की वजह से हर तरफ मनमानी और बदहाली दिखाई दे रही है। अचरज तो यह है कि उनकी सरकार में बिना खून निकाले रिपोर्ट देने का तरीका भी खोज लिया गया है। कानपुर में दो सीएमओ एक कुर्सी पर झगड़ पड़े तो पुलिस बुलानी पड़ गई। डीसीएम साहब अपनी नाकामी छुपाने के लिए छापेबाजी करके बैठ जाते है। असर कुछ होता नहीं है।

अभी पिछले दिनों डिप्टी साहब गोंडा के मेडिकल कॉलेज गए जहां हर तरफ अव्यवस्था थी। अस्पताल में डॉक्टर जींस-टीशर्ट में थे। मरीजों ने बताया कि अस्पताल में भर्ती मरीजों को चादर भी नहीं मिलती है। घर की शाल और कम्बल बिछाकर मरीज लेटे दिखाई पड़े। मंत्री ने फटकार तो बहुत लगाई पर उनके 37 मिनट के दौरे के बाद कुछ भी नहीं बदला अस्पताल अपने ढर्रे पर आ गया। झांसी में महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में जमीन पर बैठे मरीज को ड्रिप चढ़ाए जाने का दृश्य सोशल मीडिया पर भी वायरल हो चुका है। जगदीशपुर अमेठी में इकलौता ट्रामा सेंटर कहने भर को इमर्जेंसी सेवाएं देने के लिए है जबकि यहां प्राथमिक उपचार की भी सही व्यवस्था नहीं है। खुद राजधानी लखनऊ में भी स्वास्थ्य सेवाओं की दशा ठीक नहीं कही जा सकती है। वेंटिलेटर होते हुए भी मरीजों की जाने जाती है। बेड होते हुए भी मरीज स्ट्रेचर पर इलाज कराते हैं। गंभीर मरीजों को भी एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल रेफर करने का खेल बंद नहीं हो रहा है।

## विश्व युवा कौशल दिवस पर 15-16 को लखनऊ में आयोजित होगा कौशल मेला

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विश्व युवा कौशल दिवस-2025 के सुअवसर पर 15 व 16 जुलाई को दो दिवसीय भव्य कौशल मेला आयोजित किया जाएगा। इस मेले का आयोजन उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा किया जा रहा है, जिसका संचालन प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में किया जा रहा है।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के कौशल युक्त युवा, सशक्त भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# बसपा पिछड़ों को जोड़ने के लिए चलायेगी अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी से पिछड़ों को जोड़ने के लिए गांवों में घर-घर दस्तक देने का अभियान चलाया जाएगा। गांवों में आयोजित होने वाली भाईचारा कमेटी की बैठकों में मायावती सरकार में पिछड़ों और दलित के हितों में किए गए कामों को बताया जाएगा। बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय पर भाईचारा कमेटी बैठक के बारे में जानकारी प्राप्त की और अभियान को और तेज करने के निर्देश दिए हैं। बसपा संस्थापक कांशीराम ने उत्तर प्रदेश में पार्टी को स्थापित करने के लिए भाईचारा कमेटियों का गठन किया था। इन कमेटियों के सहारे घर-घर पहुंचने का काम किया गया। इसी भाईचारा कमेटी के दम पर बसपा वर्ष 2007 में अपने दम पर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में सफल हुई थी। बसपा का ग्राफ वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव के बाद से लगातार गिर रहा है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने फिर से भाईचारा कमेटियों के गठन का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि इन कमेटियों में खासकर दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को जोड़ा जाए। इसका प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल को बनाया गया है। उनकी देखरेख में प्रदेशभर में भाईचारा कमेटियां काम कर रही हैं। गांव-गांव चौपाल लगाया जा रहा है। इसमें इस समाज और खासकर पिछड़ों को बुलाया जा रहा है। उन्हें पार्टी की रीति, नीति की जानकारी देने के साथ ही बसपा सरकार के कामों को बताया जा रहा है। भाईचारा कमेटियां पिछड़े समाज की महिलाओं को भी जागरूक करने का काम कर रही हैं। मायावती स्वयं इसका लगातार फीड बैक प्राप्त कर रही हैं। बसपा चाहती है कि भाईचारा कमेटियों को पंचायत चुनाव की तैयारियों का भी निर्देश दिया गया है।

## खरीफ फसलों के लिए 31 जुलाई तक फसल बीमा करा सकते हैं किसान

**लखनऊ।** डबल इंजन सरकार किसानों के हर संकट में सारथी बन रही है। सरकार किसानों को फसलों से संबंधी नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए सदैव तत्पर है। धान, ज्वार, बाजरा, मक्का, उर्द, मूग, अरहर, मूंगफली, सोयाबीन एवं तिल का बीमा कराने के लिए तिथि तय की गई है। किसान 31 जुलाई तक फसलों की बीमा करा सकते हैं। क्षतिपूर्ति के साथ-साथ पंजीकरण में मदद, दस्तावेज संबंधी मार्गदर्शन के लिए किसान फसल बीमा हेल्प लाइन नम्बर-14447 पर संपर्क कर सकते हैं। गौरतलब है कि खरीफ फसलों के लिए बीमा का प्रीमियम दो फीसदी किसानों एवं शेष धनराशि का केंद्र. राज्य सरकार द्वारा भुगतान किया जाता है। इस संबंध में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किसानों से अपील की है कि सभी किसान इस बीमा योजना का लाभ उठाएं।

# युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए द गोट ट्रस्ट पशुपालन का प्रशिक्षण देगा

**लखनऊ।** भारत सरकार की मेक इन इंडिया योजना के अंतर्गत युवा पीढ़ी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए द गोट ट्रस्ट युवाओं को पशुपालन का प्रशिक्षण देगा। प्रो. संजीव कुमार ने गुरुवार अंतर्राष्ट्रीय बकरी प्रबंधन संस्थान-द गोट ट्रस्ट, रसूलपुर में बताया कि युवाओं को रोजगारपरक व्यवसाय से जोड़ने की दिशा में द गोट ट्रस्ट कौशल संस्थान पशुपालन क्षेत्र में एक से तीन वर्ष का प्रशिक्षण देगा। प्रशिक्षण के उपरान्त प्रतिभागियों को संस्था द्वारा स्थायी रोजगार भी प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें एक सम्मानजनक आय भी प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय बकरी प्रबंधन संस्थान-द गोट ट्रस्ट कौशल संस्थान युवाओं को कृषि विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान और स्वास्थ्य क्षेत्र में तीन से छह माह का प्रशिक्षण प्रदान करेगा। यह सभी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम विगत वर्षों से पूरे भारतवर्ष में संचालित किया जा रहा है, जो वर्तमान में भारत के 17 राज्यों में अपने 7 प्रमुख प्रशिक्षण संस्थानों के साथ स्थापित और प्रभावशाली रूप में कार्यरत है।



# यूपी अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो का हैदराबाद में रोड शो आज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो, 2025 के तीसरे संस्करण के तहत प्रदेश सरकार भारत के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में भव्य रोड शो का आयोजन कर रही है और इस दिशा में अगला रोड शो शुक्रवार को हैदराबाद में होने जा रहा है। सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि हैदराबाद में उत्तर प्रदेश की वैश्विक कारोबारी ताकत की झलक देखने को मिलेगी। यह रोड शो व्यापार, निवेश, निर्यात और नवाचार के क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश की क्षमताओं को देश के दक्षिणी राज्यों के सामने प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करेगा। इस रोड शो में टीम योगी की ओर से एमएसएमई, खादी और ग्रामोद्योग और हथकरघा एवं कपड़ा मंत्री राकेश सचान, योगी सरकार का दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे। इस मेगा रोड शो का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के निर्यात दृष्टिकोण-2025 को देश के सामने स्पष्ट रूप से पेश करना है। इसमें विदेशी राजनयिकों, दूतावास अधिकारियों, अंतरराष्ट्रीय खरीदारों, व्यापार संगठनों, उद्योगपतियों और स्टार्टअप प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। रोड शो में उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि इस राज्य की कारोबारी प्रगति, अधोसंरचनात्मक विकास, निवेश के लिए अनुकूल माहौल और नीति-सहायक वातावरण का समग्र चित्र प्रस्तुत करेंगे।

# पशु रोग अनुसंधान, निदान और सेवाओं के विस्तार के लिए 6 करोड़ स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना के तहत पशु रोग अनुसंधान तथा निदान और सेवाओं के विस्तार के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में 6 करोड़ मात्र रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। शासनादेश में सभी मुख्य पशुचिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण एवं व्यय भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा एससीएसपी/टीएसपी के लिए निर्धारित मानकों/अनुमोदित कार्ययोजना एवं निर्धारित मदों में योजना के लिए निर्धारित गाइडलाइन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए व्यय विवरण सहित उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

# धूमधाम से मनाया गया रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जन्मदिन

## राजधानी में जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने विभिन्न सामाजिक और धार्मिक आयोजन कर मनाया जन्मदिन

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** केंद्रीय रक्षा मंत्री व लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह का जन्मदिन बृहस्पतिवार को संसदीय क्षेत्र लखनऊ में भी बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना करते हुए पूजा अर्चना की गयी।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में लखनऊ महानगर द्वारा भी हनुमान सेतु मंदिर में सुंदरकांड पाठ सहित विभिन्न आयोजन किये गये। हनुमान सेतु मंदिर पार्किंग स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक नोएडा पंकज सिंह, डॉ महेंद्र सिंह, कमलेश मिश्रा, मुकेश शर्मा, विधायक डॉ. नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव द्वारा सुंदरकांड पाठ व आरती पूजन के बाद अतिथियों द्वारा विशेष रूप से बनवाये गये 74 किलो के बड़े लड्डू का केक काटा गया और प्रसाद वितरण किया गया। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने अतिथियों को तुलसी की माला, अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह के रूप में तलवार भेंट की। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता और हमारे जैसे लाखों कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक का आज जन्मदिन है और प्रदेश के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की ओर से उनके दीघार्यु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। भारत माता की सेवा करने का जो उन्होंने संकल्प लिया है उस संकल्प के साथ सेवा में अनवरत आगे बढ़ते रहे प्रभु से प्रार्थना है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश में शिक्षा मंत्री के रूप में नकल अध्यादेश लाकर उत्तर प्रदेश के युवाओं की शिक्षा को एक नई दिशा दी। उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी के रूप में ऐसा रत्न प्राप्त हुआ जिनकी सेवाओं से पूरा विश्व अवगत है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अटल जी ने लखनऊ में विकास का जो सपना देखा था उसे राजनाथ सिंह पूरा करने का कार्य कर रहे है। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि राजनाथ सिंह के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा के अत्यंत वरिष्ठ 70 वर्ष आयु से अधिक के 11 कार्यकर्ताओं और 11 स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान व अभिनंदन भी किया गया। चार धर्म गुरुओं का भी सम्मान व अभिनंदन किया गया। सम्मानित वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में मनोहर सिंह, संयुक्ता भाटिया, ब्रज किशोर द्विवेदी, सुशील भट्ट, विनोद सोनकर, रामचंद्र चौरसिया, जीएन सेठ, राजेंद्र श्रीवास्तव, पुरुषोत्तम पुरी, बिंदेश्वरी जायसवाल, प्रेम सिंह रावत को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, पार्षद गणों और महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा 74 बड़े दीप जलाए गए और आरती पूजन करके एवं ईश्वर से राजनाथ सिंह के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना की गयी। क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कार्यक्रम समापन पर सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि रक्षामंत्री के जन्मदिन के अवसर पर उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीघार्यु जीवन के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। रक्षा मंत्री के नेतृत्व में सेना का मनोबल ऊंचा रहा है व भारतीय सेना का आधुनिकीकरण हुआ है।

# पुलिस मुख्यालय के पास 51 एकड़ में फ्लावर वैली बनाएगा एलडीए

## ईको टूरिज्म का बनेगा नया केन्द्र, हर मौसम में फूल खिलेंगे

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण शहीद पथ पर पुलिस मुख्यालय के पास 10 करोड़ रुपये की लागत से फ्लावर वैली बनाएगा। लगभग पांच एकड़ क्षेत्रफल में विकसित की जाने वाली फ्लावर वैली में फूलदार पेड़-पौधों के साथ वॉटर बॉडी, ऑब्जर्वेशन टॉवर, स्टेप्ड लैंडस्केप, मून गेट, फ्लोटिंग आईलैंड ब्रिज होंगे। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने गुरुवार को स्थल निरीक्षण करके परियोजना का काम शुरू कराने के निर्देश दिये।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के पास ग्रीन बेल्ट की 05 एकड़ भूमि पर फ्लावर वैली बनायी जाएगी। इसके लिए आर्किटेक्ट, हॉर्टीकल्चर व लैंड स्केप आर्टिस्ट की टीम से परियोजना की रूपरेखा तैयार करायी गयी है और अब टेंडर कराकर कार्य शुरू कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फ्लावर वैली में विभिन्न प्रजातियों के पेड़-पौधे लगाये जाएंगे, जिनमें हर मौसम में फूल खिलेंगे। इसके अलावा यहां वॉटर बॉडी, ऑब्जर्वेशन टॉवर, स्टेप्ड लैंडस्केप, मून गेट, फ्लोटिंग आईलैंड ब्रिज, रूट ब्रिज व पवेलियन आदि का कार्य कराया जाएगा। फ्लावर वैली की आकर्षक डिजाइन व खूबसूरती लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगी और यह शहर में ईको टूरिज्म का नया केन्द्र बनेगी। उन्होंने बताया कि परियोजना पर लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इस क्रम में शहीद पथ पर पुलिस मुख्यालय के पीछे ग्राम-मलेशेमऊ की 51 एकड़ अर्जित भूमि का भी निरीक्षण किया गया। वर्तमान में जमीन की सर्फेस ड्रेसिंग, साफ-सफाई व सड़क का कार्य कराया जा रहा है। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि यहां पीपीपी मोड पर लगभग 2500 करोड़ रुपये की लागत से ग्रुप हाउसिंग विकसित की जाएगी, जहां लगभग 4,000 परिवारों को विश्वस्तरीय आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी। योजना को तीन क्लस्टर में विकसित किया जाएगा, जिसमें अपार्टमेंट के कई टावर बनेंगे। इसमें 01 बीएचके से लेकर 04 बीएचके फ्लैट्स व पेंट हाउस निर्मित किये जाएंगे। साथ ही ईडब्ल्यूएस व एलआईजी श्रेणी के भवन भी बनाये जाएंगे। गोमती नदी के किनारे होने से सभी अपार्टमेंट रिवर व्यू होंगे। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट विकसित करने के लिए इसी महीने आरएफपी आमंत्रित कर दी जाएगी।

### लालबाग कार्यालय के रिकॉर्ड में रखी 1.70 लाख फाइलें होंगी डिजिटाइज

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने लालबाग स्थित प्राधिकरण के पुराने कार्यालय का निरीक्षण किया। यहां रिकॉर्ड में रखी नजूल, ट्रस्ट, मानचित्र व सम्पत्ति की 1 लाख 70 हजार फाइलों को उपाध्यक्ष ने स्कैन कराकर डिजिटाइज कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि डिजिटाइजेशन कराने के बाद इनमें से निष्प्रयोज्य फाइलों को नियमानुसार निस्तारित कराया जाए। इसके अलावा कबाड़ हो चुके फर्नीचर समेत अन्य वस्तुओं को नीलामी के माध्यम से डिस्पोज कराया जाए। उपाध्यक्ष ने निर्देश दिये कि रिकॉर्ड को व्यवस्थित करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों व ऑपरेटरों की ड्यूटी लगायी जाए। इस मौके पर मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा, अधिशासी अभियंता अजीत कुमार एवं मनोज सागर व उप सचिव माधवेश कुमार समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

### चटोरी गली में डिजाइनिंग कैनोपी, लोहिया पार्क में सीट व स्ट्रीट लाइटें लगेंगी

मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने लोहिया पार्क में निर्माणधीन कार्यों व हॉर्टिकल्चर के किये गये कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हुए कहा कि टूटी सीढ़ियों के टाइल्स, टूटे ड्रेन व टूटे वाक-वे के टाइल्स की तत्काल मरम्मत करा लिया जाए। उन्होंने कहा पार्क में जो लाइटिंग खराब हो गई है बदलकर नई लाइटें और लाइटों की संख्या में बढ़ोतरी किया जाए। पार्क में बैठने के लिए अच्छी गुणवत्ता की सिटिंग की व्यवस्थित किया जाए। उन्होंने लोहिया पार्क में री-डिजाइनिंग किए गए हेल्दी फ्रूट, कॉफी कॉर्नर व पराग कैफेट एरिया का जायजा लिया। मंडलायुक्त ने चटोरी गली का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि चटोरी गली में डिजाइनिंग केनोपी लगाया जाए। वेंडरों को नंबरिंग करते हुए व्यवस्थित किया जाए और संबंधित स्थान पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। चटोरी गली में हाई मास्क लाइट लगाया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बाहर खड़ी गाड़ियों को पार्किंग में पार्क कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिससे आवागमन सुचार एवं सुदृढ़ रूप से चलता रहे। पुलिस व एलडीए के गार्ड की उक्त स्थान पर ड्यूटी लगाया जाए जो कि पार्किंग स्थल में समस्त गाड़ियां व्यवस्थित रूप से पार्क कराये।

# यूपी एससीआर के लोगो डिजाइन के लिए प्रतियोगिता करायेगा एलडीए

विशेष संवाददाता (vol)

- देश भर से हिस्सा ले सकेंगे लोग, विजेता को मिलेगी 25 हजार रुपये की पुरस्कार राशि
- आज से 22 जुलाई तक ई-मेल पर लोगो डिजाइन भेज सकेंगे लोग, 30 को घोषित होगा परिणाम

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने उत्तर प्रदेश स्टेट कैपिटल रीजन के लोगो डिजाइन के लिए प्रतियोगिता आयोजित की है। इस प्रतियोगिता में देश भर से लोग हिस्सा ले सकेंगे और जिस प्रतिभागी की डिजाइन को लोगो के रूप में चयनित किया जाएगा, उसे 25 हजार रुपये की पुरस्कार राशि मिलेगी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप लखनऊ, उन्नाव, रायबरेली, बाराबंकी, सीतापुर व हरदोई को यूपीएससीआर के रूप में विकसित किया जाना है, जिसका क्षेत्रफल 26,741 वर्गकिलोमीटर होगा। यूपीएससीआर के लिए जीआईएस आधारित क्षेत्रीय महायोजना तैयार करने के लिए कंसल्टेंट के रूप में एईकॉम इंडिया प्रालि. एवं एजीस इंडिया कन्सल्टिंग इंजीनियर्स प्रालि. के कंसोर्टियम का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि 71 करोड़ रुपये की लागत से 01 वर्ष में इसका रीजनल प्लान तैयार किया जाएगा। जिसके बाद रीजनल प्लान के मुताबिक परियोजनाओं की डीपीआर तैयार करते हुए इन्हें धरातल पर उतारने का काम किया जाएगा। इसके लिए वर्ल्ड बैंक ने भी सहयोग प्रदान करने की सहमति दी है। उपाध्यक्ष ने बताया कि यूपीएससीआर के लोगो की डिजाइन निर्धारित की जानी है। लोगो डिजाइन बेहद खास और आकर्षक हो, इसके लिए प्राधिकरण द्वारा खुली प्रतियोगिता आयोजित की गयी है।

जिसमें देश भर से 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोग हिस्सा ले सकेंगे। इस प्रतियोगिता में किसी भी तरह की कोई इंट्री फीस नहीं रखी गयी है। ऐसे में कला में रूचि रखने वाले सभी नागरिक अथवा संस्था प्रतियोगिता में आसानी से हिस्सा ले सकेंगे।

# अनंत नगर योजना में आज से फिर खुलेंगे भूखंडों के पंजीकरण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अनंत नगर योजना(मोहान रोड) में पंजीकरण कराने का दूसरा चरण शुक्रवार से शुरू हो रहा है। योजना के आदर्श खंड के 332 भूखंडों के लिए पंजीकरण खुलेंगे। पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी तरह आनलाइन होगी व पंजीकृत आवेदकों के मध्य भूखंडों का आवंटन लाटरी के माध्यम से किया जाएगा। खुद के आशियाने का इंतजार कर रहे लोगों के लिए यह अच्छी खबर है।

योजना के द्वितीय चरण में आदर्श खंड के शेष 332 भूखंडों के लिए 11 जुलाई से 10 अगस्त तक आनलाइन पंजीकरण होगा। इसमें आवेदन करने के लिए लोगों को योजना की वेबसाइट पर लागइन करके पंजीकरण पुस्तिका खरीदनी होगी। भूखंड की अनुमानित धनराशि की पांच प्रतिशत पंजीकरण धनराशि जमा कराके रजिस्ट्रेशन कराना होगा। पंजीकरण कराने वाले आवेदकों के मध्य भूखंडों का आवंटन पारदर्शी प्रक्रिया के तहत लाटरी के माध्यम से किया जाएगा। द्वितीय चरण में 450 वर्गमीटर के 19, 288 वर्गमीटर के 105, 200 वर्गमीटर के 50, 162 वर्गमीटर के 37 और 112.5 वर्गमीटर क्षेत्रफल के 121 भूखंडों के लिए पंजीकरण किया जा सकता है। योजना के प्रथम चरण में 334 भूखंडों के लिए चार अप्रैल से पांच मई के मध्य आनलाइन पंजीकरण खोला गया था, जिसमें 13,031 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराकर प्रतिभाग किया था। 10 से 13 जून के बीच इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में लाटरी कराकर लोगों को भूखंड आवंटित किए गए। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया, मोहान रोड पर 785 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित की जा रही अनंत नगर योजना में लगभग डेढ़ लाख लोगों के आशियाने का सपना साकार होगा।

योजना का विकास अंतरराष्ट्रीय मानकों के तहत ग्रिड पैटर्न पर किया जा रहा है। जिसमें चौड़ी सड़कों के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए भूमिगत केबल बिछाई जाएगी।

# यूपी में डेढ़ लाख मत्स्य किसानों को मिल रहा है रोजगार

## सामूहिक प्रयास से समाज का होता है सर्वांगीण विकास

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राष्ट्रीय मछुआरा दिवस पर सहकार भारती उत्तर प्रदेश का प्रादेशिक सम्मेलन चौधरी चरण सिंह सभागार सहकारिता भवन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर सहकार भारती की ओर से रचित मछुआरा संगीतबद्ध गीत को मुख्य अतिथि ने लांच किया। मुख्य अतिथि सहकार भारती के राष्ट्रीय महामंत्री दीपक चौरसिया ने कहा जब कोई व्यक्ति स्वयं विकास करता है तो अपने लोगों को ही वह विकसित करता है, जब वह सामूहिक प्रयास करके विकास करता है तो वह समाज का सर्वांगीण विकास करता है। सहकारिता एक ऐसा ही माध्यम है जो सामूहिक रूप से समाज को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य करता है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जयंती भाई केवट राष्ट्रीय प्रमुख मत्स्य सहकारी प्रकोष्ठ सहकार भारती ने कहा जहां जल है वहां मछुआरा है, हमारा संबंध जल से है और जल-जीवन है। मत्स्यक पूजक समाज के लोग स्वाभिमान के साथ अपने जीवन को समृद्धि बनाने के लिए अपने पारंपरिक व्यवसाय को सामूहिक रूप से संगठित होकर सहकारिता के माध्यम से कार्य करते हैं तो आर्थिक व सामाजिक रूप से मजबूत होंगे। सहकार भारती और देश के प्रधानमंत्री का एकमात्र सपना है कि देश का हर व्यक्ति सर्वांगीण विकास करें आर्थिक रूप से सक्षम हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार सिंह ने कहा आर्थिक और सामाजिक रूप से जिनकी स्थिति ठीक नहीं है ऐसे लोगों को आर्थिक और सामाजिक स्वालंबी बनाने की दिशा में लक्ष्मण राव इनामदार ने सहकारिता का गठन किया था। आज देश भर में 28 राज्यों के 650 जिले में सहकार भारती कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश के लगभग डेढ़ लाख मत्स्य किसानों को रोजगार मिल रहा है यह सहकारिता का ही देन है। प्रदेश महामंत्री श्री अरविन्द दुबे ने कहा राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस हमें यह सिखाता है कि भारत की समृद्धि केवल खेतों की हरियाली से नही, बल्कि जल की गहराईयों में हो रहे परिश्रम से भी बनती है। मछली केवल भोजन ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य, रोजगार और आत्मनिर्भरता का माध्यम है।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र को प्रदेश उपाध्यक्ष डीपी पाठक, नागेन्द्र सिंह, उप निदेशक, एनसीडीसी, राम अवध उप निदेशक मत्स्य विभाग मुख्यालय लखनऊ और डॉ. ताराचंद कुमावत वैज्ञानिक आईसीएआर-एनबीएफजीआर आदि ने सम्बोधित किया।

# सिटी बस की लोकेशन होगी आनलाइन

**लखनऊ।** सिटी बस कहा पर है और कितनी देर में आयेगी इसकी जानकारी अब आनलाईन भी मिल सकेगी। इससे यात्री अपने मन मुताबिक बस स्टैंड पर जा सकेगा।

जिले में सिटी बस कब आ रही है और कब जा रही है इसकी सटीक जानकारी नही होने से कभी बस खाली तो कभी यात्रियों से भर कर जाती है। गुरुवार को लखनऊ के क्षेत्रिय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने कहा कि सिटी बस का लोकेशन पहले से चल रही है लेकिन कुछ बसो में अभी शुरु किया गया है अब इसकी देख रेख के लिए प्रभारी बनाया गया है।

दुबग्गा से लेकर सरोजनीनगर और गोमतीनगर से मलिहाबाद तक सिटी बस का संचालन होता है। ऐसे में कई यात्री बस देरी से आने पर दो घण्टे से अधिक इंतजार करके चले जाते है और उनके जाते ही बस आ जाती है।

# भाजपा में घमासान, कार्यकारिणी चुनाव नहीं है आसान

**लखनऊ।** नगर निगम कार्यकारिणी के छह पदों के लिए होने वाले चुनाव को लेकर भाजपा में अभी भी घमासान मचा हुआ है। हाल यह है कि एक महीने बाद भी सदस्यों के चुनाव को लेकर सदन की बैठक नहीं बुलाई जा सकी है। कार्यकारिणी अधूरी होने के सड़कों की मरम्मत के लिए बजट, किराए की सम्पत्तियों को वैध करने क लिए समिति की रिपोर्ट तथा नामांतरण पॉलिसी की नई नीति को लागू करने सहित कई काम नहीं हो पा रहे हैं। नगर निगम कार्यकारिणी के छह सदस्य एक जून को रिटायर हो चुके हैं। जिनकी जगह पर नए सदस्यों का चुनाव होना है। चुनाव निर्विरोध हो उसको लेकर भाजपा पांच और सपा एक पद पर चुनाव लड़ाना चाहती है। दोनों दलों के इतने ही सदस्य रिटायर भी हुए हैं लेकिन दस दिन पहले भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की ओर से कार्यकारिणी चुनाव को लेकर छह पार्षदों के नाम तय किए गए और यह शर्त लगाई गई कि लड़ेंगे पांच ही। जो पांच लड़ेंगे उनके नाम महापौर तय करेंगी। इस विवाद के बाद एक जुलाई को होने वाला कार्यकारिणी चुनाव टाल दिया गया था। उसके बाद 10 दिन गुजर गए मगर भाजपा पांच नाम नहीं तय कर पाई। पार्टी में चल रही अंदरूनी खींचतान के कारण चुनाव फंस गया। कांग्रेस पार्षद दल की नेता ममता चौधरी का कहना है कि कार्यकारिणी का चुनाव कराकर नगर निगम सामान्य सदन की बैठक जल्द बुलाई जाए। बैठक न होने से नालों की सफाई, पेयजल किल्लत और मार्ग प्रकाश से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण में अफसर मनमानी कर रहे हैं। सदन की बैठक हो तो उनकी जवाबदेही तय की जाए। सपा पार्षद दल के नेता यावर हुसैन रेशू का कहना है कि बारिश में सड़कें खराब हो रही हैं उनके पैच वर्क की जरूरत है। महापौर सुषमा खर्कवाल का कहना है कि सदन की बैठक अगले सप्ताह में बुलायी जाएगी।

# स्पेस एक्सेलेरेटर प्रोग्राम में ले सकते हैं हिस्सा

**लखनऊ।** अमेजन वेब सर्विसेज ने एडब्लूएस स्पेस एक्सेलेरेटर एपीजे 2025 लॉन्च किया। यह प्रोग्राम एशिया पैसिफिक और जापान (एपीजे) में स्पेस टेक्नोलॉजी पर केंद्रित स्टार्टअप्स को सपोर्ट देने के लिए डिजाइन किया गया है। इसका उद्देश्य एशिया पैसिफिक क्षेत्र में इनोवेशन बढ़ाना और स्पेस इकोनॉमी में तेजी लाना है। इस एक्सेलेरेटर प्रोग्राम में 40 तक चयनित स्टार्टअप्स को समर्पित व्यवसायिक संसाधन, विशेषज्ञता और टेक्नोलॉजी एवं बिजनेस क्षमताओं का मार्गदर्शन दिया जाएगा, ताकि वो एडब्लूएस की मदद से अपने मिशन का निर्माण, विकास और विस्तार कर सकें। इस एक्सेलरेटर प्रोग्राम में स्पेस सेक्टर में काम कर रहे हर स्टेज के स्टार्टअप हिस्सा ले सकते हैं।

# यूपी के शहरों में विस्तार कर रहा कैरेटलेन

**लखनऊ।** ओमनी चैनल ज्वेलरी ब्रांड, कैरेटलेन उत्तर प्रदेश के शहरों में अपना विस्तार कर रही है। ब्रांड राज्य में अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंचने के लिए विशेष प्रयास कर रहा है। कैरेटलेन प्रदेश में 29 स्टोर खोल चुकी है। लखनऊ में कैरेटलेन के छह स्टोर हैं। कैरेटलेन के मैनेजिंग डायरेक्टर सौमेन भौमिक ने कहा, राज्य-भर में 15 नए स्टोर लॉन्च करके अब हम नए शहरों में कदम रख रहे हैं। आठ नए टियर-2 और टियर-3 शहर जौनपुर, आजमगढ़, रायबरेली, मुजफ़्फ़रनगर, सुल्तानपुर, गाजीपुर, आदि शामिल हैं। कैरेटलेन ने विमानन क्षेत्र की महिलाओं के लिए एक शानदार आभूषण रनवे लॉन्च किया है। जो भारत के विमानन उद्योग में अग्रणी निडर महिलाओं को एक भावभीनी श्रद्धांजलि है।

# व्यापारियों ने अतिक्रमण हटाने की मांग उठाई

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** व्यापारी समाज गुरुवार को शहर एवं प्रदेश की कानून व्यवस्था से सन्तुष्ट है लेकिन यातायात व्यवस्था शहर की चौपट है। लखनऊ में जब कमिश्नरेट लागू हुई थी तो व्यापारी वर्ग को आशा थी की शहर में सुगम यातायात व्यवस्था मिल पायेगी जिससे कारोबार में बृद्धि होगी, परन्तु यातायात व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ जैसे पहले था वैसे ही आज भी है। शहर ही प्रमुख बाजारों में जाम की स्थिति बनी हुई है जिससे पुरानी बाजारे अपना अस्तित्व खोती जा रहीं है। पूर्व में स्थानीय व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ प्रत्येक माह में एक बैठक होती थी जो कि कुछ समय से नहीं हो रही है इसे पुन बैठक होनी चाहिए जिससे स्थानीय समस्या हल हो सकेंगी। अमीनाबाद बाजार बहुत पुरानी बाजार है परन्तु पटरी दुकानदार के कारण वहां निकलना तक दूभर है जब कोई उच्चाधिकारी आते है तो बाजार साफ हो जाती है तो यह व्यवस्था प्रतिदिन क्यों नहीं लागू हो सकती है। यहियागंज बाजार में रकाबगंज चौराहे पर लगे सब्जी के ठेले एवं रेलवे लाइन के किनारे खाली पड़ी जगह पर 4 पहिया वाहन दिन रात खड़े रहते है जिसके कारण सुभाष मार्ग पर दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है ऐसे में एम्बुलेन्स तक निकलना दूभर रहता है इसे सब्जी के ठेले एवं खड़े वाहनो को हटाया जाय ताकि उस जगह पर लोडिंग अन लोडिंग का कार्य किया जा सके जिससे जाम की स्थिति समाप्त हो सके और रकाबगंज पुल पर ट्रॉफिक पुलिस की तैनाती की जाय। नक्खास बाजार में बराबर से 3-3 लाइने लगा ठेले रखें है।

# सांसद के जन्मदिवस पर 110 वार्ड में चला स्वच्छता अभियान

## मेयर को करामत मार्केट में मिली गंदगी, अफसरों को फटकार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के जन्मदिवस पर गुरुवार को नगर निगम ने पूरे शहर में महा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। इस विशेष अभियान के अंतर्गत महापौर सुषमा खर्कवाल ने आठों जोनों के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। मेयर ने खुद झाड़ू लगाकर हजरतगंज(अटल)चौराहे पर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा की सफाई कर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, जोनल अधिकारी ओ.पी. सिंह, व्यापारी संगठन के प्रतिनिधि व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

विराम खंड और विनीत खंड सहित कई वार्डों में सफाई हुई। भूतनाथ मार्केट में व्यापारियों ने भी श्रमदान किया। गोल मार्केट चौराहे और निशातगंज पुल के नीचे करामत मार्केट में गंदगी मिलने पर महापौर ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए तत्काल सफाई के निर्देश दिए। ठाकुरगंज क्षेत्र में महापौर ने सफाई अभियान का निरीक्षण किया। यहां नोडल अधिकारी मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह, जोनल अधिकारी मनोज यादव व नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। महापौर ने निर्देश दिए कि सभी कमर्शियल भवनों के बाहर डस्टबिन अनिवार्य रूप से लगवाए जाएं। ऐशबाग पीली कॉलोनी स्थित पार्क के पास सफाई हुई। कृष्णा नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया। हिंद नगर वार्ड, रिक्शा कॉलोनी में निरीक्षण किया गया, जहां नालों की सफाई सहित अन्य स्थानों पर स्वच्छता कार्य की समीक्षा की गई।

**लाला लाजपतराय वार्ड में हुआ कन्या पूजन :** लाला लाजपतराय वार्ड में पार्षद राघव राम तिवारी की ओर से कन्या पूजन एवं प्रसाद वितरण समारोह आयोजित किया गया। पार्षद कार्यालय पर आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डा. नीरज बोरा उपस्थित रहे। समारोह में 101 कन्याओं का पूजन, वंदन एवं अभिनंदन और प्रसाद वितरित किया गया।

**व्यापार मंडल ने धूमधाम से मनाया जन्मदिन :** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की ओर से कपूरथला मार्केट में जन्म दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं राजधानी के व्यापारी शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने एवं संगठन के पदाधिकारियों ने दीप जलाए तथा केक काटा और लोगों में मिष्ठान वितरण किया। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा राजनाथ सिंह व्यापारियों के हितैषी एवं देश की सीमाओं के रक्षक हैं।



# लखनऊ की ट्रैफिक व्यवस्था संभालेगी एआई : राजेश्वर सिंह

## विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने योगी आदित्यनाथ को लखनऊ के लिए एआई-आधारित आईटीएमएस का भेजा प्रस्ताव

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को स्मार्ट गवर्नेंस और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की दिशा में नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। डॉ. सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर राजधानी लखनऊ में एआई-आधारित इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) लागू करने की सिफारिश की है।

**क्यों जरूरी है एआई-आधारित ट्रैफिक मैनेजमेंट :** लखनऊ में आज 28 लाख से अधिक पंजीकृत वाहन हैं और 10 लाख के करीब वाहन प्रतिदिन प्रमुख चौराहों से गुजरते हैं। बढ़ते वाहनों के दबाव के कारण जाम, प्रदूषण और आपातकालीन सेवाओं में विलंब जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। डॉ. राजेश्वर सिंह के अनुसार इस प्रणाली की अनुपस्थिति के कारण ट्रैफिक जाम से हर साल 7,000 से 10,000 करोड़ रुपये तक का उत्पादकता नुकसान हो रहा है (नीति आयोग और ओआरएफ के अनुसार), पीएम 2.5 स्तर में भारी वृद्धि, जो सांस संबंधी बीमारियों और प्रदूषण का मुख्य कारण है। आपातकालीन सेवाओं की देरी, दुर्घटनाएं और तनाव में इजाफा, सड़क पर आपराधिक घटनाओं और असुरक्षा की स्थिति है।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने अमेरिका के अलेक्जेंड्रिया, बेंगलुरु, सूरत और नोएडा जैसे उदाहरणों का हवाला देते हुए बताया कि एआई-सक्षम ट्रैफिक सिस्टम से यातायात समय में 15-25% की कमी, प्रति कॉरिडोर 10 मिनट तक की बचत, ईंधन की खपत में 20% की कमी, जिससे सालाना 30 मिलियन मीट्रिक टन सीओ 2 उत्सर्जन में कटौती होगी। वहीं, आपातकालीन सेवाओं की प्रतिक्रिया समय में 30-40% तक सुधार, लॉजिस्टिक डिलीवरी में 10% सुधार, जिससे 11,000-13,000 करोड़ रुपये की सालाना बचत, डेटा-ड्रिवन प्लानिंग और कानून व्यवस्था का सशक्तीकरण, स्कूल बच्चों, साइकल चालकों और दिव्यांगजनों के लिए सुरक्षित यातायात मार्ग, मौजूदा सिग्नल प्रणाली के साथ आसान एकीकरण, बिना बड़े सिविल कार्यों के लाभ हो सकते हैं। इ लखनऊ के व्यस्त और रणनीतिक क्षेत्रों में पहले चरण के तहत, विधायक डॉ. सिंह द्वारा कई मार्गो पर पायलट परियोजना का प्रस्ताव रखा गया है। इसमें हजरतगंज - परिवर्तन चौक रोड, चारबाग - आलमबाग चौराहा, शहीद पथ - गोमतीनगर एक्सेस पॉइंट्स, अमीनाबाद - कैसरबाग जंक्शन, कानपुर रोड (ट्रांसपोर्ट नगर से कृष्णा नगर तक) और अवध क्रॉसिंग (सरोजनी नगर) और एनएच-27 के जुड़ाव बिंदु हैं। डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री को सुझाव दिया है कि इस परियोजना को स्मार्ट सिटी मिशन के तहत लागू किया जाए, जिसमें ट्रैफिक, प्रदूषण और आपातकालीन सेवाओं के मापदंडों पर आधारित पायलट परियोजना शुरू की जाए, परिवहन विभाग, यूपी पुलिस, एलडीए और तकनीकी विशेषज्ञों की हाई लेवल टास्क फोर्स का गठन किया जाए, सी-डेक-आईआईटी कानपुर जैसी तकनीकी संस्थाओं और निजी भागीदारों के साथ सहयोग, यूपी-112 आपातकालीन सेवा कमांड सेंटर के साथ एकीकरण, एएमआरयूटी 2.0 या स्टेट इनोवेशन काउंसिल के तहत अर्बन मोबिलिटी इनोवेशन फंड की स्थापना की गयी।

**भविष्यद्रष्टा दृष्टिकोण :** यूपी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कमीशन डॉ. राजेश्वर सिंह ने पहले ही मुख्यमंत्री को उत्तर प्रदेश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कमीशन के गठन का प्रस्ताव भेजा है, जो प्रदेश में एआई आधारित सरकारी सेवाओं के आधुनिकीकरण और तकनीकी नवाचार को गति देगा। उन्होंने इस प्रस्ताव की प्रति भी ट्रैफिक संबंधी पत्र के साथ संलग्न की है। डॉ. राजेश्वर सिंह का यह प्रस्ताव लखनऊ की ट्रैफिक व्यवस्था को न केवल आधुनिक बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम होगा, बल्कि यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डिजिटल, सुरक्षित और स्मार्ट उत्तर प्रदेश की परिकल्पना को भी साकार करेगा। यह प्रणाली नागरिकों को ट्रैफिक जाम और प्रदूषण से राहत दिलाने के साथ-साथ आपातकालीन सेवाओं की दक्षता बढ़ाने में भी मददगार सिद्ध होगी।

# रामनगर में पेयजल संकट पर बाल्टी लेकर प्रदर्शन

**लखनऊ।** सरदार पटेल रामजी लाल नगर वार्ड के रामनगर मोहल्ले में पानी की समस्या बनी हुई है। गुरुवार को पीने के लिए पानी न मिलने पर परेशान लोगों ने प्रदर्शन किया। यहां पिछले एक महीने से पानी की आपूर्ति ठप है। इससे नाराज स्थानीय निवासियों ने बाल्टियां लेकर सड़कों पर प्रदर्शन किया। लोगों ने जलकल विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। उनका आरोप था कि लगातार शिकायतों के बावजूद जलकल विभाग कुछ नहीं कर रहा है। नागरिकों का कहना है कि जलकल विभाग को बार-बार फोन करने और लिखित में शिकायत देने के बावजूद कोई समाधान नहीं हुआ। स्थानीय निवासी अवतार सिंह, देवेंद्र, राहुल, अमित मिश्रा और आशीष मिश्रा के मुताबिक उनके घरों में नल की टोंटियों में एक बूंद पानी नहीं आ रहा है। जलकल इंजीनियर मौके पर नहीं आ रहे हैं। सुबह-शाम पीने का पानी बड़ी मुश्किल से मिल पा रहा है। नहाने-धोने के लिए भी पानी की किल्लत बनी हुई है।

# मनकामेश्वर और बुद्धेश्वर की लाईट व्यवस्था सही हो : डीएम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डालीगंज स्थित मनकामेश्वर मंदिर पहुंच कर डीएम ने मंदिर तक के रूट का भ्रमण किया। नगर निगम को निर्देश दिए गए की मंदिर के पहुंच मार्ग पर जो स्ट्रीट लाइट लगी है सबकी चेकिंग कराना सुनिश्चित किया जाए। जो लाइट खराब है उनको तत्काल बदलते हुए मार्ग प्रकाश की व्यापक व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर नगर मजिस्ट्रेट पंचम द्वारा बताया गया कि सावन के पर्व के दृष्टिगत बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते है। जिसके लिए बंधे के नीचे के रोड पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित होता है। केवल पैदल ही आवागमन होता है। साथ ही मंदिर गेट से मंदिर तक बैरीकेडिंग करके महिला और पुरुष श्रद्धालुओं की अलग अलग लाइन लगवा कर दर्शन कराया जाता है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा नगर निगम को निर्देश दिया कि मंदिर परिसर के आस पास साफ सफाई की पर्याप्त व्यवस्था को सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही निर्देश दिया कि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन के दृष्टिगत स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय करते हुए पार्किंग स्थलों को चिन्हित करते हुए पार्किंग प्लान और क्राउड मैनेजमेंट प्लान बनाना सुनिश्चित किया जाएं। चौराहे से मंदिर तक श्रद्धालुओं का आवागमन पैदल होता है। गेट नंबर 1 से एंट्री और गेट नंबर 3 से निकास है। प्रवेश गेट पर महिला पुरुष की अलग अलग लाइन लगा कर प्रवेश दिया जाता है। जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान संपूर्ण मंदिर परिसर का भी भ्रमण किया गया। भ्रमण करते हुए जिलाधिकारी द्वारा जोनल अधिकारी नगर निगम को साफ सफाई और मार्ग प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। मंदिर प्रांगण में कुछ पंखे कार्यशील नहीं थे जिसके सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि प्रांगण के पंखे, लाइट की चेकिंग करते हुए खराब पंखे और लाइट को बदलकर नए पंखे और लाइट लगवाना सुनिश्चित किया जाए।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# रिटायर्ड अपर आबकारी आयुक्त व सीएमओ समेत 11 से ठगे 4.41 करोड़




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शेयर ट्रेडिंग कंपनी केएपी ग्लोबल इंवेस्टमेंट कंपनी ने निवेश के नाम पर 11 लोगों से 4.41 करोड़ रुपये ठग लिए। पीड़ितों में रिटायर्ड अपर आबकारी आयुक्त, रिटायर्ड सीएमओ, प्रदेश सरकार के बड़े पद से रिटायर्ड और कारोबारी समेत अन्य लोग हैं। कंपनी निदेशक ने निवेश पर 120 दिन में करीब 20 प्रतिशत मुनाफे संग रुपये वापस करने का आश्वासन दिया था। तय समय बाद आरोपी कंपनी में ताला लगाकर गायब हो गया। एसीपी विभूतिखंड विनय द्विवेदी के निर्देश पर विभूतिखंड पुलिस ने पांच मामले दर्ज कर लिए हैं। गोमतीनगर के एल्डिको ग्रीन निवासी अपर आबकारी आयुक्त राजेंद्र प्रकाश सक्सेना ने बताया कि कुछ समय पहले कार बेचने के दौरान कुणाल मेहता से बात होती थी।

बातचीत में कुणाल ने बताया कि उनकी केएपी ग्लोबल इंवेस्टमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड नाम से एल्डिको कॉर्पोरेट टॉवर विभूतिखंड में शेयर ट्रेडिंग कंपनी है। कंपनी में निवेश पर धारकों को 20 प्रतिशत ब्याज दिया जाता है। आरोपी की लुभावनी बातों व जाली पेपर देखकर जाल में फंसे पीड़ित ने 2024 में 25 लाख, पत्नी ने 10 लाख निवेश किए। 20 प्रतिशत तिमाही ब्याज 76 हजार मिलने पर बेटे विनायक ने भी 12.50 लाख का निवेश किया। बेटे को भी ब्याज मिला। इसी दौरान आरोपी ने बताया कि हिमाद्री स्पेशियलिटी केमिकल्स लिमिटेड में निवेश पर 120 दिन में 18 प्रतिशत ब्यॉज के साथ रुपये मिलते है। इसपर राजेंद्र व बेटे ने 30 लाख का निवेश किया। तय समय बाद आरोपी ने टालमटोल शुरू कर दी। 77.50 लाख के निवेश के बाद पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ। वहीं, विक्रांत खंड-1 निवासी प्रदेश सरकार के रिटायर्ड अधिकारी अनूप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दिसंबर 2021 में परिचित उमेश ने कुणाल से मुलाकात करायी। बातचीत के बाद पीड़ित और उसकी पत्नी ने 1,38,10,950 रुपये का निवेश किया था। इसके साथ ही उनके रिटायर्ड सीएमओ मित्र डा. अनूप कुमार, उनकी पत्नी अर्चना, बेटे अर्चित, भतीजे संदीप कुमार व रिश्तेदार राजीव ने 1,87,84,000 रुपये निवेश किए थे। 2024 में अनूप ने बेटी की शादी के समय रुपये वापस मांगे तो आनाकानी की गयी। 3,25,94,950 रुपये के निवेश के बाद पीड़ितों को धोखाधड़ी का एहसास हुआ। उधर, डालीगंज के केसरीपुर निवासी सुरेंद्र कुमार अग्रवाल ने अक्टूबर 2024 में 10 लाख रुपये का निवेश किया था। कंपनी निदेशक ने 120 दिन में 20 प्रतिशत मुनाफे का झांसा देकर जाली एग्रीमेंट किया था। तय समय बाद आरोपी गायब है। इसके अलावा जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर-एफ स्थित रोहित ग्रैंड सोसाइटी निवासी मयंक शुक्ला ने बताया कि आरोपी निदेशक कुणाल मेहता ने शेयर में निवेश पर मुनाफे का झांसा दिया। उसके बाद एग्रीमेंट कर पीड़ित ने 15,91,700 रुपये का निवेश किया था। तय समय बाद संपर्क करने पर आनाकानी की गयी। वहीं, अलीगंज के विष्णुपुरी निवासी हिमांशी मिश्रा ने बताया कि केएपी ग्लोबल में अप्रैल 2024 में एचआर मैनेजर व सहायक निदेशक के पद पर नौकरी शुरू की थी। चार माह बाद उन्हें प्रमोशन देकर एसोसिएट निदेशक बना दिया गया। इसके बाद निदेशक कुणाल के कहने पर उन्होंने 12 लाख का निवेश किया था। दिसंबर में पीड़िता ने इस्तीफा दे दिया था। ईएमआई न आने पर पीड़िता ने संपर्क किया तो आश्वासन दिया गया। इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील कुमार सिंह ने बताया कि कुणाल मेहता, समीर अहमद, अभिषेक बाजपेयी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## लखनऊ एयरपोर्ट से भाग निकला साइबर ठग

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से बुधवार सुबह गुजरात पुलिस की अभिरक्षा से साइबर ठग फरार हो गया। तापी जिले की साइबर थाना पुलिस ने करीब दस माह पुराने साइबर ठगी के मामले में पीजीआई स्थित आकाश एंक्लेव में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया था।

ट्रांजिट रिमांड पर लेकर पुलिस गुजरात जाने के लिए एयरपोर्ट पहुंची। वहां आरोपी वाशरूम जाने की बात कहकर चकमा देकर गायब हो गया। साइबर थाने के उपनिरीक्षक ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। सब इंस्पेक्टर धीरज राघव भाई ने बताया कि आरोपी हर्ष के खिलाफ जनवरी माह में धोखाधड़ी, जालसाजी और आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। सर्विलांस की मदद से पता चला कि आरोपी हर्ष पीजीआई के वृंदावन कॉलोनी स्थित आकाश एंक्लेव में रह रहा है। इस पर उपनिरीक्षक धीरज राघव, साथी उपनिरीक्षक केआर पटेल, सिपाही विपुल लाभुभाई के साथ आरोपी की तलाश में लखनऊ पहुंचे। गुजरात पुलिस ने पीजीआई पुलिस की मदद से 8 जुलाई को आकाश एंक्लेव के डी2 फ्लैट नंबर-604 में दबिश देकर पकड़ा।

गुजरात पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट में 11 जुलाई की शाम 4 बजे तक की ट्रांजिट रिमांड मंजूर की थी। गुजरात पुलिस ने ट्रेन का टिकट कराया, पर टिकट कंफर्म नहीं हुआ। इस पर गुजरात पुलिस ने समय पर गुजरात पहुंचने के लिए 9 जुलाई की इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट (6ई 142) से टिकट बुक कराया। बुधवार सुबह 6 बजे गुजरात पुलिस अभिरक्षा में लेकर आरोपी अर्श उर्फ हर्ष को एयरपोर्ट पहुंची। सिपाही विपुल लाभुभाई और आरोपी अर्श उर्फ हर्ष चेकिंग कराकर आगे बढ़ गए। जबकि दोनों दरोगा धीरज व केआर पटेल की चेकिंग होने लगी। इसी बीच आरोपी हर्ष ने वॉशरूम जाने की बात कही तो सिपाही विपुल उसे वॉशरूम ले गया। सिपाही जैसे ही बैग रखने लगा, तभी आरोपी हर्ष चकमा देकर भाग निकला। आरोपी के भागने के बाद गुजरात पुलिस ने एयरपोर्ट पर खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। गुजरात पुलिस ने सरोजनीनगर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी हर्ष को इधर-उधर तलाशा पर कोई सुराग नहीं लग सका। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि उपनिरीक्षक धीरज राघवभाई बथवार की तहरीर पर आरोपी हर्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। एयरपोर्ट, परिसर व मुख्य मार्ग के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर सड़क हादसे में चालक की मौत




विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोसाईंगंज इलाके में बुधवार/ गुरुवार की रात करीब तीन बजे एक ट्रक खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गया। जिसमें एक ट्रक के चालक की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को को भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक गुजरात के जूनागढ़ के रहने वाले मनोज भाई (41) ट्रक चालक थे। बेटे करन ने बताया कि वह अपने पिता के साथ ट्रक में क्लीनर था पिता पुत्र ट्रक खाद बीज लेकर अयोध्या डिलीवरी देने के लिए जा रहे थे रास्ते में गोसाईंगंज के पूर्वांचल एक्सप्रेस टोल के पास मनोज भाई ने बुधवार रात 3 बजे ट्रक को खड़ा करके किसी काम से गया था वापस लौट कर जैसे ही वह ट्रक पर चढ रहे थे तभी पीछे से आ रहे ट्रक में टक्कर मार दी एवं काफी दूर तक वह घिसातता चला गया वहां मौजूद लोगों ने देखा तो दूसरे ट्रक वाले को को रोक एवं पुलिस वालों को जानकारी दी गई एंबुलेंस गंभीर रूप से घायल मनोज भाई को इलाज के लिए सीएचसी गोसाईगंज ले गई जहां डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। उनके परिवार में पत्नी सोनल तीन बच्चे हैं।

**सड़क हादसे में मौत के बाद चालक के खिलाफ मुकदमा दर्जः** नगराम के कुबहरा तमोरिया मार्ग पर बुधवार शाम ट्रैक्टर की चपेट में आकर घायल बाइक सवार की मौत मामले में मृतक के भाई द्वारा अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है । नगराम के तमोरिया गांव निवासी राम सुमिरन द्वारा नगराम थाने पर दी गई तहरीर के अनुसार बुधवार शाम करीब साढ़े पांच बजे उसका छोटा भाई शिव बरन (16) कुबहरा से सब्जी लेकर घर लौट रहा था कुबहरा तिराहा व कुबहरा गांव के बीच मिक्सर मशीन लेकर जारी रहे नीला सफेद स्वराज ट्रैक्टर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। सूचना पर पहुंची नगराम पुलिस द्वारा एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सी एच सी नगराम ले जाया गया था जहां डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया था । ए सी पी मोहनलाल गंज रजनीश वर्मा ने बताया कि मृतक के भाई द्वारा दी गई तहरीर पर अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। ट्रैक्टर बरामद कर अज्ञात चालक की तलाश की जा रही है ।

## नाबालिग लड़की को तस्करों ने बेचा, गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ पुलिस ने मानव तस्करी के एक बड़े गैंग का खुलासा किया है। गैंग से जुड़े 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 2 नाबालिग लड़कियों को बरामद किया है। इनमें से 16 साल की एक लड़की संत प्रेमानंद की भक्त है। वह उनसे मिलने वृंदावन भी जाने वाले थी। लेकिन, बदमाशों ने उसका ब्रेनवॉश कर किडनैप कर लिया। बाद में 50 हजार रुपए में बेच दिया। पुलिस गैंग के नेटवर्क की जांच कर रही है। पता चला है कि ये गैंग अब तक 15 लड़कियों को बेच चुका है।

पुलिस ने गुरुवार को शहडोल (मध्यप्रदेश) में रहने वाले संतोष साहू उर्फ डब्ल्यू और अजमेर (राजस्थान) के मनीष भंडारी उर्फ मोनू को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गुरुवार को शहडोल (मध्यप्रदेश) में रहने वाले संतोष साहू उर्फ डब्ल्यू और अजमेर (राजस्थान) के मनीष भंडारी उर्फ मोनू को गिरफ्तार किया।

डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया- कृष्णानगर इलाके में 30 जून को 16 साल की लड़की घर में बिना बताए कहीं चली गई थी। चारबाग रेलवे स्टेशन पर लड़की को हैरान-परेशान देखकर संतोष साहू उसके पास आया।




लड़की से बातचीत शुरू की और उसको विश्वास में ले लिया। जब लड़की ने उसको यह बताया कि वह संत प्रेमानंद की भक्त है और उनसे मिलना चाहती है। इस पर संतोष ने उसे संत से मिलाने का वादा किया। लड़की को अपने साथ चलने के लिए मना लिया। संतोष नाबालिग लड़की को पहले कानपुर लेकर गया। यहां से जरूरी काम बताकर अपने घर प्रयागराज ले जाकर रखा। इसके बाद मध्य प्रदेश के शहडोल ले जाकर 6 जुलाई को मनीष भंडारी उर्फ मोनू को 50 हजार रुपए में बेच दिया। जब नाबालिग लड़की को इस बात की भनक लगी तो उसने चीखना-चिल्लाना शुरू कर दिया। वहीं मनीष के साथ जाने से मना कर दिया। इस पर मनीष ने नाबालिग को वापस कर दिया। संतोष से 45000 रुपए भी वापस ले लिए। संतोष नाबालिग लड़की को लेकर वापस लखनऊ आया और मानक नगर स्टेशन पर छोड़कर भाग गया। यहां से पुलिस ने नाबालिग को बरामद कर लिया।

**सर्विलांस से पकड़ में आए बदमाशः** डीसीपी साउथ ने बताया- नाबालिग लड़की के परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस की 6 टीमें नाबालिग की तलाश कर रही थीं। उसको मानक नगर रेलवे स्टेशन से बरामद भी कर लिया गया था, लेकिन आरोपी फरार था। पुलिस ने आरोपी के मोबाइल को सर्विलांस पर रखा था। गुरुवार को सर्विलांस टीम से इंटेल मिला की आरोपी की लोकेशन लखनऊ के अवध चौराहे के पास है। सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने अवध चौराहे से शहडोल मध्यप्रदेश निवासी संतोष साहू उर्फ डब्ल्यू और अजमेर राजस्थान निवासी मनीष भंडारी उर्फ मोनू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी संतोष और मनीष से पूछताछ शुरू की तो उन्होंने बताया कि दोनों रायबरेली की एक और नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ लाए हैं। पुलिस ने एक होटल से नाबालिग लड़की को बरामद कर लिया।

**15 लड़कियों को बेच चुका है गैंगः** डीसीपी साउथ ने बताया- पूछताछ में पता चला कि साल संतोष और मनीष 2012 में एक दूसरे के कांटेक्ट में आये थे। सन्तोष साहू मासूम नाबालिग लड़कियों को बहला फुसलाकर अपने प्रेमजाल में फंसाता। इसके बाद उनको मनीष भंडारी को बेच देता था। 2012 से अब तक करीब 15 लड़कियों को बहलाफुसला कर बेच चुका है। मनीष भंडारी 50 हजार में इन लड़कियों को खरीदता था। इसके बाद इनको राजस्थान-हरियाणा में शादी के लिए लोगों को बेच देता था।

## होटल के कमरे में मृत मिला युवक, जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की आंशका

**लखनऊ।** चिनहट क्षेत्र के देवा रोड रघुनंदन आशियाना स्थित होटल मंगलम में एक युवक का शव कमरे में मिला। काफी देर तक युवक ने जब कमरा नहीं खोला तो होटल कर्मियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे की दूसरी चाबी दरवाजा खोला तो देखा कि युवक बेड पर औंधे मुंह पड़ा हुआ है।? मुंह से झाग निकल रहा था। आनन-फानन में पुलिस उसे राम मनोहर लोहिया अस्पताल लेकर गई जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।?

पुलिस के मुताबिक ४७/१, क्ले स्क्वायर कबीर मार्ग लखनऊ निवासी माधव मिश्रा (२९) पुत्र रामजी मिश्रा बुधवार को गुरुवार को होटल के कमरे में मृत पड़ा। बताया जा रहा है कि माधव बुधवार शाम से होटल में ठहरा था। गुरुवार को चेक आउट का समय होने पर होटल कर्मियों ने माधव को कई बार आवाज दी। कमरे के भीतर से कोई जवाब न मिलने पर चिनहट पुलिस को सूचना दी। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक कमरे की तलाशी ली गई, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। माधव के शरीर पर भी कोई जाहिरा के चोट नहीं मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि कोई जहरीला पदार्थ सेवन करने से माधव की मौत हुई है। जांच पड़ताल में जुटी पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण साफ हो सकेगा। मौत की सूचना घरवालों को दे दी गई है। माधव ने यह कदम क्यों उठाया इसके बारे में गहनता से छानबीन की जा रही है।

## मासूम के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र में बुधवार शाम को एक सात वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई। पड़ोसी गांव का युवक सुचित यादव इस घटना का आरोपी है। घटना के समय बच्ची ट्यूबवेल पर नहा रही थी। आरोपी उसे पास के खेत में बने कमरे में ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के साथ खेल रहे अन्य बच्चों को इस घटना का पता नहीं चला।

जब बच्ची लंबे समय तक घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश की। बच्ची बाद में बदहवास हालत में मिली। उसने परिजनों को पूरी घटना बताई। सूचना मिलते ही मलिहाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। पीड़िता को इलाज के लिए लखनऊ भेजा गया है। बच्ची कुछ दिन पहले ही अपनी मां के साथ नाना के घर आई थी। आरोपी सुचित यादव माधौपुर




का रहने वाला है। वह काकोरी के एक गांव में ट्यूबवेल पर नौकरी करता है। वह कुछ दिन पहले ही इस गांव में आया था। घटना को अंजाम देने के बाद वह भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। इस संबंध में मलिहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर दुष्कर्म, पास्को एक्ट, हरिजन एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**युवक पर चाकू से हमला करने का मामला आया सामने :** बिजनौर थाना क्षेत्र में बीते दिनों मामूली बात को लेकर एक युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। बिजनौर के मखदूमपुर कैथी निवासी मुनेश्वर के मुताबिक उसका पुराना घर गांव के अंदर है। जबकि गांव के बाहर नए मकान में काम चल रहा है। मुनेश्वर का कहना है कि बीती 6 जुलाई की शाम गांव के बाहर वाले घर पर लगे लेबरों को पैसा देने के लिए वह बाइक से अपने पुराने घर गया। जहां घर के बाहर बाइक खड़ी कर अंदर चला गया। आरोप है कि इसी बीच ई रिक्शा लेकर शराब के नशे में धुत निकले गांव के ही ओमकार ने ई-रिक्शा से टक्कर मारकर खड़ी बाइक गिरा दी। बाद में जब मुनेश्वर ने इस बारे में उससे पूछा तो दोनों के बीच विवाद हो गया। मुनेश्वर का आरोप है कि इस दौरान ओमकार की पत्नी रेशमा के अलावा उनके परिवार की पूनम, अनामिका, शिवदेवी, नैनसी, निशू और विमला ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी। इतना ही नहीं मुनेश्वर का आरोप है कि आरोपियों ने उसके ऊपर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह लहू लुहान हो गया। घायलावस्था में परिजनों ने उसे आशियाना स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज जारी है। वहीं इस मामले में बिजनौर प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राणा ने चाकू की घटना से इनकार करते हुए बताया कि दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हुई है। मुनेश्वर ई रिक्शा में गिरकर घायल हो गया था। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि मुनेश्वर की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाश्री हसि।

## प्लास्टिक फैक्ट्री में शार्ट सर्किट से लगी आग

**लखनऊ।** आलमबाग इलाके में बुधवार देर रात प्लास्टिक फैक्ट्री में शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। मौके पर पहुंचकर दमकल की पांच गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। फैक्ट्री में रखा सारा माल जलकर खाक हो गया। न्यू काशीराम कॉलोनी, हंसखेड़ा निवासी अवधेश यादव प्लाट नंबर- 2112 पर प्लास्टिक फैक्ट्री चलाते हैं। अवधेश ने दीपिका चौरसिया से प्लॉट किराए पर ले रखा है। बुधवार देर रात करीब 2 बजे फैक्ट्री में आग लग गई। अंदर मौजूद कर्मचारी धुंआ उठता देख बाहर भाग गए। इसके बाद फायर ब्रिगेड की सूचना दी। देखते ही आग ने विकराल रूप ले लिया। मौके पर आलमबाग फायर स्टेशन से दो गाड़ी पहुंची। टीम ने देखा कि तेज लपटों के साथ भीषण आग जल रही है। टीम राहत कार्य में जुट गई। आग को बढ़ता देख चौक फायर स्टेशन से दो, हजरतगंज से एक और सरोजनी नगर फायर स्टेशन से एक गाड़ी बुलाई। फायर कर्मियों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। फैक्ट्री के बगल में बस्तियां हैं। अगर फायर कर्मी समय रहते उस पर काबू नहीं पाते तो बगल की बस्तियों में आग फैल जाती। जिसके बाद आग पर काबू पाना मुश्किल हो जाता। जांच के दौरान आग लगने वजह शॉर्ट सर्किट सामने आई है।

## स्कूल विलय के विरुद्ध जनहित याचिका खारिज

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बीएसए के तहत आने वाले स्कूलों के विलय को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को गुरूवार को खारिज कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह की खंडपीठ ने ज्योति राजपूत की याचिका पर दिया। न्यायालय ने कहा कि इस विषय पर 7 जुलाई को एकल पीठ द्वारा निर्णय दिया जा चुका है जिसमें विलय के उक्त आदेश के विरुद्ध दाखिल याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था, वर्तमान जनहित याचिका में एकल पीठ के 7 जुलाई के उक्त निर्णय का कोई जिक्र नहीं है लिहाजा इलाहाबाद हाईकोर्ट रुल्स के प्रावधानों के तहत उक्त जनहित याचिका पर सुनवाई नहीं की जा सकती।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मूसेपुर विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी**

**पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26/** **दिनांक- 10.07.2025**

**अल्पकालीन निविदा**

मनरेगा योजना/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मूसेपुर के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्न निर्माण हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 17.07.2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बालू | प्रथम श्रेणी ईटा | रोड़ा 40 एम.एम. | सीमेन्ट बैग | गिट्टी | मौरंग | सरिया |
| 1 | ग्राम पंचायत मूसेपुर में उचित दर दुकान एवं जन सुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 3.29 घन मी. | 17452 नग | 1.06 घन मी. | 244 बैग | 21.56 घन मी. | 21.19 घन मी. | 12.41 कुं. |

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत मूसेपुर के कार्यालय में 11.07.2025 से 17.07.2025 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत मूसेपुर के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 11.07.2025 से दिनांक 17.07.2025 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत मूसेपुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 17.07.2025 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी ।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

**मुन्ना लाल**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत मूसेपुर**
**विकास खण्ड धौरहरा**

**उदय प्रताप सिंह**
**ग्रा.पं.वि. अधिकारी**
**ग्राम पंचायत मूसेपुर**
**विकास खण्ड धौरहरा**

## वैदिक मंत्रोच्चर के साथ हुई बाबा नीम करौली की प्राण प्रतिष्ठा

**लखनऊ।** बालागंज स्थित प्राचीन श्री बालेश्वर महादेव मंदिर परिसर में गुरु पुर्णिमा के पावन अवसर पर बाबा नीम करौली जी महाराज की दिव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हुई। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक परम्पराओं के बीच आचार्यों ने बाबा की प्रतिमा को विराजमान कराया। इसके बाद भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से बाबा के दर्शन-पूजन व प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर को सुंदर ढंग से सजाया गया। भजनों के बीच बाबा नीब करौरी जी महाराज की प्रतिमा को पारंपरिक पोशाक व फूलों की मालाओं से सुशोभित कर विधिवत पूजन-अर्चन की गई। इसके बाद हवन हुआ। प्राण प्रतिष्ठा के बाद भंडारा और महाप्रसाद का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर मुख्य आयोजक पंकज शुक्ला व अनुराग पांडेय, आदेश सिंह, प्रदोष शुक्ला, गोपाल नारायण शुक्ला, राहुल सिंह, अभिषेक मिश्रा, अवधेश अवस्थी, जितेन्द्र द्विवेदी, राजकिशोर समेत बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

## विवाह केंद्र चलाने पर हाईकोर्ट ने खाली कराया अधिवक्ता चेम्बर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के आदेश के अनुपालन में जिला न्यायालय के प्रशासिनक विभाग ने गुरूवार को कैसरबाग स्थित पुराने हाई कोर्ट परिसर में बनी सीएससी बिल्डिंग के चेम्बर नंबर 31 से अधिवक्ता राघवेंद्र मिश्रा हिन्दू व विपिन चैरसिया का चेम्बर खाली करा लिया। उक्त चेम्बर में विवाह केंद्र चलाया जा रहा था। कोर्ट ने कहा कि चेम्बर वकीलों को कानून का व्यवसाय करने में सुविधा प्रदान करने के लिए आवंटित किये गये हैं और सारे तथ्यों से साफ है कि वहां विवाह केंद्र चलाया जा रहा है और इसके लिए चेम्बर में पूरी व्यवस्था की गयी है और बाहर दीवाल पर भी ब्रह्मास्त्र लीलल एसोसियेट व प्रगतिषील हिन्दू समाज न्याय लिखा है जहां से कथित विवाह प्रमाणपत्र बनाये जा रहे हैं। कोर्ट के आदेष के बाद चेम्बर खाली कराकर वहां बाहर की लिखावट को पेंट से मिटा दिया गया है।

दरअसल जस्टिस संगीता चंद्रा व जस्टिस बीआर सिंह की पीठ षिवानी यादव व अरूण कुमार यादव की ओर से दाखिल एक रिट याचिका सुन रही थी । याचिका में कहा गया था कि दोनो ने अपनी मर्जी से विवाह कर लिया है लेकिन षिवानी के पिता इस विवाह से सहमत नहीं हैं अतः उनके इषाने पर पुलिस उन्हें परेषान कर रही है। याचिका में मांग की गयी थी कि याचियों के सुरक्षा प्रदान की जाये।

सुनवायी के दौरान षिवानी और उसके पिता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि षिवानी ने अरूण से कोई षादी नहीं की है और जो कागजात पेष किये जा रहे हैं वह फर्जी हैं। इसके बाद कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए याचिका खारिज कर दी और गलत हलफनामा पेष करने के लिए मुकदमा चलाने के लिए संबधित न्यायिक मजिस्ट्रेट के यहां संदर्भित कर दिया। इस बीच कोर्ट ने विवाह से संबधित कागजात बनाने के लिए चेम्बर नंबर 31 का उपयोग करने के कारण उक्त चेम्बर खाली करा लिया।

## स्ट्रीट डॉग को स्कूटी से दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

लखनऊ। कुत्तों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटने का मामला सामने आया है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इसमें स्कूटी सवार लड़के ठाकुर गंज की महताब कॉलोनी में स्ट्रीट डॉग को पीटते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने ठाकुर गंज पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। महताब बाग दुर्गा देवी मार्ग के रहने वाले एडवोकेट फजल खान ने कहा- 8 जून को रात दस बजे तीन लड़के स्कूटी पर बैठकर कॉलोनी में आते हैं। इसके बाद घूम-घूम कर कुत्तों को पीटने लगते हैं। सीसीटीवी में दिख रहा है कि स्कूटी से आए लड़कों को देखकर कुत्ते भागने लगते हैं। पास ही एक घर से एक व्यक्ति बाहर निकलकर लड़कों का पीछा करता है। तो स्कूटी सवार लड़के भाग जाते हैं। फसल खान ने बताया- इसके पहले 5 जुलाई को भी इसी तरह की घटना हो चुकी है। इस दौरान भी देर रात को आए लड़कों ने कुत्तों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा था।

# सावन माह आज से शुरू, शिवालयों में होगी भगवान भोले की पूजा






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भगवान शिव को समर्पित सावन माह गुरुवार से शुरू हो रहा है। सावन 11 जुलाई को शुरू होकर 9 अगस्त को समाप्त होगा। इस बार सावन में 4 सोमवार पड़ रहे हैं। सावन महीने में इस बार मनकामेश्वर, कोनेश्वर, कोनेश्वर, महाकाल, द्वादश ज्योतिर्लिंग व बुद्धेश्वर समेत शहर भर के सभी शिव मंदिरों में तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। मन्दिरों को रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया जा रहा है।

सावन माह के सोमवार पर भगवान शिव के पूजन का विशेष महत्व है। सोमवार को बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचकर भोलेनाथ के दर्शन करते हैं। शिव पूजन से अकाल मृत्यु का भय समाप्त होता है। पं. बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि इस बार सावन का पहला सोमवार 14 जुलाई को है। हिंदू धर्म में सावन के महीने का विशेष महत्व होता है। सावन का महीना जिसे श्रावण भी कहा जाता है, यह हिंदू कैलेंडर का पांचवा महीना होता है। सावन का महीना विशेष रूप से भगवान शिव को समर्पित होता है। यह माह भगवान शिव को अतिप्रिय होता है। सावन के महीने में भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष रूप से पूजा-आराधना करने का महत्व होता है,जिसमें व्रत, जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, महामृंत्युजय जाप और कांवड़ यात्राएं निकाली जाती हैं। इस वर्ष सावन सावन का पवित्र महीना 11 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त तक चलेगा। सावन के महीने में आने वाले सोमवार व्रत, प्रदोष और सावन शिवरात्रि का विशेष महत्व होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा करने से हर तरह की मनोकामनाएं पूरी होती है और पूजा का पूरा फल मिलता है। शास्त्रों के अनुसार आषाढ़ देवशयनी एकादशी से लेकर कार्तिक देवउठनी एकादशी तक यानी चार माह तक भगवान विष्णु को जो इस सृष्टि के पालनहार हैं वे क्षीर सागर में योग निद्रा में रहते हैं। इस दौरान भगवान शिव सृष्टि का संचालन संभालते हैं। इस कारण से सावन के महीने में भगवान शिव की विशेष पूजा-आराधना करने का महत्व होता है।

**सावन में रुद्राभिषेक का विशेष महत्व:** मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्या गिरि ने बताया कि सावन में रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है। सावन माह में भगवान शिव ही सृष्टि का संचालन करते हैं। इसलिए इस समय रुद्राभिषेक अधिक और तुरंत फलदायी होता है। रुद्राभिषेक से सभी परेशानियां दूर होती हैं, परिवार में सुख-समृद्धि और शांति आती है।

**ऐसे करें सावन में भोलेनाथ की पूजा:** सावन के महीने में हर दिन पूजा करना चाहिए। भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए यह माह सर्वश्रेष्ठ है। साथ ही शिवलिंग का अभिषेक करना लाभदायक होता है। सावन महीने में सुबह जल्दी स्नान करके साफ वस्त्र पहनें। इसके बाद मंदिर जाकर भगवान शिवजी के सामने घी का दीपक जलाएं। दूध और गंगाजल से शिवलिंग का अभिषेक करें। महादेव को बेल पत्रए पंचामृतए फल और फूल अर्पित करें। आखिर में आरती करें।

**भगवान शिव को ये चीजें करें अर्पित:** भगवान सिव को सावन मास में पूजा के दौरान धतूरा, बेलपत्र, भांग के पत्ते, दूध, काले तिल और गुड़ आदि अर्पित करना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से भगवान शिव की कृपा सदैव बनी रहती है।

**सावन महीने में पूजा विधि:** श्रावण माह में सूर्योदय से पहले नित्य क्रिया से निवृत्त हो जाएं। पूजा स्थल को स्वच्छ कर वहां वेदी स्थापित करें। सावन माह में भगवान शिव के मंदिर में जाकर शिवलिंग पर दूध चढ़ाएं। इस महीने में महादेव का व्रत पूरी श्रद्धा भाव के साथ संकल्प लेकर करें। व्रत के दिन दो बार भगवान शिव की प्रार्थना करें। पूजा में तिल का दिया जलाएं और भगवान शिव को फूल अर्पित करें। मंत्रों का उच्चारण करते हुए त्रिलोकीनाथ को सुपारी, पंचामृत, नारियल एवं बेल की पत्तियां चढ़ाएं। सावन व्रत के दौरान कथा पढ़ें या सुनें। पूजा समाप्त होने के बाद प्रसाद का वितरण करें। संध्या काल में पूजा समाप्ति के बाद व्रत खोलें और सामान्य भोजन करें। माना जाता है कि इस महीने में हमेशा ओम नमः शिवाय का जाप करते रहना चाहिए।

**महाकाल के भस्म से होगी आरती:** राजेंद्र नगर के महाकाल मंदिर में श्रावण के सभी सोमवार को भोर में चार बजे भस्म आरती होगी। मुख्य व्यवस्थापक अतुल मिश्रा ने बताया कि महाकाल मंदिर से आई भस्म से आरती होगी। आरती व रुद्राभिषेक के लिए मंदिर प्रशासन से संपर्क करना होगा।

## शहर के शिवालयों में होगी विशेष पूजा, तैयारियां पूरी





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सावन में चौक स्थित कोनेश्वर मंदिर के कपाट सुबह 5 बजे भक्तों के लिए खुल जाएंगे। सुबह 9 बजे और रात 9:30 बजे भव्य आरती होगी। शाम को 25 पुजारी एक साथ शिवार्चन करेंगे। डालीगंज स्थित मठ मंदिर में सुबह पांच बजे मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खुल जाएंगे।

भगवान को भोग लगाकर सुबह-शाम भोलेनाथ की आरती होगी। वहीं राजेन्द्रनगर स्थित श्री महाकाल मंदिर में सुबह 4 बजे रुद्राभिषेक होगा। सुबह और रात 8 बजे आरती उतारी जाएगी। रात्रि 10:30 बजे शयन मंगल आरती के साथ मंदिर के कपाट बंद हो जाएंगे। वहीं सदर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग में 12 परिवार एक साथ रुद्राभिषेक करेंगे। सुबह और शाम विशेष आरती होगी। राजेंद्र नगर के श्री महाकाल मंदिर के व्यवस्थापक अतुल मिश्रा ने बताया कि मंदिर में सावन को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। भस्म आरती निरंतर पूरे सावन भर चलेगी। वहीं, मनकामेश्वर मंदिर की महिला महंत देव्या गिरी ने बताया कि पूरी कोशिश रहेगी कि मंदिर को सुबह 5 बजे तक भक्तों के लिए खोल दिया जाए। शाम 6:30 बजे तक मंदिर भक्तों के लिए खुला रहेगा।

**संत समाज त्रिवेणी से जल ला कर लखनऊ के प्राचीन शिवालयों में करेगा जलाभिषेक :** महातीर्थ प्रयागराज त्रिवेणी के जल से लखनऊ के प्राचीन शिव मंदिरों में जलाभिषेक करेगा। श्री बुद्धेश्वर धाम मंदिर, बाबा मनकामेश्वर और ओंकारेश्वर महादेव का भव्य जलाभिषेक करेगा। पावन सावन मास सृष्टि के पालक और संहारक भगवान शिव को अर्पित है। पवित्र सावन माह में जनसेवक राजा भाई और अनेक संत, महात्मा व श्रद्धालु लखनऊ से चलकर 12 जुलाई को प्रयागराज जा रहे हैं। वहां पूजन अर्चन कर त्रिवेणी से गंगा जल लेकर वापस होंगे। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थलों पर श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत होगा। यात्रा में शामिल सभी संत महात्मा यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पुरोहित कल्याण बोर्ड की स्थापना का आग्रह करेंगे। जलाभिषेक के बाद संत महात्मा यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पुरोहितों संतों की पेंशन लागू करने की भी मांग करेंगे।

# गुरु पूर्णिमा पर शिक्षकों को किया सम्मानित



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा अपने परिसर में गुरु पूर्णिमा जयंती के अवसर पर आधुनिकशिक्षापद्धतौ गुरु शिष्य परम्परायां च अन्तर्सम्बन्धः विषय पर पर व्याख्यान गोष्ठी एवं प्रदेश के विभिन्न जनपदों से पधारे संस्कृत विद्यालयो-महाविद्यालयों के सेवानिवृत्त संस्कृत शिक्षकों व अन्य गुरूजनों को सम्मानित करने हेतु भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण के पश्चात मुख्य अतिथियों का वाचिक स्वागत किया गया।

संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि उप्र संस्कृत संस्थान द्वारा अपने स्थापना काल से गुरु पूर्णिमा के कार्यकम का आयोजन करता रहा है। विगत कुछ वर्षों से गुरू पूर्णिमा के अवसर पर संस्कृत संस्थान संस्कृत के सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित करने के कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इस कार्यक्रम को और विस्तार देते हुए गुरूजनों का भी सम्मान करने का निर्णय लिया गया है जो कहीं से सेवानिवृत्त नहीं हैं और स्वयं के संसाधनों से बच्चों को संस्कृत की शिक्षा निःशुल्क प्रदान कर रहें हैं। अब तक इस कार्यक्रम में संस्थान द्वारा 1200 से अधिक गुरूजनों का सम्मान किया गया है। आज के दिन महाभारत के रचयिता कृष्ण द्वैपायन व्यासर का जन्मदिन भी है। वे संस्कृत के प्रकांड विद्वान थे। उनका एक नाम वेद व्यास भी है। उन्हें आदिगुरु कहा जाता है और उनके सम्मान में गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा नाम से भी जाना जाता है। महर्षि वेदव्यास जी ने वेदों का संकलन किया और मानव समाज को अमूल्य ज्ञान दिया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आमत्रित प्रो. ओम प्रकाश पाण्डेय ने वेद व्यास के व्यक्तित्व कृतित्व का विशद विवेचन किया। उन्होने कहा कि वेद चतुष्टय, पुराण इतिहास का लोकोद्धारक प्रणयन व्यास जी ने किया। प्रो. आजाद मिश्र ने गुरु शिष्य परंपरा के संवाहक तत्वों का विवेचन किया। उन्होंने गुरु में शिष्यत्व, आचरण, व्यवहार इत्यादि को जरूरी बताकर सभी का सन्निवेश महर्षि व्यास में घटित किया और शिक्षा पद्धति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो शिक्षा पद्धति प्राचीन काल में थी वही शिक्षा पद्धति आज भी है। इसमें विषय और संसाधन आधुनिक हुए हैं। डॉ. रेखा शुक्ला द्वारा बताया गया कि भारतीय चिन्तन परम्परा में शिक्षा का उद्देश्य निःश्रेयस का अधिगम ही है। गुरु सत्पथ का प्रदर्शक होता है जो शिष्य के अज्ञानान्धकार को नष्ट करके ज्ञानप्रकाश को प्रदान करने वाला गुरु ही होता है। प्रो. उमारानी त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान महनीय है। वस्तुतः गुरुतत्व ही ज्ञानरूप है। अंधकार विनाश के लिए गुरु प्रकाशात्मक रूप है।

# गुरु पूर्णिमा : मंदिरों और आश्रमों में हुआ गुरु पूजन, लिया आशीर्वाद







वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा पर गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा व आस्था के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। वेद व्यास के जन्मदिन के रूप में मनाई जाने वाली गुरु पूर्णिमा पर गुरुवार को बड़ी संख्या में लोगों ने मंदिरों व आश्रमों में पूजा अर्चना की। साथ ही अपने गुरुओं, धमार्चार्यों की शरण में मत्था टेका, उपहार भेंट कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया। स्कूल व कॉलेजों में भी बच्चों ने गुरुओं को उपहार भेंटकर आशीर्वाद लिया।



**हनुमान सेतु में मना गुरुपर्व:** गुरुपर्व के उपलक्ष्य में श्री संकट मोचन हनुमान जी मन्दिर हनुमान सेतु में चल रहे तीन दिवसीय कार्यक्रम का गुरुवार को गुरू पूजा के साथ समापन हुआ। गुरुवार को प्रातः 10 बजे से मंदिर अध्यक्ष द्वारा बाबाजी महाराज के चल विग्रह का दूध, दही, घी,शहद, चीनी, पन्चामृत, अष्टगंध गुलाबजल, गंगाजल, इत्यादि से स्नान कराकर दुग्धाभिषेक किया गया।तथा बाबाजी के अचल विग्रह एवं चरण पादुका का षोडषोपचार पूजन कर भव्यरूप से श्रृंगार एवं आरती की गई। तथा प्रातः से ही निरंतर प्रसाद वितरण किया गया। पूजन वेद विद्यालय के आचार्य गोविन्द कुमार शर्मा, उमेश पाठक, श्याम शंकर द्विवेदी, शिवमूरत तिवारी एवं समस्त वेदपाठी बटुकों के आचार्यत्व में तथा बहुसंख्यक भक्तों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

**बाबा नीब करौरी का अभिषेक किया:** श्री संकट मोचन हनुमान जी मंदिर हनुमान सेतु में सुबह मंदिर सचिव दिवाकर त्रिपाठी, प्राचार्य डॉ. चंद्रकांत द्विवेदी, मुख्य पुजारी भगवान जी ने बाबा श्री नीब करौरी जी महाराज का दूध, दही, घी, शहद, चीनी, पंचामृत, गुलाबजल, गंगाजल इत्यादि से अभिषेक, पूजन कर आरती की। सुबह से प्रसाद वितरण हुआ।

**श्रीमनकामेश्वर में हुआ गुरुपूजन और पूर्णिमा की आरती :** गुरु पूर्णिमा पर डालीगंज के गोमती तट पर स्थापित श्रीमनकामेश्वर मंदिर में श्रीमहंत देव्यागिरी जी महाराज ने सुबह ने सर्वप्रथम मंदिर में स्थापित पूर्व गुरु महाराजों की प्रतिमाओं की षोड्सोपचार पूजन किया। महंत राम गिरी, बजरंग गिरी, त्रिगुणानंद गिरी, केशव गिरी की स्थापित प्रतिमाओं का पूजन करने के बाद आशीर्वाद लिया। उसके बाद महंत देव्यागिरी जी महाराज की शिष्याओं ने उनका पूजन किया और आरती उतारी। फल-मिष्ठान अर्पित किया । मंदिर की प्रमुख सेवादार उपमा पाण्डेय गुरु को श्रद्धा अर्पित की। इसके बाद शाम को गोमती तट पर बन उपवन घाट पर 11 वेदियों से श्रीमहंत की अगुवाई मां गोमती की आरती की गई। इससे पहले उन्होंने हरि शंकरी पौधों का घाट पर रोपण किया। आरती के बार पिंकी और विराट ने नृत्य के जहिर भगवान कृष्ण की झांकी प्रस्तुत की। आरती से उपमा पाण्डेय, ऊषा, वंदना , ज्योति जायसवाल, मुकेश गुप्ता ने अपने घाट की सफाई की और रंगोली सजाई।

**ज्ञान, संस्कृति, परंपरा व विचारों के संवाहक होते हैं गुरु:** उत्तरप्रदेश पंजाबी अकादमी की ओर से गुरु पुर्णिमा के अवसर पर गुरुवार को इंदिरा भवन स्थित अकादमी कार्यालय में ह्यजीवन में गुरु का महत्व विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पंजाबी विद्वान व लेखक दविन्दर पाल सिंह ने कहा कि गुरु संस्कृति का संवाहक होता है। गुरु केवल ज्ञान नहीं देता, वह संस्कृति, परंपरा, भाषा और विचारों का संवाहक भी होते हैं। हमारी भारतीय परंपरा में गुरु-शिष्य परंपरा न केवल शिक्षा का बल्कि संस्कृति का भी मूल आधार रही है। वरिष्ठ लेखक व कवि नरेन्द्र सिंह मोंगा ने कहा कि व्यक्ति जीवन में पांच गुरुओं को धारण करता है। माता, पिता, औपचारिक शिक्षा का शिक्षक, व्यवसायिक शिक्षक और आध्यात्मिक शिक्षक पांच गुरु हैं। प्रोफेसर अलका पाण्डेय ने कहा कि गुरु वह दीपक है जो खुद जलकर दूसरों को रोशनी देता है। हमारी संस्कृति में गुरु का स्थान इतना ऊंचा है कि उसे ब्रह्मा, विष्णु और महेश के समान माना गया है। डॉ रश्मि शील ने बताया कि गुरु ही जीवन का काव्य है। गुरु कोई साधारण व्यक्ति नहीं होता, वह काव्य की आत्मा जैसा होता है। इस मौके पर अकादमी के निदेशक ओम प्रकाश सिंह ने सभी वक्ताओं को अंगवस्त्र व स्मृतिचिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

## जैन मन्दिर में धूमधाम से मना गुरु पूर्णिमा पर्व



**लखनऊ।** जैन मंदिर जैन बाग डालीगंज मे गुरु पूर्णिमा पर्व गुरु वार को उपाध्याय श्री 108 आदीश सागर जी मुनिराज के सानिध्य मे धूमधाम से मनाया गया। श्री जैन धर्म प्रवर्धनी सभा के अध्यक्ष विनय कुमार जैन गर्ग की अध्यक्षता मे दीप प्रज्जुलन के साथ सभा का प्रारम्भ हुआ। महिला मण्डल से बीना ने मंगलाचरण किया। सभी भक्तो ने उपाध्याय श्री के चरणों मे श्री फल अर्पित किया। एवं अष्ट द्रव्यों के साथ मुनिराज का पूजन किया। मुनिराज का पाद प्रक्षालन करने का लाभ संदीप जैन ( जैन बंधु ) परिवार ने प्राप्त किया। वही सभा अध्यक्ष विनय जैन ने मुनिराज को शास्त्र भेट किया। उपाध्याय ने अपने प्रवचन मे बताया की जिनेन्द्र देव की भक्ति करने से बड़े से बड़े भय दूर हो जाते है। इस अवसर पर सभा अध्यक्ष विनय कुमार जैन, सभा के कोषाध्यक्ष सुशील कुमार जैन, उप प्रबंधक पार्श्व कुमार जैन, संयोजक मण्डल से अनिल, संदीप, विकास, पुष्पेंद्र, अंशु, राजू जैन आदि मौजूद रहे।

# नीम करौली बाबा व प्रेमानंद महाराज का गुरु पूजन

## सनातन महासभा की 140वीं गोमती महाआरती व सनातन समागम

- गुरु पूर्णिमा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व मद्यनिषेध जादू शो

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सनातन महासभा की ओर से झूलेलाल वाटिका, गोमती तट पर आषाढ़ गुरु पूर्णिमा पर आयोजित सनातन महासमागम एवं 140वी आदि गंगा माँ गोमती महाआरती का आयोजन गुरुवार को किया गया।

मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ 07 भव्य मंचो से पूज्य स्वामी आनंद नारायण जी,समाजसेवी रामगोपाल अवस्थी व पूर्व आईएएस आशा सिंह,के सानिध्य में हुई। महाआरती में मृदंग, मंजीरा, ढोल, तासे, शंख की ध्वनि से पूरा प्रांगण गुंजायमान रहा। अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि महाआरती के पूर्व गुरु पूर्णिमा पर गुरु रूप में पूज्य श्री नीम करौली बाबा व पूज्य श्री प्रेमानंद जी महाराज के चित्र पर माल्यर्पण के साथ गुरु पूजन किया गया और श्री गणेश वंदना के बाद गोमती मां के भजनों के साथ जीवन में गुरु का महत्व पर ही सांस्कृतिक विभाग की ओर से राकेश लक्खा द्वारा सांस्कृतिक भजन संध्या का आयोजन हुआ। नशा व अपराध मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आईपीएस अखिलेश निगम व मॉडल पल्लवी सिंह को ब्रांड एम्बेसडर का खिताब दिया गया और सायं 4 बजे से आमजन के लिए निशुल्क दिव्यांग उपकरण रजिस्ट्रेशन, विधिक परामर्श शिविर एवं स्वैच्छिक दहेजमुक्त विवाह रजिस्ट्रेशन का आयोजन संस्था द्वारा किया गया।



वरिष्ठ समाजसेवियो में प्रतिभा बालियान, रामगोपाल अवस्थी सहित पांच लोगो को सनातन शिरोमणि व गौरव सम्मान एवं स्व.श्री गजेंद्र सिंह जी की स्मृति में नंदीग्राम सेवा ट्रस्ट द्वारा विशेष समाजसेवी से सम्मानित किया गया। सम्मान से पूर्व 11 विशिष्ट समाजसेवियों का मंच पर भारतीय संस्कृति के अनुसार जन्म दिन व विवाह वर्षगांठ भी धूमधाम से मनाई गई। बाद में महाआरती का संयोजन कर रहे महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण व प्रवक्ता विकास मिश्र ने बताया महाआरती के बाद 501 दीपो से घाट दीवाली की तरह जगमगा उठा, साथ ही गोमती को स्वच्छ बनाये जाने को लेकर दीपदान संकल्प हुआ और हस्ताक्षर अभियान के साथ सावन भर संघर्ष करने का निर्णय लिया गया। संचालन प्रवक्ता विकास मिश्र ने किया। कार्यक्रम के बाद में भक्तों ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर दीपक अरोड़ा व डॉ0 विजय मिश्र के सहयोग से विशाल भंडारा में भोजन प्रसाद ग्रहण किया। हर बार की तरह बाद में 11 सनातन पदाधिकारियों व सदस्यों को गंगाजल व कृपाण व तलवार देकर धर्म विस्तार हेतु संकल्पित कराया गया।

# साहित्य संस्कृति की 11 विभूतियां हुई सम्मानित

- पदमश्री डॉ विद्या बिंदु सिंह की पांच पुस्तकों का हुआ लोकार्पण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** श्री कृष्ण प्रताप सिंह स्मृति अध्यात्म चिंतन व्याख्यानमाला प्त 22 का स्मृति सम्मान समारोह व पुस्तक विमोचन का आयोजन आज सिटी मोंटेसरी स्कूल, गोमती नगर में संपन्न हुआ। स्मृति समारोह में साहित्य सहित विभिन्न क्षेत्रों की विभूति 11 विभूतियों को सम्मानित किया गया । साथ ही पदमश्री डॉ विद्या बिंदु सिंह की पांच पुस्तकों का लोकार्पण भी किया गया। कृष्ण प्रताप विद्या बिंदु लोकहित न्यास व शिव सिंह सरोज स्मारक समिति और अखिल भारतीय साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कृष्ण प्रताप सिंह के जयंती पर संपन्न हुई अध्यात्म चिंतन व्याख्यानमाला 22वीं में स्मृति शेष विभूतियां के नाम से श्री कृष्ण दत्त सिंह( एसकेडी सिंह ), श्रीधर गोविंद पराड़कर, जयप्रकाश सिंह, बसवराज गणपत राव पाटिल सेडम, डॉक्टर सर्वेंद्र विक्रम सिंह, डॉक्टर पूनम श्रीवास्तव, डॉक्टर वंदना सहगल, श्रीमती आशिमा सिंह, डॉक्टर बृज नारायण सिंह शिवशरण सिंह गहरवार , डॉ सुरभि गुप्ता को सम्मानित किया गया। डॉक्टर विद्या बिंदु सिंह की पांच कृतियां संत विवेक 2025 भक्ति काव्य अमृत स्मारिका, कुछ मन की कुछ जग की ( आत्मकथा), शिव पार्वती की कथाएं, सुन कठपुतली ( कहानी संग्रह ), तुमसे ही कहना है ( भक्ति कविता संग्रह ) का लोकार्पण किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर सूर्य प्रसाद दीक्षित अतिथि वसवराज गणपत राव पाटिल सेडाम, पदमश्री मालिनी अवस्थी, आनंद वर्धन सिंह, डॉक्टर महेंद्र सिंह पूर्व मंत्री, पवन सिंह चौहान विधान परिषद सदस्य ने विभूतियों का सम्मान कर पुस्तकों का लोकार्पण किया।

दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती प्रतिमा और अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती रमा सिंह ने संस्थाओं का परिचय देते हुए बताया कि संस्था वर्ष 2006 से अनवरत अपने-अपने क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करने वाले श्रेष्ठ जनों को सम्मानित करती है और साहित्य संस्कृति और कला के क्षेत्र में सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहती है। इस अवसर पर इंद्रासन सिंह, पवन पुत्र बादल, शर्मिला प्रजापति , सुनील बाजपेई , डॉ दिनेश चंद्र अवस्थी, डॉक्टर करुणा पांडे ,डॉ अंजलि अस्थान, डॉक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, अनिल मिश्रा, मयंक सिंह सहित कलाकार साहित्यकार समाजसेवी पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विनय कृष्ण सिंह मानिक ने किया।

# अपरिहार्य कारण से कई ट्रेनें निरस्त, यात्री होंगे परेशान



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा अपरिहार्य कारणों से पूर्व में अधिसूचित निम्नलिखित गाड़ियों को निम्न तिथियों में निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। निरस्तीकरण के तहत 06529 सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु-गोमतीनगर साप्ताहिक विशेष गाड़ी 11 से 25 अगस्त तक निरस्त रहेगी। 06530 गोमतीनगर-सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु साप्ताहिक विशेष गाड़ी 15 से 29 अगस्त तक निरस्त रहेगी। 07327 बेलगावि-मऊ साप्ताहिक विशेष गाड़ी 20 जुलाई से 31 अगस्त तक निरस्त रहेगी। 07328 मऊ-बेलगावि साप्ताहिक विशेष गाड़ी 23 जुलाई से 03 सितम्बर तक निरस्त रहेगी।

**प्रयागराज-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस के समय में बदलाव ... लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा 12538 प्रयागराज-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस के प्रयागराज से प्रस्थान समय में संशोधन किया गया है। फलस्वरूप 14 जुलाई को प्रस्थान करने वाली 12538 प्रयागराज-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, प्रयागराज जं. से निर्धारित समय 04.45 बजे के स्थान पर 04.50 बजे प्रस्थान करेगी।

**गोमतीनगर से दरभंगा और मालदा के लिए दो अमृत भारत ट्रेनें चलेंगी ...लखनऊ।** रेलवे ने गोमतीनगर स्टेशन से दो अमृत भारत ट्रेनें चलाने का ऐलान किया है। एक ट्रेन बिहार के दरभंगा और दूसरी पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन के लिए चलेगी। ये दोनों ही साप्ताहिक होंगी। वहीं एक ट्रेन सहरसा से अमृतसर के लिए चलाने का निर्णय लिया है। यह दैनिक ट्रेन लखनऊ होकर चलेगी। ट्रेनों का रूट और शेड्यूल अभी जारी नहीं किया गया है। स्लीपर और जनरल कोच वाली हाईस्पीड ट्रेन अमृत भारत की संख्या बढ़ाई जा रही है। बिहार को चार नई अमृत भारत ट्रेनों का तोहफा दिया गया है। इनमें से तीन का कनेक्शन लखनऊ से है। वहीं एक ट्रेन पटना से दिल्ली के लिए है। रेलवे ने गुरुवार को इन सभी ट्रेनों के संचालन का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। अमृत भारत ट्रेनों के स्टॉपेज कम होने से कम समय में यात्री अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। दरभंगा से गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस को मुजफ्फरपुर, छपरा, जौनपुर जंक्शन, अयोध्या कैंट होकर लखनऊ तक चलाए जाने की संभावना है। मालदा टाउन से गोमतीनगर के बीच छपरा, जौनपुर, अयोध्या कैंट होकर चलाए जाने की संभावना है। सहरसा से अमृतसर अमृत भारत को छपरा, जौनपुर, सुल्तानपुर, लखनऊ, मुरादाबाद होकर संचालित किए जाने की उम्मीद है। पटना दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस छपरा, जौनपुर, प्रयागराज, गोविंदपुर होकर संचालित किया जाएगा।

## मण्डल रेल प्रबंधक ने किया लखनऊ-जैतीपुर रेल खंड का निरीक्षण

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मण्डल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा द्वारा गुरुवार को चारबाग लखनऊ स्थित नॉर्थ कोचिंग कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया गया। वंदे भारत ट्रेनों के परिचालन एवं अनुरक्षण हेतु निर्मित किया जा रहा है यह नवीन कोचिंग कॉम्प्लेक्स अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है, जिसमें मेंटीनेन्स पिट लाइनें, इलेक्ट्रिक शेड, जलापूर्ति लाइनें, अपशिष्ट व जल प्रबंधन प्रणाली एवं जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्थाएं सम्मिलित हैं। इस कॉम्प्लेक्स के चालू होने से लखनऊ मण्डल से संचालित की जाने वाली वंदे भारत ट्रेनों की देखरेख स्थानीय स्तर पर संभव हो सकेगी, जिससे ट्रेन की सेवा समयबद्ध होगी।



इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने कहा, कि ग्लखनऊ स्टेशन को भविष्य की हाई-स्पीड ट्रेनों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। यह नया कोचिंग कॉम्प्लेक्स उत्तर रेलवे की दूरदर्शिता और यात्री सेवा उन्नयन की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

इसके उपरांत मण्डल रेल प्रबंधक द्वारा लखनऊझकानपुर रेल खंड के लखनऊ से जैतीपुर सेक्शन का विंडो ट्रेलिंग के माध्यम से ट्रैक का निरीक्षण किया गया।

इस निरीक्षण का उद्देश्य संरक्षा मानकों की समग्र समीक्षा, परिचालन व्यवस्था में सुधार तथा यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाना रहा। निरीक्षण के दौरान मण्डल रेल प्रबंधक ने मार्ग मे प्वाइंट संख्या 142अ, लेवल क्रॉसिंग संख्या 173 का निरीक्षण किया तथा ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम, लेवल क्रॉसिंग एवं संरक्षा संबंधी पहलुओं की गहनता से समीक्षा की।

जैतीपुर स्टेशन पर उन्होंने सिग्नल, रिले रूम एवं स्टेशन अधीक्षक कार्यालय का भी निरीक्षण किया तथा रिकॉर्डों की जांच की। मण्डल रेल प्रबंधक ने सभी रेलकर्मियों को संरक्षा मानकों के प्रति सतर्कता बनाए रखने और यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

## कई रेलवे स्टेशनों पर क्विक कोच वाटरिंग सिस्टम किया गया स्थापित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन अपने सम्मानित यात्रियों को संरक्षित, सुरक्षित, आरामदायक यात्रा हेतु प्रतिबद्ध है। यात्रियों के लिये कोच में पानी की उपलब्धता को बनाये रखने हेतु पूर्वोत्तर रेलवे पर क्विक कोच वाटरिंग सिस्टम स्थापित किये जा रहे हैं, जिसके माध्यम से कोचों में पानी कम समय में आसानी से भरा जा सके। यात्रियों के लिये कोच में पानी की उपलब्धता को सुनिश्चित करने हेतु पूर्वोत्तर रेलवे के ऐशबाग, गोरखपुर जं., बनारस, छपरा, मऊ जं., फर्रुखाबाद, कासगंज तथा लालकुआँ स्टेशनों पर क्विक वाटरिंग सिस्टमद्य स्थापित किये गये है। सीतापुर तथा बलिया स्टेशनों पर इसे स्थापित करने का कार्य प्रगति पर है। इस सिस्टम के माध्यम से कोचों में पानी भरने में कम समय लगता है तथा कोच में पानी की उपलब्धता के साथ-साथ यात्रियों की संतुष्टि बनी रहती है। क्विक वाटरिंग सिस्टमद्य से न्यूनतम समय एवं ठहराव वाली गाड़ियों में भी आसानी से पानी भरा जा सकता है एवं पानी की बर्बादी होने से बचाया जा सकता है। इस सिस्टम के द्वारा गाड़ियों में पानी का विवरण जैसे पानी की उपलब्धता, पानी का प्रेशर, पानी की मात्रा, पानी की खपत, पानी का फ्लो आदि एक ही स्क्रीन पर देखा जा सकता है। जिस पर वाटरिंग कार्य के आंकड़े रियल टाइम मॉनिटरिंग के लिये उपलब्ध रहते हैं। आवश्यकतानुसार इसके पम्प की क्षमता बढ़ाई जा सकती है तथा इस सिस्टम को मोबाइल द्वारा एस.एम.एस. के माध्यम से भी संचालित किया जा सकता है।

# 11 से 18 जुलाई तक मनाया जायेगा जनसंख्या स्थिरता पखवारा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हर साल 11 जुलाई को विश्व जनसँख्या दिवस मनाया जाता है ` इसी क्रम में आज से 18 जुलाई तक जनसँख्या स्थिरता पखवारा चलाया जायेगा इसको लेकर बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी विशाख जी कि निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी.सिंह की अध्यक्षता में ऑनलाइन अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित हुई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बैठक में बताया कि इस साल विश्व जनसँख्या दिवस की थीम है अर्थात माँ एवं बच्चे के स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ समय एवं जन्मों के बीच अन्तराल के महत्व पर जोर दिया जा सके इसी क्रम में 11 से 18 जुलाई के बीच जनसंख्या स्थिरता पखवारे का आयोजन किया जायेगा इस पखवारे की थीम है माँ बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सही जिसके तहत समुदाय को परिवार नियोजन के कार्यक्रम और साधनों के प्रति जागरूक किया जायेगा इसके लिए सारथी वाहन रवाना किया जायेगा और सास-बेटा-बहू सम्मलेन का आयोजन किया जायेगा `इस दौरान नियत सेवा दिवस के माध्यम से परिवार नियोजन की सेवाएं दी जाएँगी। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. बी.एन.यादव. अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम.एच.सिद्दीकी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी, , जिला कार्यक्रम प्रबन्धक सतीश यादव, जिला समुदाय प्रक्रिया प्रबन्धक विष्णु प्रताप, जिला अस्पतालों के प्रतिनिधि, शिक्षा विभाग, पंचायती राज, आईसीडीएस के प्रतिनिधि सभी शहरी एवं ग्रामीण सीएचसी के अधीक्षक, शहरी स्वास्थ्य समन्वयक शशि, विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ, यूपीटीएसयू, पीएसआई इंडिया व चीफ फार्मासिस्ट मौजूद रहे ।

# डायरिया से डरें नहीं सतर्क रहें, रोकथाम व उपचार पूरी तरह संभव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डायरिया के प्रति जागरूकता के लिए प्रदेश में संचालित डायरिया रोको अभियान (स्टॉप डायरिया कैंपेन) के अंतर्गत बृहस्पतिवार को नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, इंदिरा नगर से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने रवाना किया।

डायरिया से बचाव, कारण, उपचार और रोकथाम सम्बन्धी संदेशों वाले पोस्टर/बैनर और ऑडियो/वीडियो से सुसज्जित यह प्रचार वाहन राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर समुदाय में डायरिया के प्रति जन जागरूकता लाएंगे। मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र डा.पिंकी जोवल ने इस मौके पर ओआरएस/जिंक कार्नर और हस्ताक्षर अभियान का भी शुभारम्भ किया। उन्होंने पौधरोपण कर



इस दिशा में सभी से आगे आने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कि आज भी शून्य से पांच साल तक के बच्चों की मौत का एक प्रमुख कारण डायरिया है, जबकि दस्त की रोकथाम और उपचार पूरी तरह संभव है। इसलिए डायरिया से डरने की नहीं बल्कि सतर्क रहने की जरूरत है। बच्चे को दिन भर में तीन या तीन से अधिक बार दस्त हो तो समझना चाहिए कि बच्चा डायरिया से ग्रसित है और ऐसे में उसको तत्काल ओआरएस का घोल देना चाहिए ताकि शरीर में पानी और नमक की कमी न होने पाए, साथ ही निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करना चाहिए। इसके साथ ही जिंक टैबलेट उम्र के अनुसार निर्धारित खुराक और निर्धारित अवधि तक देना शुरू कर देना चाहिए। ओआरएस जहाँ शरीर में पानी की कमी को दूर करता है वहीँ जिंक दस्त की अवधि को कम करता है। इसके साथ ही बच्चे की इम्युनिटी को भी मजबूत बनाता है। डायरिया के दौरान यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि मां का दूध पीने वाले बच्चे को दस्त के दौरान भी स्तनपान जारी रखें। मां का दूध बच्चे को पोषण और ताकत देता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ, डॉ.एनबी सिंह ने कहा कि बारिश और उमस में बच्चा डायरिया की चपेट में कई कारणों से आ सकता है, जैसे- दूषित जल पीने से, दूषित हाथों से भोजन बनाने या बच्चे को खाना खिलाने, खुले में शौच करने या बच्चों के मल का ठीक से निस्तारण न करने आदि से। इसलिए शौच और बच्चों का मल साफ करने के बाद, भोजन बनाने और खिलाने से पहले हाथों को साबुन-पानी से अच्छी तरह अवश्य धुलें। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उप्र के महाप्रबंधक- बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ.मिलिंद वर्धन ने कहा कि डायरिया के प्रति समुदाय स्तर पर जनजागरूकता बढ़ाने और लोगों को ओआरएस और जिंक की महत्ता को भलीभांति समझाने के लिए पूरे प्रदेश में 16 जून से 31 जुलाई तक वृहद स्तर पर स्टॉप डायरिया कैम्पेन चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य बच्चों में डायरिया की रोकथाम, ओआरएस व जिंक के उपयोग को प्रोत्साहन और जनसामान्य में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है।

# देश को विकसित करने में हर नागरिक दें योगदान



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) लखनऊ महानगर के तत्वावधान में राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर कुंवर ग्लोबल स्कूल में विकसित भारत विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि अभाविप के पूर्व कार्यकर्ता एवं वर्तमान में अपर महाधिवक्ता उच्च न्यायालय, लखनऊ खण्ड पीठ, कुलदीप पति त्रिपाठी, विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में लोक गायिका पद्मश्री से सम्मानित मालिनी अवस्थी, मुख्य वक्ता के रूप में अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ वीरेंद्र सिंह सोलंकी एवं विशिष्ट अतिथि आईआरएस सिद्धार्थ वर्मा तथा कुंवर ग्लोबल स्कूल के चेयरमैन राजेश सिंह एक साथ ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्र के सम्मुख पुष्पार्चन कर दीप प्रज्वलित किया।

संगोष्ठी में युवाओं को संबोधित करते हुए अपर महाधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी ने कहा कि विकसित भारत का औपचारिक शुभारंभ एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। भारत की स्वतंत्रता के 100वें वर्ष, यानी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने की संभावना वास्तव में मनोरम है।

देश की तीव्र प्रगति को देखते हुए इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को साकार कर सकना संभव नजर आता है और यह तभी संभव है जब हमारे देश के प्रत्येक युवा को अपनी जिम्मेदारी के साथ विकसित भारत में अपनी सहभागिता निभाने के लिए प्रतिबद्ध होना होगा। विकसित भारत के तहत आर्थिक विकास पर अत्यधिक बल दिया गया है। हालांकि, उत्तर- विकासवादियों का तर्क है कि यह दृष्टिकोण विकास के यूरो-केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाता है।

# आईईटी के स्टार्टअप न्यूरल सिटी को मिला 25 लाख का ग्रांट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) लखनऊ के निदेशक प्रो विनीत कंसल ने बताया कि संस्थान के इन्क्यूबेशन सेंटर द्वारा समर्थित स्टार्टअप अरबन ओएस आरएसके प्रा. लि. के अभिनव प्रोजेक्ट न्यूरल सिटी को एसटीपीआई ऑक्टेन प्रोग्राम के अंतर्गत जीआइएस एप्लिकेशन सेक्टर में 25 लाख रुपये की ग्रांट प्रदान की गई है।

न्यूरल सिटी एक स्मार्ट मोबाइल एप्लिकेशन है, जो आम नागरिकों को यह सुविधा देता है कि वे अपने शहर की समस्याएं जैसे टूटी सड़कें, गंदगी, कचरा, जल निकासी आदि की फोटो और वीडियो ऐप पर अपलोड कर सकें। इस डाटा को प्रोसेस कर संबंधित स्मार्ट सिटी अथॉरिटीज तक पहुंचाया जाएगा, जिससे समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सकेगा। इस एप्लिकेशन का उद्देश्य न केवल नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है, बल्कि यह डेटा-ड्रिवन अर्बन गवर्नेंस की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

कंपनी के फाउंडर अक्षय कांचन ने बताया कि उनका यह स्टार्टअप आईईटी लखनऊ के इन्क्यूबेशन सेंटर - नवयुग नवाचार फाउंडेशन से इन्क्यूबेट हुआ है। इस फाउंडेशन के माध्यम से उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार से भी 5 लाख रुपये की अनुदान राशि प्राप्त हुई है, जिससे उनके प्रोडक्ट के विकास को गति मिली।

अक्षय कांचन ने बताया, ऑक्टेन प्रोग्राम की जानकारी हमें हमारे इन्क्यूबेशन सेंटर से प्राप्त हुई। इस ग्रांट से हमें अपने प्रोडक्ट को अगले स्तर तक ले जाने में काफी मदद मिलेगी। हम स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के तहत न्यूरल सिटी को बड़े पैमाने पर लागू करने की दिशा में कार्यरत हैं। एसटीपीआई ऑक्टेन प्रोग्राम देशभर के उभरते हुए स्टार्टअप्स को उनके सेक्टोरियल नवाचारों के आधार पर चयन कर आर्थिक सहायता प्रदान करता है।

# पुनर्वास विवि : 1008 पौधों के रोपण के साथ पौधरोपण अभियान की शुरुआत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में पौधरोपण महाअभियान के तहत कुलपति प्रो. संजय सिंह ने एक पेड़ मां के नाम 2.0 कार्यक्रम का शुभारंभ गंधराज का पौधा लगाकर किया गया। इसके बाद कुलसचिव रोहित सिंह ने भी गंधराज एक पौधा लगाया। इसके तहत कुल 1008 पौधे का रोपण विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर, आवासीय परिसर, अकादमिक ब्लॉक एवं पुस्तकालय परिसर में संपन्न हुआ।

एक पेड़ मां के नाम 2.0 कार्यक्रम के अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. वीके सिंह, कुलानुशासक प्रो. सीके दीक्षित, हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. यशवंत वीरोदय, विशेष शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता डॉ. कौशल शर्मा, दृष्टिबाधितार्थ विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विजय शंकर शर्मा, वाणिज्य विभाग के डॉ. पुष्पेंद्र मिश्रा,



माइक्रोबायोलॉजी विभाग के समन्वयक डॉ. डीसी शर्मा, रसायन विभाग के समन्वयक डॉ. पुष्पेंद्र सिंह, नीरज दीक्षित, दानवीर गौतम, कौशलेंद्र कुमार और ब्रेल प्रेस एवं विशेष शिक्षा संकाय के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे तथा सभी ने एक-एक पेड़ लगाया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दुष्यंत त्यागी तथा विश्वविद्यालय के सौंदर्यीकरण समिति ने किया।

# शिकायत पर भी नही डर रहे है जेई

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बिजली विभाग अपनी मनमानी से बाज नही आ रहा है। उपभोक्ता से बात नही बनने पर उसको स्टीमेट ज्यादा बना दिया जा रहा है। उपभोक्ता परेशान होकर अधिकारियों से शिकायत करता है लेकिन फिर भी कोई सुनवाई नही होती है। थककर उपभोक्ता आईजीआरएस पर शिकायत करता है लेकिन यहां भी सुनवाई नही हो रही है। मामला मोहनलालगंज बिजली उपकेन्द्र का है जहां पर मनोज कुमार यादव ने मार्च 2025 मे आईजीआरएस पर शिकायत किया कि दो किलोवाट का बिजली कनेक्शन लेने के लिए आवेदन किया जिसके बाद जेई ने मुझे बिजली उपकेन्द्र बुलाया नही गये तो उन्होंने हजारो में स्टीमेट बना दिया। 85 मीटर दूरी का स्टीमेट 460612 का बना दिया गया। मनोज ने बताया कि मेरा घर पुस्तैनी है गिर गया है जिससे बनवाना चाहते है। लेकिन बिजली कनेक्शन नही मिलने के कारण घर नही बनवा पा रहे है। मनोज का आवेदन संख्या 1013870364 है। जब स्टीमे को अधिकारियों से दिखाया गया तो सबने माना कि दो किलोवाट के घरेलू कनेक्शन पर सिंगल 11 केवी लाईन ही डाला जाना चाहिए। डबल का स्टीमेट क्यो बना दिया गया है इसको देखना पड़ेगा।




**ऐसा किया गया है तो गतल है, इसकी जांच कर उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजा जायेगा।**
**श्रवन कुमार,** मोहनलालगंज अधिशासी अभियंता

# विधायक राजेश्वर सिंह ने दिव्यांग बच्चों को दिखायी फिल्म

## दिव्यांग बच्चों के सपनों को पंख दे रही विधायक राजेश्वर सिंह की संवेदनशील पहल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में संवेदना, समावेशन और सशक्तिकरण की एक अनूठी पहल देखने को मिली। जब गुरुवार को समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केंद्र से जुड़े 150 दिव्यांग बच्चों एवं उनके अभिभावकों को पीवीआर, एमराल्ड मॉल, आशियाना, लखनऊ में बहुप्रशंसित फिल्म सितारे जमीन पर दिखाने का विशेष आयोजन किया गया।

यह आयोजन सिर्फ एक फिल्म प्रदर्शन नहीं, बल्कि उन मासूम आंखों में आत्मविश्वास की चमक और सपनों की उड़ान भरने का सशक्त माध्यम बना। बच्चों को उफ्छ से थियेटर तक लाने, उनकी सुविधा, आराम,



सुरक्षा एवं सम्मानजनक अनुभव का संपूर्ण प्रबंध विधायक की टीम के वालंटियर्स द्वारा अत्यंत संवेदनशीलता और समर्पण के साथ किया गया। बच्चों के लिए इंटरमिशन में पॉपकॉर्न, कोल्डड्रिंक की व्यवस्था के साथ सरोजनीनगर में स्थापित ताराशक्ति केंद्रों पर बने इकोफ्रेंडली बैग्स में चॉकलेट, टॉफी, चिप्स और स्टेशनरी भी प्रदान की गयी। डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने संदेश में कहा कि ये बच्चे सहारे के नहीं, संवेदना के अधिकारी हैं। इन्हें अलग नजर से देखने की नहीं, सही दृष्टिकोण से समझने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि आज का आयोजन इन बच्चों को न केवल एक फिल्म दिखाने का प्रयास था, बल्कि उनके आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और सामाजिक भागीदारी को महसूस कराने का संकल्प भी था।

# बीबीएयू में 17 से आयोजित होंगी विशेष परीक्षाएं

## ऑनलाइन फॉर्म 14 तक, एडमिट कार्ड 16 जुलाई से होंगे जारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) ने अंतिम सेमेस्टर/वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विशेष परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षाएं उन विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाती हैं जो किसी विषय में उत्तीर्ण नहीं हो पाए हैं या अपनी ग्रेड में सुधार करना चाहते हैं। विश्वविद्यालय की फाउंडेशन कोर्स सेल और परीक्षा अनुभाग द्वारा इस संबंध में अलग-अलग निर्देश जारी किए गए हैं।

विशेष परीक्षाएं 17 से 29 जुलाई के मध्य आयोजित की जाएंगी। परीक्षा दो सत्रों में होगी, जिसके अंतर्गत प्रातः सत्र में सुबह 10 से 1:00 बजे और दोपहर सत्र में 2 से 5 बजे तक परीक्षाएं आयोजित की जायेंगी।



एमपीडीसी, एईसी, वीएसी और एईसीसी पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं 17 जुलाई को तथा सीबीसीएस पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं (यदि कोई हो) 18 जुलाई को आयोजित की जाएंगी।

परीक्षा शेड्यूल विभागों द्वारा निर्धारित किया जाएगा। सत्र 2024-25 में नामांकित छात्रों को 4 से 14 जुलाई के बीच सामर्थ पोर्टल पर लॉगिन करके ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरना होगा। एबीसी पोर्टल पर पंजीकरण भी अनिवार्य किया गया है। बिना सत्यापन के फॉर्म स्वीकार नहीं किया जाएगा। साथ ही एडमिट कार्ड 16 जुलाई से डाउनलोड किए जा सकेंगे। ऐसे विद्यार्थी जो फाउंडेशन कोर्स से संबंधित किसी भी विषय में पास/सुधार करना चाहते हैं, उन्हें 11 जुलाई तक आवेदन पत्र जमा करना होगा। सभी संबंधित विभागों के प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि वे इच्छुक छात्रों की जानकारी निर्धारित समय के भीतर एमपीडीसी को उपलब्ध कराएं। यह प्रक्रिया समन्वयक प्रो. नवीन कुमार अरोरा के मार्गदर्शन में संचालित होगी।

# वर्षा न होने से किसानों के माथे पर खिंची चिन्ता की लकीरें

जिला संवाददाता

**भटनी(देवरिया)।** एक तरफ जहां देश के अन्य भागों में भारी वर्षा से जनजीवन बेहाल है वहीं पूर्वांचल खासकर देवरिया, कुशीनगर, बलिया आजमगढ़, आदि जिलों में पिछले एक पखवाड़े से वर्षा नहीं होने से सूखे जैसी स्थिति होते देख किसानों के माथे पर

**●खेतों में पड़ी दरारें**

चिंता की लकीरें खिचने लगी है ।पूराआषाढ़ मास सूखा रहने से जहां धान की रोपाई प्रभावित हो रही है वहीं रोपी गयी फसल वाले खेतों में दरार पड़ गई हैं ।किसान धान की फसल को बचाने के लिये किसान महंगी डीजल से सिंचाई को मजबूर हो रहा है ।अब श्रावण मास में किसान वर्षा की आस लगा रहे हैं ।किसानों द्वारा कुछ अपने संसाधनों से धान की रोपाई कर चुके है ।इसके अलावे कुछ किसान बादलो के तरफ टकटकी लगाये हुए है ।लेकिन अवर्षण अब तक होने से किसानों के माथे पर चिन्ता की लकीरे स्पष्टझलक रही है ।देश मे खेती प्रकृति



पर निर्भर रहती है ।जिससे रोपाई करने वाले किसान व न करने वाले किसान दोनो धान की फसल के मुझाने के साथ -साथ किसानों के चेहरो से भी मुस्कान गायब हो गयी है ओर उसके जगह पर चिन्ताएं स्पष्ट झलक रही है ।गर्मी से बेहाल किसान हारथककर फिर पानी व पसीना बहाकर मुर्झाए फसल को संजीवनी देने का कार्य कर रहे है किसान यह कह रहे है कि क्या वर्षा जब कृषि सुखानी ।आलम यह है कि किसान अपने कलेजे पर हाथ रखकर अपने खेतो को बचाने मे लगे है इन्द्रेव को खुश करने के लिए टोटका भी कर रहे है ।गोबर पानी से रात को लोगो पर डाल रहे ।

मानसून के भटक जाने से किसानों की समस्या और भी जटिल हो गयी है ।भविष्य वाणी करने वाले वैज्ञानिक भी फेल हो गये है ।वर्षा के नाम पर फौव्वारे ही आ रहे है वह भी एकही क्षेत्र मे कही धुप कही छाँव जैसी कहावत चरितार्थ हो रहा है ।कही बादल छा रहे है तोकही भीषण गर्मी इससे खेतो मे नमी समाप्त हो जा रही है ।समस्या दोनो तरह के किसानों की एकही तरह की है एक किसान अपने बेहन को बचाने के लिए लगातार अपने साधनों से सिंचाई कर रहे है ।और कुछ किसान धान की रोपाई कर चुके किसान खेतो मे नमी रखने के लिए लगातार सिंचाई कर रहे है ।

प्रकृति और मानसून पर आधारित खेती व उस पर निर्भर रहने वाले किसान अब पूरी तरह से टुट चुके है ।

राजकीय नलकूपों की हालत भी काफी खराब है ।क्योंकि अधिकांश नलकूप नाली के अभाव मे सीमित खेतो तक ही सिंचाई करते है ।सरकार तकनीक खेती को बढावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है ।जिसमे नये नलकूप मे अण्डरग्राउण्ड पाईप लगाकर प्रत्येक खेतो तक पानी पहुँचाया जा रहा है लेकिन पुराने नलकूपों मे यह व्यवस्था नही है ।जिसके कारण नलकूप रहकर भी खेतो की सिंचाई नही हो पाती है ।

किसानों ने प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन से राजकीय नलकूपों के माध्यम से प्रत्येक खेतो मे अण्डरग्राउण्ड पाईप लाईन बिछा कर सिंचाई की व्यवस्था कराने की जोरदार माँग किया है । अवर्षण के कारण इस वर्ष धन की बुवाई का खेतर कम रहने की संभावना है ।वर्षा न होने से धन की खेती बहुत महंगी साबित हो रही है ।

## संक्षेप

### प्रतियोगिताओं का आयोजन

### 14 एवं 15 जुलाई को

**कुशीनगर।** जिला क्रीड़ा अधिकारी रवि कुमार निषाद ने बताया कि जिला स्तरीय जुनियर बालक / बालिका वर्ग की निम्न प्रतियोगिताओं का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम कुशीनगर में कराये जाने हेतु शासन से स्वीकृति प्रदान की गयी है । जिसके अनुसार जिला स्तरीय जुनियर बालक / बालिका वर्ग की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा।

उन्होंने विवरण के क्रम में बताया कि जिला स्तरीय जुनियर आयु वर्ग तैराकी बालक/बालिका प्रतियोगिता, जिला स्तरीय जुनियर आयु वर्ग एथलेटिक्स बालक/बालिका प्रतियोगिता, एवं जिला स्तरीय जुनियर आयु वर्ग हॉकी बालक प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 14 जुलाई 2025 प्रातः 10:00 बजे से होगा। इसी प्रकार जिला स्तरीय जुनियर आयु वर्ग फुटबाल बालक प्रतियोगिता, जिला स्तरीय जूनियर आयु वर्ग कुश्ती बालक प्रतियोगिता एवं जिला स्तरीय जुनियर आयु वर्ग बास्केटबाल बालिका प्रतियोगिता है।

# पुलिस ने लूट की घटना में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जिला संवाददाता

**देवरिया।** थाना भटनी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सल्लहपुर निवासी सुशील कुमार पुत्र श्री बागेश्वर राय द्वारा दिनांक 08 जुलाइ को थाना स्थानीय पर दी गयी तहरीर कि 07 जुलाई की रात्रि में अनिल राम आदि द्वारा सल्लहपुर मोड़ के पास उन्हें घेरकर उनके साथ मारपीट कर उनकी मोटर साइकिल बजाज प्लाटिना वाहन सं0 वढ 56 ऊ 9611 को छीन कर भाग गए जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना भटनी पर मु0अ0सं0 158/2025 धारा 309(6), 324(4), 3(5) बीएनएस का अभियोग अनिल राम सहित 04 नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध पंजीकृत करते हुए विवेचना की जा रही है । पुलिस अधीक्षक श्री विक्रान्त वीर द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री सुनील कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी श्री शिव प्रताप सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में थाना भटनी पुलिस




द्वारा 24 घण्टे के अन्दर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 158/2025 धारा 309(6),324(4),3(5) इठर से सम्बन्धित 01 अभियुक्त अनिल राम पुत्र कन्हैया राम साकिन पिपरा थाना विजयीपुर जनपद गोपालगंज (बिहार) को मुखबिर की सूचना पर सल्लहपुर महुरांव स्थित ईंट भट्ठे के पास से गिरफ्तार करते हुए उसकी निशानदेही से घटना में प्रयुक्त 03 मोटर साइकिलें क्रमशः 01. मोटरसाइकिल फ्त्र5 बिना नम्बर प्लेट की, 02. अपाची मोटरसाइकिल वाहन सं0 वढ 52 इढ 7374 तथा 03. मोटरसाइकिल पैशन एक्स प्रो वाहन सं0 वढ 52 अइ 6092 को बरामद किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त से पुछताछ के क्रम में उसकी निशानदेही से वहीं झाड़ियों में छिपाकर रखी गयी घटना में लूटी गयी मोटरसाईकिल बजाज प्लेटिना वाहन सं0 वढ 56 ऊ 9611 बरामद करते हुए नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है ।

शेष वांछित 03 अभियुक्तों क्रमशः अमरेन्द्र यादव पुत्र शिव यादव निवासी सल्लहपुर थाना भटनी जनपद देवरिया,.सचिन पाण्डेय उर्फ हैप्पी पाण्डेय पुत्र विनोद कुमार पाण्डेय निवासी बंजरिया थाना विजयीपुर जनपद गोपालगंज (बिहार) तथा राहुल यादव पुत्र अदालत यादव निवासी ग्राम डेमुसा थाना भटनी जनपद देवरिया की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें लगी हुई हैं । शीघ्र ही वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी ।लूट की घटना का पदार्फाश करने वाली पुलिस टीम में .उ0नि0 इन्द्रेश कुमार यादव उ0नि0 देवेन्द्र सिंह यादव यादव , हे0का0 मोहम्मद आरिफ, का0 संजय कुमार , का0 अमृत कुमार थाना भटनी शामिल थे ।लूट की घटना का 24 घण्टे के भीतर पदार्फाश करते हुए लूटी गई मोटरसाइकिल बरामद करने के साथ ही एक अभियुक्त की गिरफ्तारी से भटनी पुलिस की सक्रियता क्षेत्र में चचाओं में है ।

# महेन स्थित अद्भूत शिवलिंग बाबा महेंद्रनाथ

जिला संवाददाता

**बरहज,देवरिया।** महेन स्थित बाबा महेन्द्रानाथ के दर्शन मात्र से लोगों को अकाल मृत्यु के भय से मुक्ति मिल जाती है। यह लोगों की मान्यता है । मंदिर के गर्भगृह में स्थापित अदभुत शिवलिंग जमीन से निकला है ।यह अर्ध नारीश्वर के रूप में है ।

श्रावण मास में कांवरिए बरहज के सरजू तट से जल भरकर सर्वप्रथम बाबा महीन्द्रनाथ का जलाभिषेक करते है ।शिवरात्रि पर्व पर यहां मेला लगता है। सैकड़ों वर्ष पूर्व यह क्षेत्र जंगल था।

महेन गावं में ब्राह्मण कुल में जन्मे लक्ष्मी नारायण दास ( जो बाद में पौहरी महाराज - प्रथम के नाम से सुबिख्यात हुए ) बचपन से ही गावं के दक्षिण राप्ती नदी में स्नान कर मंदिर परिसर में विशाल एक पीपल के बृक्ष के नीचे भगवन शिव के आराधना करते थे वह महाकाल भोले शंकर अर्धनारीश्वर स्वरुप में विराजमान होकर उन्हें उपदेश देते थे। पंडित जी की पत्नी को पति का भोर में घर से निकलना और देर शाम घर वापस आना खटकने लगा ।एक दिन वह उनकी साधना स्थली पर पहुंच गई । वह भगवन शिव लक्ष्मी नारायण दास को उपदेश दे रहे थे ।

पत्नी की मौजदगी से उपदेश में बिघ्न पड़ गया और भगवान शिव वही जड़ हो गए । तब से उक्त स्थान को महेन्द्रनाथ का वास के रूप में ख्याति मिली

पौहरी महाराज के ज्ञान बोध स्थल महेंद्रा नाथ मंदिर का करीब सौ साल पहले महाराष्ट्र के मद्रासी बाबा ने पत्थरो से निर्माण कराया था लेकिन 1967 में आये तूफान में उक्त पीपल के वृक्ष के साथ ही मंदिर धवस्त हो गया उसके बाद संत श्री सियाराम जू ने लोगों के सहयोग से भव्य मंदिर का निर्माण कराया। श्रावण मास महापर्व के लिये मन्दिर पर शुक्रवार से पूजा , अनुष्ठान शुरू हो गया है।

# जिला औषधि अधिकारी को भावभीनी विदाई

**देवरिया।** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन देवरिया के तरफ से गुरुवार को कलेक्ट कार्यालय में जिला औषधि अधिकारी रूद्रेश त्रिपाठी का सम्मान समारोह एवं विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ऊक्त अवसर पर

जिला औषधि अधिकारी रूद्रेश त्रिपाठी ने भावुक होकर उन्होंने कहा कि आप सभी को अलविदा कहना मेरे लिए कड़वा-मीठा अनुभव है, लेकिन मैं आशा करता हूं कि हम सभी संपर्क में बने रहेंगे ! आपने मेरे साथ मिलकर सहयोग किया है और मैं आप सभी का बहुत आभारी हूँ। भविष्य के लिए शुभकामनाएँ। आप सब सफल होंगे !

जिलाध्यक्ष ने कृष्णकांत सिंह ने कहा कि हम यहां फार्मासिस्ट आप को विदाई देने के लिए एकत्र हुए हैं। यह एक भावुक क्षण है, क्योंकि हम सभी इस खूबसूरत यात्रा को समाप्त कर रहे हैं। हम सभी फार्मासिस्ट आपके साथ बिताए गए हर पल को संजो कर रखे गे। आपने हम सभी को बहुत कुछ सिखाया है, और हम लोग हमेशा आप



के प्रति आभारी रहेंगे। आपके भविष्य के लिए मेरी तरफ से शुभकामनाएं।

जिला संगठन मंत्री विकास यादव ने कहा कि आप का मिला हुआ स्नेह हम सभी को जीवन पर्यन्त याद रहेगा। व आप का मार्गदर्शन हम सभी को हमेशा मिलता रहे।

ऊक्त अवसर पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर तूफानी यादव जिलाउपाध्यक्ष नीतीश रावत जिला मंत्री आदित्य मिश्रा जिला सचिव विनय कुशवाहा अभिषेक यादव पुष्पेन्द्र ठाकुर मोहित सिंह खुर्शीद ,आशीष गुप्ता विनय विश्वकर्मा राहुल कुशवाहा आदि फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

# जनपद स्तरीय गोष्ठी एवं किसान मेले का आयोजन

**देवरिया।** त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम योजना एवं नेशनल मिशन ऑन एडबिल आयल सीड्स योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय गोष्ठी/ किसान मेला का आयोजन देवरिया क्लब, देवरिया में किया गया। मुख्य अतिथि श्री सूर्य प्रताप शाही जी मा० कृषि मंत्री, उ०प्र० द्वारा किसानों को मक्का की खेती व तिलहन की खेती के लिए जागरूक करते हुए मिलेट्स (श्रीअन्न) की खेती को बढ़ावा देने के साथ-साथ कृषकों को मिनीकिट बीज वितरण किया गया। कृषि गोष्ठी / मेला में ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक / निदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, (रा०पादप अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो), नई दिल्ली, कृषि से संबंधित जानकारी दिया गया। डा० नागेन्द्र कुमार सिंह, प्रोफेसर, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, (रा०पादप अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो), नई दिल्ली के द्वारा धान की नई प्रजातियों के बारे में कृषकों को जानकारी दिया गया। डा० कुलदीप त्रिपाठी, कृषि वैज्ञानिक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, (रा०पादप अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो), नई दिल्ली के द्वारा दलहनी व तिलहनी फसलों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। कृषि वैज्ञानिक डा० प्रशान्त राय, निदेशक, बीज नैनी संस्थान प्रयागराज द्वारा कृषकों को गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन के बारे में बताया। प्रोफेसर वैदूर्य प्रताप शाही, विभागाध्यक्ष, नैनी प्रयागराज द्वारा कृषि की नई तकनीकों पर चर्चा किया गया। डा० मान्धाता सिंह, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, मल्हना, देवरिया द्वारा मोटे अनाज की खेती व प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।



सुभाष मौर्य, उप कृषि निदेशक, देवरिया द्वारा कृषि मेला में कृषकों को विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया तथा कृषकों को प्राकृतिक खेती, मिलेट्स (श्रीअन्न) दलहनी व तिलहनी एवं मक्का की खेती करने के लिए कृषकों को जागरूक किया गया।

गोष्ठी में अन्तयामी सिंह, पूर्व जि०अ०, भा०ज०पा०, प्रमोद शाही, भा०ज०पा० जिला महामंत्री, पवन मिश्र, जिलाध्यक्ष, भारतीय किसान मोर्चा, अलका सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, देवरिया, तरकुलवा ब्लाक प्रमुख, उदयशंकर सिंह, जिला कृषि अधिकारी, संतोष कुमार मौर्य, भूमि संरक्षण अधिकारी, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ, दिग्विजय नाथ सिंह, सलाहकार एवं अन्य विभागों के अधिकारी व जनपद के प्रत्येक विकास खण्डों से कृषक गण उपस्थित रहे।

# उचित दर दुकानों के माहवार भौतिक सत्यापन के लिए अधिकारी किए गए नामित

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने शासनादेश दिनांक 24 सितम्बर, 2022 में विभिन्न शासनादेशों में प्राविधानित व्यवस्था का उल्लेख करते हुए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन समयबद्ध रूप से गंभीरता से सम्पादित कराने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया

**●भौतिक सत्यापन हेतु अधिकारियों को दिए गए बिंदुवार निर्देश**

कि उक्त के अनुपालन समस्त सम्बन्धित को विस्तृत निर्देश दिए गये हैं। शासनादेश में निहित प्रक्रिया के क्रम में जनपद के समस्त उचित दर दुकानों पर माहवार खाद्यान्न के भौतिक सत्यापन हेतु नोडल अधिकारियों तथा पारदर्शी वितरण हेतु पर्यवेक्षण अधिकारियों को नामित कर वितरण कराया जा रहा है, के क्रम में प्रभावी कार्यवाही हेतु समस्त सम्बन्धित को पुनः बिंदुवार निर्देशित किया है। भारतीय खाद्य निगम पर नियुक्त प्रेषण प्रभारी द्वारा प्रेषित खाद्यान्न की रीयल टाईम ऑनलाईन फीडिंग करायी जायेगी, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि किस दुकान का खाद्यान्न, किस समय व किस वाहन से पहुँचेगा। दुकान पर खाद्यान्न के पहुँचने की सूचना पूर्ति निरीक्षक द्वारा उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, ग्राम प्रधान सहित चुने हुए सम्बन्धित जनप्रतिनिधियों एवं नोडल तथा पर्यवेक्षणीय अधिकारियों को व्हाट्सएप्प /एस०एम०एस० के माध्यम से समय से दी जायेगी। उचित दर विक्रेता को परिवहन /हैण्डलिंग ठेकेदार द्वारा प्राप्त करायी गयी खाद्यान्न की सम्पूर्ण मात्रा एवं उपयुक्त गुणवत्ता की पुष्टि का मिलान संबंधित पूर्ति निरीक्षक व विपणन निरीक्षक द्वारा खाद्यान्न डिलेवरी के स्थान पर ही किया जायेगा। संबंधित पूर्ति निरीक्षकों का दायित्व है कि उचित दर विक्रेताओं से खाद्यान्न वस्तुओं की रिसीविंग नियमानुसार ई-पॉस ऐप के माध्यम से नियत समयसीमा अन्तर्गत सुनिश्चित करायें। जिला खाद्य विपणन अधिकारी एवं जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा उक्त का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय। प्रत्येक उचित दर दुकान पर खाद्यान्न के भौतिक सत्यापन हेतु माह जुलाई, अगस्त व सितम्बर, 2025 तक के लिए नोडल अधिकारी नामित करते हुए निर्देशित किया गया है कि उनके द्वारा आवंटित दुकान पर प्राप्त खाद्यान्न की मात्रा व गुणवत्ता का भौतिक सत्यापन कर सत्यापन रिपोर्ट सम्बन्धित उपजिलाधिकारी को तत्काल प्रस्तुत की जायेगी। समस्त उपजिलाधिकारियों द्वारा उचित दर दुकानों पर खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन नोडल अधिकारी के माध्यम से खाद्यान्न वितरण होने से पूर्व सुनिश्चित कराया जायेगा। इस हेतु उपजिलाधिकारी उत्तरदायी होंगें। उपजिलाधिकारी स्तर से उपलब्ध करायी गयी सत्यापन आख्याएं संकलित कर जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी को समय से प्रस्तुत की जायेंगी तथा इस व्यवस्था में किसी भी प्रकार के विचलन तथा अनियमितता को अधोहस्ताक्षरी के संज्ञान में लाया जायेगा। वितरण पर सतर्क दृष्टि बनाये रखते हुए उचित दर दुकानों पर पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की ड्यूटी लगायी गई है जो अपनी देख-रेख में खाद्यान्न का पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करायेंगे एवं वितरण की पूर्ण रिपोर्ट निर्धारित प्रारूपों पर तहसील के आपूर्ति कार्यालय को प्रस्तुत करेंगे तथा तत्सम्बन्धित से सही वितरण के लिए उत्तरदायी होंगे। नामित नोडल अधिकारी तथा पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में वितरण पर सतर्क दृष्टि रखने हेतु पर्यवेक्षकों की क्षेत्रवार ड्यूटी (सूची संलग्न) लगाते हुए निर्देशित किया जाता है कि उनके द्वारा भ्रमणशील रहकर सम्पूर्ण खाद्यान्न का पारदर्शी वितरण सुनिश्चित कराया जायेगा। किस योजना के खाद्यान्न का वितरण किस तिथि को कराया जायेगा, इसका प्रचार-प्रसार उपजिलाधिकारियों द्वारा विभिन्न माध्यमों से कराया जाय, जिससे लाभार्थियों को इसकी जानकारी पूर्व से प्राप्त हो सके एवं कोई भ्रम की स्थिति न रहे। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षक उचित दर दुकानों पर भी वितरण सम्बन्धी सूचनाओं का प्रदर्शन कराना सुनिश्चित करें। तहसील स्तर पर तैनात आपूर्ति विभाग के कर्मचारी तथा अधिकारियों द्वारा नोडल तथा पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की रिपोर्ट संकलित कर उसकी समीक्षा करते हुए अनियमितता पाये जाने वाले विक्रेताओं के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए आख्या समय से उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रतिमाह जिला पूर्ति अधिकारी को प्रेषित की जायेगी। जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी के स्तर से प्राप्त नोडल अधिकारियों की खाद्यान्न सत्यापन रिपोर्ट तथा पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की वितरण रिपोर्ट की संकलित आख्या अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चत करायी जायेगी। जाँचकर्ता अधिकारियों द्वारा उचित दर दुकानों का निम्न बिन्दुओं पर निरीक्षण सम्पन्न किया जायेगा।

## उचित दर दुकान पर खाद्यान्न पहुँचने की सूचना समय से

उपजिलाधिकारी, नोडल अधिकारी तथा चुने हुए स्थानीय जन प्रतिनिधियों को को पूर्ति निरीक्षक द्वारा समय से प्रदान की गयी है अथवा नहीं उचित दर दुकान को परिवहन हैंडलिंग ठेकेदार द्वारा प्रदत्त खाद्यान्न की मात्रा तथा गुणवत्ता का मिलान डिलीवरी पॉइंट पर सम्बन्धित पूर्ति निरीक्षक तथा विपणन निरीक्षण द्वारा किया गया है/नहीं। नोडल अधिकारी द्वारा आवश्यक वस्तुओं का वितरण से पूर्व भौतिक सत्यापन किया गया है कि नहीं? उचित दर विक्रेता द्वारा अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी दोनों प्रकार के राशन कार्यों से सम्बद्ध समस्त यूनिटों पर निर्धारित मात्रा एवं निर्धारित दर पर अनुमन्य खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है अथवा नहीं उचित दर विक्रेताओं द्वारा घटतौली तो नहीं की जा रही है। उचित दर दुकान पर खाद्यान्न के भौतिक सत्यापन में पायी गयी कमियों की स्थिति। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि नोडल तथा पर्यवेक्षणीय अधिकारियों द्वारा यदि ठीक ढंग से कार्य नहीं किया जाता है तो ऐसे अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध सम्बन्धित नियुक्ति/नियंत्रक अधिकारी द्वारा तत्काल विभागीय /अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। स्पष्ट किया जाता है कि नामित नोडल तथा पर्यवेदाणीय अधिकारी के सेवानिवृत्ति / स्थानान्तरण/अपरिहार्य स्थिति में प्रभार लेने वाले संबंधित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा दायित्वों का निर्वहन किया जायेगा। उक्त का अनुपालन संबंधित कार्यालयाध्यक्ष द्वारा सुनिश्चित कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने खाद्यान्न वितरण व्यवस्था से है।

## भाजपाइयों ने किया गुरुओं का सम्मान

**देवरिया।** भाजपा किसान मोर्चा द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर देवरिया नगर स्थित रामजानकी मंदिर के पुजारी जयप्रकाश दास को किसान मोर्चा कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र और बजरंगबली का चित्र भेंट कर उनका पूजन किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने पुजारी जी का तिलक लगाकर पूजन करते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा को हर व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण पर्व है, हमारे धर्मग्रन्थों में गुरु में गु का अर्थ अंधकार या अज्ञान और रू का अर्थ प्रकाश है, इसलिए अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले को गुरु कहा जाता है उन्होंने कहा कि गुरु का महत्व का हर व्यक्ति के जीवन मे होता है। गुरु-शिष्य परम्परा भारतीय संस्कृति की आत्मा है। भाजपा नेता अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि यह पर्व गुरुजनों के प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करने की प्रेरणा देता है। गुरु वंदन कार्यक्रम के माध्यम से हम अपने गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं, जिससे हमारी सांस्कृतिक विरासत और सशक्त होती है। यह आयोजन राजस्थान की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक समृद्धि को दर्शाने वाला एक अनूठा प्रयास है, जो गुरुओं के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर मुख्य रुप से कुँवर राय, विजेंद्र चौहान, अंकुर राय, सुमन्त चतुर्वेदी, अनिल प्रसाद, सन्नी चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

## जनता में कांग्रेस के प्रति जगा विश्वासः अवधेश

**देवरिया।** शहर कांग्रेस कमेटी की सिंधी मिल वार्ड 13 में कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि कोर्डिनेटर प्रदेश महासचिव अवधेश सिंह ने कहा कि देश की जनता कांग्रेस की तरफ आशा भरी नजरों से देख रही है। हम सभी को जनता के हर सुख दुःख में समीलित होकर जनता से जुड़े आने वाला आगामी विधान सभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनना तय है। आप सभी अभी से पूरी तैयारी में जुट जाएं। शहर अध्यक्ष मिर्जा खुर्शीद ने कहा की शहर की सभी वार्डों में कांग्रेस मजबूती के साथ जनता के समस्याओं के साथ संघर्ष करेंगी और जनता के हर लड़ाई में कांग्रेस खड़ी है। इस दौरान सुहेल अंसारी, पवन किशोर मिश्र, अभय प्रताप शुक्ल, अभिनव तिवारी, आयुष गुप्ता, संजय गुप्ता, जवाहर लाल बर्नवाल, सहनवाज जफर, मेघनाथ मदेशिया, आरिफ खान, मनीष चतुवेर्दी, अमित कुमार मिश्र, विशाल पाठक, दिलीप शर्मा, अशीष शुक्ल, ऋषिकेश बर्नवाल, गौहर अली प्रदीप गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहें।

## चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति का धरना जारी

**देवरिया।** चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति एवं संयुक्त महा मोर्चा के संयोजन में बैतालपुर चीनी मिल सहित 14 सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों का धरना कलेक्ट्रेट परिसर में गुरुवार को 209 वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता करते हुए पूर्व सांसद आस मोहम्मद ने कहा कि बैतालपुर चीनी मिल देवरिया के अस्मिता की प्रतीक है। यही एकमात्र चीनी मिल है। जिसके पास सर्वाधिक उपयुक्त क्षेत्र है। मिल गेट क्षेत्र ही इतना अधिक है। जिससे मिल को पूरी क्षमता से चलाया जा सकता है। इसी को आधार बनाकर बीते दिनों में पूर्ववर्ती सरकार ने अन्य मिल को बेचते समय इस मिल को नवीनीकरण करके चलाने हेतु अनुबंध करके विक्रय किया है और इसी अनुबंध के अनुसार किसान मिल को चलाने हेतु धरनारत हैं। इस अवसर पर बृजेंद्र मणि त्रिपाठी, राकेश सिंह, वीरेंद्र, सुनील, बकरीदन उर्फ बरकत अली, दीनदयाल शर्मा, अशोक मालवीय, नईम खान, संजीव शुक्ला, विनोद पति आदि मौजूद रहे।

## किसान दिवस 16 को

**कुशीनगर।** उप कृषि निदेशक अतीन्द्र कुमार ने बताया कि प्रत्येक महीने के तृतीय बुधवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय किसान दिवस का आयोजन किया जाता है। इस क्रम में माह जुलाई 2025 का किसान दिवस तृतीय बुधवार दिनांक 16 जुलाई 2025 को 12:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने किसान बंधुओं सहित संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि 16 जुलाई 2025 को 12:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में सम्यक सूचनाओं के साथ उपस्थित होने का कष्ट करें।

## एक दिवसीय रोजगार मेला आईटीआई परिसर में 14 जुलाई को

**कुशीनगर।** समन्वयक, कौशल विकास मिशन डी०पी०एम०यू० पडरौना कुशीनगर आलोक कुमार मौर्य ने बताया कि दिनांक 14.07.2025 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पडरौना कुशीनगर के परिसर में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। जिसमे विभिन्न कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदो हेतु साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। जिसमे 10वीं, 12वीं, कौशल विकास से प्रशिक्षित, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी उक्त मेले में अपने समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ प्रतिभाग कर रोजगार मेले का लाभ प्राप्त सकते है।

## श्रावण मास की तैयारी जोरों पर

*बरहज* ।मंदिर पर श्रवण मास के प्रथम दिन शुक्रवार से जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु जुटेंगे। मंदिर की प्रकाश से सजावट की गई है। मंदिर के पास पोखरा स्थित है जिससे श्रद्धालुओं को स्वच्छ जल मिल मिलता है। रुद्राभिषेक के लिये श्रद्धालु शुक्रवार से ही जुटने लगे है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा का व्यापक प्रबन्ध किया गया है। जिससे कि पूजन, दर्शन में असुविधा न हो। श्रावण मास में बरहज सरयू नदी तट से श्रद्धालु कांवड़ में जल भरकर बाबा महेंद्रा नाथ का जलाभिषेक करते हैं। पूजन सामग्री आदि की दुकानें आज गई हैं। श्रावण मास भर पूजन, अर्चन, कथा का आयोजन होता हैं।

## सनातन धर्म में गुरु की महिमा सर्वोपरि : रमापति राम

**देवरिया।** गुरुवार, गुरु पूर्णिमा के पवन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व निवर्तमान सांसद डॉक्टर रमापति राम त्रिपाठी ने देवरही मंदिर के पुजारी रामायण पांडे को शाल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया, सदर विधायक डॉ शलभ मणि त्रिपाठी ने बाबा सोमनाथ मंदिर के महंत भोला गिरी को एवं माता गायत्री मंदिर के महंत बाबू सिंह को माला एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया, विधानपरिषद सदस्य डा



रतनपाल सिंह ने पैकौली कुटी के पुजारी को माला पहनाकर आशीर्वाद लिया ।जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा ने पंचमुखी हनुमान मंदिर के महन्त युगल किशोर तिवारी को अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह ने श्री राम जानकी मंदिर के महंत जयप्रकाश दास को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा ने श्याम मंदिर के महंत रविंद्र पाठक को माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया । डा रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि गुरु का दर्जा भगवान से भी ऊपर होता है ।जीवन में गुरु के बताए रास्ते पर चलकर ही लोग सफलता की ऊंचाइयों को प्राप्त करते हैं ।हिन्दू सनातन धर्म में गुरु की महिमा सर्वोपरि है ।सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि हिंदुओं, सिखों, बौद्धों और जैनों द्वारा मनाई जाने वाली गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है, जो महाभारत के रचयिता और वेदों के संकलनकर्ता ऋषि वेद व्यास की जयंती का प्रतीक है। डा रतनपाल सिंह ने कहा कि जब भगवान शिव शिक्षक या गुरु बने ट से यह गुरुपूर्णिमा के नाम से जानी जाती है और शिव आदिगुरु कहलाते हैं। याद रखिए, आप गुरु नहीं चुनते, गुरु आपको चुनते हैं।

## पर्यावरण की सुरक्षा के लिए युवाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण : आनंद शाही

**देवरिया।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शहर के सी सी रोड स्थित एक प्राइवेट कोचिंग सेंटर पर वृक्षारोपण किया गया तथा युवा छात्र छात्राओं को पौधा भी बांटा गया । मानवता के संरक्षण एवं परिष्कृत वातावरण के लिए युवा एवं पेड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वृक्ष प्रकृति एवं मानव जीवन को स्वस्थ एवं बचाए रखने के लिए अनिवार्य हैं तो युवा अपनी रचनात्मकता , पराक्रम और सृजनशीलता से राष्ट्र व समाज के विकास के लिए अहम भूमिका निभाते हैं।

संक्षेप

## जल भरने के लिए कावरियों का जत्था राजघाट के लिए रवाना

**सीतापुर।** पवित्र सावन मास में शिव की आराधना शिव भक्ति में लीन भक्तो ने पैदल यात्रा व कांवर यात्रा को लेकर सैकड़ो किलोमीटर लंबी दूरी तय करके भगवान भोलेनाथ महादेव को जल अर्पित करते हैं। कमलापुर क्षेत्र में प्रसिद्ध नागेश्वर नाथ धाम के भक्तो ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र के कावरियों का जत्था बुधवार को गंगा जल भरने के लिए राजघाट के लिए ढोल नगाड़े के साथ हर हर महादेव के उद्घोष के साथ रवाना हुआ। कांवरियों ने माता महोठे रानी मंदिर के दर्शन पूजा अर्चना करते हुए , समाजसेवी प्रबंधक निर्धन परिवार कल्याण सेवा संस्थान अभिषेक ठाकुर, चेयरमैन प्रतिनिधि गन्ना समिति कमलापुर रवि प्रकाश सिंह ,जे पी सिंह, ने कावरियो के जत्था को ध्वज दिखाकर राजघाट के लिए रवाना किया। राजघाट पहुंचकर सभी कांवरिया गंगाजल भरकर वहा से पैदल कांवर यात्रा प्रारंभ करते हुए लगभग एक सौ बीस किलोमीटर की लंबी पैदल यात्रा करते हुए नागेश्वर नाथ धाम में अपनी कांवर का जल भगवान भोलेनाथ नागेश्वर नाथ धाम में अर्पित करेंगे।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**सीतापुर।** थाना संदना इलाके के ग्राम भरौना में गुरुवार को गांव के बाहर नहर के किनारे स्थित गन्ने के खेत में एक अज्ञात युवक का शव नीम के पेड़ पर लटका मिला। शव की जानकारी जयराम पुत्र श्याम सुंदर, निवासी भरौना द्वारा दी गई। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 25 वर्ष है। शव को पहचान और जांच के लिए सीतापुर मर्चरी भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष चन्द्रभान यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया शव 3-4 दिन पुराना प्रतीत होता है। स्थानीय स्तर पर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया जो असफल रहा। उन्होने बताया कि मृतक ने नीली जींस, पीली शर्ट और काले अंडरगारमेंट्स पहन रखे थे। थानाध्यक्ष ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को मृतक की पहचान के बारे में कोई जानकारी हो या किसी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज हो, तो थाना संदना में सूचित करें।

## एक पेड़ मां के नाम से किया गया पौधरोपण

**सीतापुर।** एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम में विकास खंड कसमंडा की ब्लॉक प्रमुख मुन्नी देवी तथा खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव व ब्लॉक के पंचायत सचिव की मौजूदगी में बसईडीह में वृक्षारोपण किया गया। साथ ही ब्लॉक की विभिन्न ग्राम पंचायतों में भी वृक्षा रोपड़ का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर पंचायत सचिव सहित ब्लॉक के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे ।साथ ही क्षेत्र के राजा बहादुर डॉक्टर सूर्य बख्श सिंह इंटर कालेज कमलापुर परिसर में प्रधानाचार्य साकिब जमाल अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉलेज के प्रधानाचार्य,शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया इस अवसर पर मनोज मिश्रा, अनुराग पटेल, डॉक्टर आशुतोष मिश्र, अनूप सिंह ज्योति सिंह, सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हुए कॉलेज के प्रधानाचार्य ने एक सौ पचास वृक्षों को कॉलेज के बच्चों को अपने घरों के आस पास रोपने के लिए वितरित किया गया है।

## बीती रात चोरों ने धावा बोलकर नगदी समेत माल किया पार

**सीतापुर।** सदरपुर क्षेत्र में बीती रात चोरों ने धावा बोलकर मकान में स्थित दुकान से नकदी व जेवर के साथ किराने का सामान समेत करीब एक लाख की संपत्ति चोरी कर ली। पीड़ित ने घटना की तहरीर स्थानीय थाने पर दे दी है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदरपुर के रंडा के सफी अहमद पुत्र फिदा खाँ का मोटिलालपुरवा चैराहे ओर मकान बना हुआ है और उसी में किराने की दुकान है।

बुधवार की रात चोरों ने धावा बोलकर 17 हजार की नकदी, एक सोने की अंगूठी, एक बीड़ी का गत्ता, एक बोरा पान मसाला, तीन भगोना समेत करीब एक लाख की संपत्ति चोरी कर ले गए। पीड़ित को घटना की जानकारी सुबह हुई तब उन्होंने 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दे दी है।

# गुरुपूर्णिमा पर भक्तों का उमड़ा जनसैलाब, लगाई आस्था की डुबकी

जिला संवाददाता



**पाटन, उन्नाव।** बीघापुर तहसील क्षेत्र के ऐतिहासिक व धार्मिक स्थल बक्सर घाट स्थित शक्ति पीठ मां अम्बिका चंद्रिका देवी मंदिर में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का जनसैलाब उमड़ पड़ा। गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया और मां चंद्रिका देवी के दर्शन-पूजन कर अपने गुरुओं को स्मरण करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। गंगा किनारे बसे इस पवित्र मंदिर में सुबह से ही दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी ने आस्था के साथ गंगा स्नान कर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। मंदिर परिसर और घाट क्षेत्र भक्ति-भावनाओं से सराबोर नजर आया। गुरु पूर्णिमा, जिसे व्यास पूर्णिमा या वेदव्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है, हर वर्ष आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है। मान्यता है कि इसी दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, जिन्होंने वेदों का संकलन किया और महाभारत की रचना की। यह दिन गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता को रेखांकित करता है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए। उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह, तहसीलदार मनीष द्विवेदी तथा थाना प्रभारी बारासगवर धर्मेंद्र नाथ मिश्र ने अपनी टीमों के साथ मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं की निरीक्षण व निगरानी की। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पुलिस बल सतर्क रहा। मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए जलपान और प्रसाद वितरण की भी समुचित व्यवस्था की गई थी। गुरु पूर्णिमा पर बक्सर घाट का यह धार्मिक आयोजन श्रद्धा, भक्ति और गुरु के प्रति सम्मान का सजीव उदाहरण बनकर सामने आया, जिसने पूरे क्षेत्र को भक्ति-रस में सराबोर कर दिया।

## श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**उन्नाव, शुक्लागंज।** गुरु पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और पुरोहित को दान दक्षिणा देकर पुण्य को प्राप्त किया। वहीं रेलवे स्टेशन पर खचाखच श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सुरक्षा की दृष्टि से स्टेशन पर आरपीएफ, जीआरपी सतर्क रही। बुधवार की रात से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। गंगा स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने सूर्यदेव को अर्घ्य देकर उपासना की आसपास के जनपदों से काफी संख्या में लोगों की भीड़ रही। हरौनी, जैतीपुर, कुसुंभी, अमौसी, मानकनगर से कासगंज पैसेंजर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु गंगाघाट स्टेशन पर उतरे और गंगा स्नान को गए। श्रद्धालु राकेश कुमार शुक्ला ने बताया कि गुरु पूर्णिमा का दिन बहुत खास होता है पंचांग के अनुसार यह तिथि आषाढ़ पूर्णिमा होती है। मान्यता है कि इस दिन हिंदू धर्मग्रंथ महाभारत के रचयिता वेद व्यास का जन्म भी हुआ था वेद व्यास ने चारों वेदों का ज्ञान भी दिया और पुराणों की रचना की इस लिए इस दिन को वेद व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। वहीं गंगातट के भदौरिया बाबा ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर गुरुओं का सम्मान साधु संतों को दान दक्षिणा देकर पुण्य को प्राप्त किया जाता है। वहीं भीड़ को देखते हुए उन्नाव जिला प्रशासन द्वारा गंगातट पर भारी पुलिसबल को तैनात किया गया था। और गोताखोरों को अलर्ट किया गया था।

## गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया

**सीतापुर।** सीता ग्रुप आफ एजूकेशन में गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थियों ने रोली तिलक के साथ माल्यार्पण कर शिक्षकों का अभिनंदन किया। इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा गुरू की महिमा का वर्णन करते हुए सुमधुर गीत प्रस्तुत किए गए। सीता ग्रुप आफ एजूकेशन की जूनियर शाखा में प्रधानाचार्य अनंत रत्नम वाजपेयी, उप प्रधानाचार्य एसआर वर्मा, नीरज वर्मा, विजय वर्मा सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का गुरु पूर्णिमा के मौके पर विद्यार्थियों द्वारा रोली तितक के साथ माल्यापर्ण कर अभिनंदन किया गया। नगर के समाजसेवी अतुल वर्मा ने भी कालेज पहुंचकर शिक्षकों को सम्मानित किया। गुरू की महत्ता प्रकाश डालते हुए उप प्रधानाचार्य विजय वर्मा ने बताया कि संपूर्ण विश्व में गुरु का स्थान ईश्वर से भी बढ़कर माना गया है। गुरु के बताए आदर्शों का पालन करते हुए अनुशासित जीवन जीने के साथ सफलता की ऊंचाइयों पर आगे बढ़ सकते हैं। कार्यक्रम की शुभारंभ मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस मौके पर ओपी विश्वकर्मा, मंजू सिंह, रत्ना विश्वकर्मा, राजाराम वर्मा, जीराम वर्मा, उमेश यादव, अजय सिंह, श्रद्धा श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। संचालन शिक्षिका पूनम वर्मा ने किया।



## प्रभारी मंत्री ने किया शिक्षक का सम्मान



**सीतापुर।** जिले के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा आरएमपी डिग्री कॉलेज के पूर्व विभाग अध्यक्ष (हिंदी साहित्य) व वरिष्ठ साहित्यकार अरुण त्रिवेदी का गुरु पूर्णिमा के अवसर पर उनके आवास पर जाकर उन्हें अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने बताया की गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुओं का सम्मान सनातन संस्कृति का एक अभिन्न अंग है आज अरुण त्रिवेदी का सम्मान करने का अवसर प्राप्त हुआ है जो की गौरवपूर्ण है उन्होंने अध्यापक रहते हुए देश के विकास के लिए एक से एक मेधावी छात्र तैयार किए हैं निश्चित तौर से उनका योगदान हम सबके लिए सराहनीय व सम्माननीय है इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा गुरुजनों कथा वाचकों एवं आध्यात्मिक जनों का सम्मान किया जा रहा है यह सनातन के सम्मान का विषय है एक तरफ जहां सनातन में गुरु को गोविंद से भी बड़ी उपाधि दी गई है वही समस्त सनातनियों के लिए गुरु पूर्णिमा अत्यंत सौभाग्यशाली दिन है आज इसी क्रम में जिले के वरिष्ठ शिक्षक (प्रोफेसर) रहे अरुण त्रिवेदी का सम्मान हम सबके लिए गौरव का विषय है जिला अध्यक्ष ने बताया कि यह सम्मान उन सभी छात्रों की तरफ से भी है जिन्हें गुरु रहते हुए अरुण त्रिवेदी जी ने सफलता के मार्ग पर पहुंच कर राष्ट्र निर्माण में लगाया है। इस अवसर पर सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने भी अरुण त्रिवेदी का सम्मान किया साथ ही साथ जिले भर में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं द्वारा गुरुपूर्णिमा के पावन पर्व पर शिक्षकों कथा वाचकों को को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विश्राम सागर राठौर मंडल अध्यक्ष नगर वन राजन गुप्ता सहित लोग उपस्थित रहे।

## सात वाहनों की नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न



**उन्नाव।** लखनऊ एसपी जीआरपी के निर्देश पर कई वर्षों से मुकदमे से संबंधित दो पहिया वाहनों का न्यायालय द्वारा निस्तारण नहीं होने के कारण नीलामी की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। उन्नाव जीआरपी प्रभारी अरविंद पाण्डेय ने बताया कि कई वर्षों से मालखाने में दाखिल लावारिस 07 मोटरसाइकिलो विभिन्न मुकदमों से संबंधित सीनियर फोरमैन उन्नाव डिपो द्वारा मूल्यांकन कराकर गुरुवार को नीलामी की प्रक्रिया शुरू की गई जिसमें उन्नाव के अमन ट्रेडर्स ने बोली लगाते हुए 43000 रुपए की बोली लगाई नियमानुसार नीलामी प्रक्रिया संपन्न किया गया। नीलामी के दौरान उप जिलाधिकारी (न्यायिक) रामदेव निषाद, क्षेत्राधिकारी रेलवे हृषिकेश यादव, अभियोजन अधिकारी अनंत त्रिपाठी, उन्नाव बार एसोसिएशन अध्यक्ष गिरीश मिश्र रहे।

## मानकों के अनुरूप डाटा फीडिंग का कार्य कराया जाए: जिलाधिकारी




**सीतापुर।** आकांक्षात्मक विकास खण्ड बिसवां की विभिन्न इंडीकेटर्स पर प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार मे सम्पन्न हुई।

बैठक में डीएम ने निर्देश दिये कि समस्त इंडीकेटर्स पर लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करायें साथ ही उन्होंने हेल्थ एण्ड न्यूट्रीशन, एजुकेशन, एग्रीकल्चर एण्ड वाटर रिसोर्स, फाईनेंशियल इंक्लूशन एण्ड स्किल डेवलपमेंट, बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर, सोशल डेवलपमेंट आदि बिन्दुओं पर विभागवार चर्चा की। डीएम ने कहा कि मानकों के अनुरूप डाटा फीडिंग का कार्य कराया जाए। बाल विकास एवं पुष्टाहार की समीक्षा करते हुये उन्होने निर्देश दिये कि सैम एवं मैम बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाया जाए तथा महिलाओं के एफपीओ एवं एसएचजी बनवाते हुये उन्हें संचालित कराया जाये। विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, स्पांसरशिप योजना, बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना, दिव्यांग पेंशन योजना आदि के लम्बित आवेदनों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करते हुये पात्रों को लाभान्वित कराया जाये। विकास खण्ड बिसवां के समस्त गांवों को बीएसएनएल द्वारा संचालित उच्च गुणवत्ता की इंटरनेट सुविधा से जोड़े जाने एंव सभी ग्राम पंचायतों में गठित समितियों को सक्रिय कराते हुये नियमित बैठक आयोजित कराये जाने के निर्देश भी दिये। बैठक के दौरान उन्होने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य की जांच एवं अन्य गतिविधियां भी रोस्टर के अनुसार संचालित करना सुनिश्चित हो। उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि खराब प्रगति वाले इंडीकेटर्स में सुधार करें।

## ग्रामीणों ने रिहायशी इलाके में शराब की दुकान को लेकर किया सड़क जाम



**तंबौर/सीतापुर।** तंबौर थाना क्षेत्र के काशीपुर गांव में गुरुवार को स्थानीय ग्रामीणों ने काशीपुर तंबौर मार्ग पर रोड का चक्का जाम कर दिया लोगों द्वारा देशी शराब का ठेका रिहायशी इलाके में मंदिर परिक्षेत्र के दायरे में पड़ रहा था। जिसको वहां से हटाने को लेकर स्थानीय जनों ने तीन माह पूर्व से जिलाधिकारी ,आबकारी विभाग, थाना और क्षेत्रीय विधायक सेवता ज्ञान तिवारी को दिया। जिसमें लोगों ने बताया शराबी ठेके से शराब पी कर घर के सामने बदतमीजी गाली गलौज करते है समस्या से परेशान होकर स्थानीय लोगों ने आई जी आर एस भी किया जिसमें विभाग द्वारा गलत आख्या लगा कर मामले में लीपा पोती कर दी गई आखिरकार स्थानीय जनों द्वारा विभाग की लापरवाही को देखते हुए आज रोड चक्का जाम कर दिया। और शराब की दुकान में एक ताला स्थानीय लोगों ने भी लगा दिया। जिसको लेकर मौके पर पहुंची तंबौर पुलिस से उपनिरीक्षक श्रीनिवास पांडेय और थानाध्यक्ष राकेश सिंह द्वारा शांति व्यवस्था को देखते हुए लोगों को समझाया बुझाया परन्तु लोग अपनी बात पर अड़े रहे, सेवता विधायक ज्ञान तिवारी के हस्तक्षेप से मौके पर उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला, तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी, आबकारी निरीक्षक महेंद्र वर्मा मौके पर पहुंच कर लोगों को आश्वस्त किया कि यह शराब की दुकान अब यहां संचालित नहीं होगी इसको रिहायशी इलाके से दूर जहां पर कोई विवाद न हो वहां संचालित की जाए। उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला एवं तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी ने आबकारी निरीक्षक महेंद्र वर्मा को निर्देश दिया कि यह देशी शराब की दुकान अब यहां संचालित नहीं होगी इसको कहीं अन्यत्र निर्विवादित जगह पर संचालित की जाए। लोगों को आश्वस्त किया कि अब यहां यह शराब की दुकान संचालित नहीं होगी। बजरंगदल के शीनू मिश्रा अपने कार्यकर्ताओ के साथ पहुँच कर लोगों को समझाया तभी लोगों ने जाम हटाया कर धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया! उपस्थित ग्रामीण सत्यन्द्र मिश्रा सालपुर प्रधान संघ अध्यक्ष रेउसा, संजीव मिश्र, मोहित, कमलाकांत, शकूर, उमाकांत सहित सैकड़ों की संख्या में लोग चक्का जाम में उपस्थित रहे।

## सावन में जलाभिषेक को जाने वाले कांवड़ियों की संख्या निरंतर बढ रही



**पाटन, उन्नाव।** श्रावण मास के आरंभ होते ही शिवभक्तों में उत्साह और भक्ति का माहौल व्याप्त हो गया है। बीघापुर तहसील क्षेत्र से लोधेश्वर महादेव (बाराबंकी) मंदिर में जलाभिषेक के लिए जाने वाले कांवड़ यात्रियों (कांवड़ियों) की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने यात्रा को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में बीघापुर के उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को तहसील परिसर स्थित जनसभा कक्ष में कोटेदारों और पेट्रोल पंप मालिकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कांवड़ यात्रा के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपजिलाधिकारी ने बताया कि यात्रा मार्ग पर दो अस्थायी सहायता चैकियां स्थापित की जा रही हैं। पहली चैकी धानीखेड़ा मार्ग स्थित विजय लक्ष्मी मैरिज लॉन के पास तथा दूसरी पीएसी सुमेरपुर के निकट स्थापित की जाएगी। इन चैकियों पर कांवड़ियों के लिए चिकित्सकीय जांच, प्राथमिक उपचार और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। पेट्रोल पंप मालिकों और कोटेदारों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर टेंट लगवाकर अल्पाहार, पेयजल और विश्राम जैसी आवश्यक सुविधाएं कांवड़ यात्रियों को उपलब्ध कराएं। प्रशासन ने संबंधित विभागों को भी निर्देशित किया है कि यात्रा मार्गों की मरम्मत, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और यातायात नियंत्रण की व्यवस्था समय पर पूरी कर ली जाए। एसडीएम रणवीर सिंह ने आमजन से अपील की है कि वे कांवड़ यात्रा में सहयोग करें और श्रद्धालुओं का स्वागत भावपूर्वक करें, जिससे श्रावण मास की यह पावन यात्रा शांति, सुरक्षा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हो सके।

# आम जनमानस में सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए: प्रभारी मंत्री

जिला संवाददाता




**सीतापुर।** जनपद के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह की अध्यक्षता में केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं एवं जनपद की कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं, विकास कार्यों, निर्माण कार्यों आदि में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की विभागवार गहन समीक्षा की। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा आम जनमानस के स्वास्थ्य, शिक्षा, भरण पोषण, आवास आदि से सम्बन्धित जितनी भी योजनाएं चालू की गयी हैं, उन सबका लाभ प्रत्येक दशा में पात्र व्यक्तियों तक पहुंचना चाहिए। कोई भी पात्र लाभार्थी योजना के लाभ से वंचित न रहे तथा आम जनमानस में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। सम्बंधित विभागीय अधिकारीगण उनके विभाग से सम्बंधित योजनाओं के आच्छादन एवं प्रगति की गुणवत्ता का निरीक्षण गॉव में जाकर करते रहें तथा लाभार्थियों का फीड बैक भी अवश्य प्राप्त करें।

पर्यटन विभाग द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों में अधिकांश कार्य समयावधि में बाद पूर्ण न पाये जाने पर प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिये कि कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाये तथा कार्य में विलम्ब करने वाली कार्यदायी संस्थाओं कांट्रैक्टर के विरूद्ध जुमार्ना लगाया जाये। प्राचीन बालेश्वर मंदिर के सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास की तिथि 31 मार्च 2025 को पूर्ण होने के बावजूद अभी तक मात्र 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने पर जवाबदेही तय करने के निर्देश दिये। 84 कोसीय परिक्रमा के समस्त कार्य को समय से पूर्ण कराये जाने हेतु भी निर्देशित किया। इसके साथ ही सेवता विधानसभा स्थित सुनासर देवी मंदिर पर पर्यटन विकास हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिये। नैमिषारण्य स्थित दशाश्वमेघ घाट पर हाईमास्क लाईट स्थापित कराये जाने हेतु भी निर्देशित किया। मनरेगा योजना के अन्तर्गत पूर्ण पारदर्शिता के साथ कार्य कराये जाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत सिधौली में अभ्युदय कक्षाएं संचालित कराये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश जिला समाज कल्याण अधिकारी को दिये। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने ने बाढ़ क्षेत्रों में संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि योजनाओं को समय से पूर्ण करायें तथा संबंधित अधिकारी बाढ़ क्षेत्रों में भ्रमणशील रहें। सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवाओं एवं चिकित्सकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये तथा टीम बनाकर बाढ़ क्षेत्रों में लोगों को समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रबंध किये जाये। सड़कों को गढ्डा मुक्त किये जाने के कार्यों की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि बाढ़ क्षेत्रों में निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी प्रबंध किये जायें। नई सड़कों के निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ कराया जाये। ?प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत पात्रों को आवास आवंटित कराया जाये। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देश दिये कि जिला पंचायत के कार्यों में जनपद के समस्त क्षेत्रों से कार्य स्वीकृत कराये जायें। ?बैठक के दौरान नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू, सदस्य विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चैहान, विधायक सेवता ज्ञान तिवारी, महोली शशांक त्रिवेदी, विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, विधायक सिधौली मनीष रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## .पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर बूथ कैंप का आयोजन

**अयोध्या।** वैश्विक ऊर्जा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अयोध्या शहर को सोलर सिटी के रूप में विकसित किए जाने के उद्देश्य से शासन एवं वसुधा फाउंडेशन के तत्वाधान में प्रदेश भर में एक दिवसीय पी एम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत बूथ कैंप का आयोजन यूपीनेडा एवं सोलेक्सा सर्विसेज प्रा लि अयोध्या द्वारा संयुक्त रूप से सदर तहसील और चैक में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राम प्रसाद त्रिपाठी उपजिलाधिकारी सदर अयोध्या द्वारा फीता काटकर कैंप का शुभारंभ किया गया और चैक बूथ कैंप का उद्घाटन राजेश गौड़ डिप्टी मेयर अयोध्या द्वारा किया गया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि अयोध्या में हर घर सोलर अभियान के तहत सोलर प्लांट लगाने एवं अनुदान का कार्यक्रम चलाया जा रहा है इसी क्रम में सोलर प्लांट ज्यादा से ज्यादा लगवाने का आवाहन किया।

कैंप के आयोजक मैनेजिंग डायरेक्टर सोलेक्सा सर्विसेज प्रा लि जितेंद्र मणि द्विवेदी ने बताया कि अयोध्या में 1500 घरों पर सोलर प्लांट लगा है जिसमें मेरी कंपनी सोलेक्सा द्वारा 600 से ज्यादा सोलर प्लांट लगाया गया है जिले के मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सेलेक्सा कोअग्रणी कंपनी को पुरस्कार भी मिला है एवं जिले में सबसे ज्यादा सोलर लगाकर प्रथम स्थान का भी पुरस्कार भी मिला है और मंडल में भी सबसे ज्यादा सोलर प्लांट हम लोगो द्वारा किया गया है। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी यूपीनेडा पी एन पांडेय ने लोगो को सोलर के लाभ बताकर ज्यादा से ज्यादा सहयोग करने का अनुरोध किया जिससे जिले को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा सके । इस संकल्प के साथ राष्ट्रीय हित के लिए प्रदेश हित के लिए जिले के हित के लिए लोग ज्यादा से ज्यादा आगे आए और पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं और राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा अनुदान का भी लाभ पाये ।इस अवसर अतिथि के तौर पर तहसीलदार सदर एवं कंपनी की तरफ श्रवण मिश्रा विनय सिंह ,श्याम, सुमन, लक्ष्मी , सुधाकर, शैलेंद्र , संदीप , आदित्य एवं वसुधा फाउंडेशन दिल्ली तान्यता एवं देवारति और संस्था के लोग उपस्थित रहे।

संक्षेप

## किसान सम्मान निधि के लिये फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य

**बांदा।** एग्रीस्टैकए डिजिटल पब्लिक इन्फास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चर के तहत किसान सम्मान निधि के लाभार्थी कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण कराया जाना है। उप कृषि निदेशक ने बताया कि भारत सरकार ने यह निर्णय लिया है कि पी०एम०किसान सम्मान निधि योजना के तहत नये पंजीकरण कराने एवं मिलने वाली किस्त के लिए किसानों की फार्मर रजिस्ट्री होना अनिवार्य है। किसान सम्मान निधि की अग्रिम किस्त बिना फार्मर रजिस्ट्री के प्राप्त नहीं होगी। उन्होंने जिले के किसानों से अनुरोध किया है कि जन सुविधा केन्द्र में सभी आवश्यक अभिलेखए आधार लिंक्ड मोबाइल नम्बरए आधार कार्ड एवं खतौनी के साथ पहुँचकर निर्धारित शुल्क देकर फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण करा लें। फार्मर रजिस्ट्री से फसली ऋणए फसल बीमा की क्षतिपूर्तिए आपदा राहत प्राप्त करने जैसी कई सुविधाएं मिलने में सुगमता होगी।

## तहसील स्तर पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोनीत

**ललितपुर।** उ.प्र.कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय ने नगर अध्यक्षों की सूची को स्वीकृति प्रदान कर दी है। जिसमें नगर ललितपुर में रामनरेश दुबे को नगर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे के निर्देश पर जिला प्रभारी कुंवर मुकुट सिंह और जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक की संस्तुति पर प्रदेशाध्यक्ष ने नगर ललितपुर में रामनरेश दुबे, तालबेहट में अमित सिंह बुंदेला, महरौनी में राकेश सेन एवं पाली में अतुल कुमार जैन को अपने-अपने नगरों की जिम्मेदारी दी गई है। यह खबर सुनते ही जिले के कांग्रेसियों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन सभी लोगों ने बधाइयां दी। जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि नगर की जिम्मेदारी बहुत बड़ी है, सभी कांग्रेस जनों से मिलकर कांग्रेस को राहुल गांधी के सपने को पूरा करना है उनके बताए थे बताए गए दिशा निर्देशों पर चलकर कांग्रेस को मजबूत करना है।

## पेंशनर्स बैठक आज

देवरिया। पेंशनर्स कल्याण संस्था की बैठक 11 जुलाई को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पेंशनर्स कार्यालय पर हुई। जिसमें जिसमें पिछली कार्यवाही की पुष्टि, पेंशनर्स की प्रमुख समस्यायों, संगठन की सदस्यता बढ़ाने, संगठन को मजबूत करने आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श किया।

# सत्संग वह दर्पण है जो मनुष्य के चरित्र को दिखाता हैः स्वामी चन्द्रेश्वरगिरी

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** श्री सिद्धपीठ चंडी मंदिर धाम पर गुरूपूर्णिमा का पर्व बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह की बेला में परम पूज्य अनंत विभूषित चंडी पीठाधीश्वराचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी चन्द्रेश्वरगिरि महाराजजी ने गुरूमूर्तियों का महाभिषेक व पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात शिष्यों ने परमपूज्य चंडी पीठाधीश्वराचार्य महामण्डलेश्वर चन्द्रेश्वरगिरिजी का

- श्री सिद्धपीठ चंडी धाम पर धूमधाम से मनाया गया गुरू पूर्णिमा का पर्व

गुरुपूजन किया व आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि संतो के संग से मिलने वाला आनंद तो बैकुण्ठ में भी दुर्लभ है। रामचरितमानस मे भी लिखा है कि तात स्वर्ग अपवर्ग सुख धरि तुला एक अंग। तुल न ताहि सकल मिलि जो सुख लव सतसंग। हे तात ! स्वर्ग और मोक्ष के सब सुखों को तराजू के एक पलड़े में रखा जाये ते भी वे सब सुख मिलकर भी दूसरे पलड़े में रखे हुए उस सुख के बराबर नहीं हो सकते, जो क्षण मात्र के सत्संग से मिलता है। सत्संग की बहुत महिमा है,, सत्संग तो वो दर्पण है जो मनुष्य के चरित्र को दिखाता है ओर साथ साथ चरित्र को सुधारता भी है। सत्संग से मनुष्य को जीवन जीने का तरीका पता चलता है। सत्संग से ही मनुष्य को अपने वास्तविक कर्तव्य का पता चलता है। उन्होंने कहा कि आषाढ़ महीने की पूर्णिमा को महाभारत के रचयिता वेद व्यास का जन्म हुआ था। वेद व्यास के बचपन की बात है। वेद व्यास ने अपने माता-पिता से भगवान के दर्शन की इच्छा जाहिर की, लेकिन उनकी माता सत्यवती ने उनकी इच्छा पूरी करने से मना कर दिया। वेद व्यासजी हठ करने लगे, तो माता ने उन्हें वन जाने की आज्ञा दे दी। जाते समय माता ने वेद व्यास जी से कहा कि जब घर की याद आए, तो लौट आना इसके बाद वेद व्यास जी तपस्या करने के लिए वन चले गए। वन में उन्होंने बहुत कठोर तपस्या की। इस तपस्या के प्रभाव से वेद व्यास जी को संस्कृत भाषा का बहुत ज्ञान हो गया। फिर उन्होंने चारों वेदों का विस्तार किया। इतना ही नहीं, उन्होंने महाभारत, अठारह पुराण और ब्रह्मसूत्र की रचना भी की। महर्षि वेद व्यास जी को चारों वेदों का ज्ञान था, इसीलिए गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु की पूजा करने की परम्परा चली आ रही है। वेद व्यास जी ने भागवत पुराण का ज्ञान भी दिया था। इस दौरान सरदार वी.के.सिंह, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, प्रदीप चैबे, हरीशचन्द्र, विलाश पटैरिया, जगदीश लोधी, अवध बिहारी उपाध्याय, अनूप मोदी, प्रधान यजमान हरीशंकर साहू, निखिल तिवारी, गंधर्व सिंह, मनीष अग्रवाल, अश्विनी पुरोहित, सत्येन्द्र प्रताप सिंह, राहुल शुक्ला, महेश श्रीवास्तव, लखन यादव, शत्रुघ्न यादव, शांतनु पुरोहित, बाबा हीरानंद गिरि, संदीप तिवारी, लक्ष्मीनारायण साहू, संतोष साहू, गिरीश शर्मा, अमित लखेरा व राहुल बबेले आदि उपस्थित रहें। आज से होगा सवा पांच करोड़ पार्थिव निर्माण कार्यक्रम का शुभारंभ श्री सिद्धपीठ चंडी मंदिर धाम पर सवा पांच करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम शुक्रवार को शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ किया जायेगा। ध्वजारोहण परम पूज्य चंडी पीठाधीश्वराचार्य महामंडलेश्वर स्वामी चन्द्रेश्वर गिरि महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा।

# शिष्य को गुरू सानिध्य में लाने का अवसर है गुरूपूर्णिमाः गुरू जी महराज

**ललितपुर।** गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। कस्बा राजघाट में रानी लक्ष्मीबाई सागर बांध की तलहटी स्थित श्रीश्री 1008 बड़ा रामजानकी मंदिर पर महंत गुरू जी महाराज ने पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात शिष्यों ने गुरु पूजन कर आशीर्वाद लिया। महंत महाराजजी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का बड़ा महत्व

- श्रीराम जानकी बड़ा मंदिर पर मनाया गया गुरूपूर्णिमा महोत्सव



हैं। यह गुरू-शिष्य के मिलन का पर्व हैं। उन्होंने कहा कि गुरु भगवान के दर्शन से प्राणी का मंगल होता हैं। उसके जीवन मे सकारात्मक आती हैं। इसलिए मनुष्य को संतों, गुरू के सानिध्य में सत्संग का धर्मलाभ लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जीवन में अशांति, परेशानियां तब शुरू हो जाती है। जब मनुष्य के जीवन मे सत्संग नहीं होता व गुरू का सानिध्य नहीं होता। जिस उद्देश्य की पूर्ति के लिए मनुष्य को जीवन मिला था। उससे वह भटक गया हैं। उन्होंने कहा कि जीवन मिला था प्रभु का होने ओर प्रभु को पाने के लिए लेकिन मनुष्य माया का दास बनकर माया की प्राप्ति के लिए इधर उधर भटकने लगता है। इस तरह मनुष्य का ये बहुमूल्य जीवन नष्ट हो जाता है। जिस अनमोल रत्न मानव जीवन को पाने के लिए देवता लोग भी तरसते रहते हैं। उस जीवन को मनुष्य व्यर्थ मे गवां देता। गुरू जी महराज ने कहा कि सत्संग की बहुत महिमा है, सत्संग तो वो दर्पण है जो मनुष्य के चरित्र को दिखाता है। साथ साथ चरित्र को सुधारता भी है। सत्संग से मनुष्य को जीवन जीने का तरीका पता चलता है। सत्संग से ही मनुष्य को अपने वास्तविक कर्तव्य का पता चलता है। इस अवसर पर गुरू के भण्डारे का आयोजन हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा। इस अवसर पर अनेकों की संख्या भक्तगण एवं अनुयायी मौजूद रहे।

## परिवहन विभाग ने 2 स्कूली वाहन किए सीज, 4 का चालान



**बांदा।** स्कूली वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को पीटीओ राम सुमेर यादव ने टीम के साथ मानकों के अनुरूप न पाए जाने पर 2 स्कूली वाहनों को तिंदवारी थाने में निरूद्ध किया तथा 4 स्कूली वाहनों का चालान किया। उन्होंने बीते दिनों अतर्रा में 2 स्कूली बसों का मानक के अनुरूप न पाए जाने पर चालान किया था। उन्होंने हिदायत देते हुए बताया कि जनपद में निरंतर चलाए जा रहे स्कूली वाहनों के विरुद्ध अभियान में जो भी स्कूली वाहन मानक पर खरे नहीं उतरते हैं एवं मानक के विरुद्ध जिनका संचालन किया जा रहा है ऐसे वाहनों पर नियमित कार्रवाई की जाएगीए इसलिए सभी लोग उन्हीं वाहनों का संचालन करें जो सभी मानकों को पूरा करते हों। इसमें चलानी कार्रवाई के साथ.साथ वाहन सीज की कार्यवाही एवं जुमार्ना भी संभव है इसलिए किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए सभी वाहनों का मानक के अनुरूप फिटनेस होने के बाद ही इनका संचालन करें।

## प्रिंटर बेचने का प्रलोभन देकर ले लिये रुपये, नहीं दिया प्रिंटर

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला घुसयाना स्थित मेसर्स पिंकी फ्लैक्स की ऑनर मोहल्ला नेहरू नगर बी.केबिन के पास रहने वाली प्रो.प्रियंका अहिरवार पुत्री अशोक अहिरवार ने लखनऊ के जानकीपुरम स्थित वैष्णवी डिजीटल सिस्टम के प्रबंधक पर डिजिटल इन्जेक्ट प्रिन्टर मय आवश्यक उपकरण के खरीदने का सौदा करने और रुपये लेने के बावजूद भी प्रिंटर व उपकरण न भेजने का आरोप लगाया है। इस सम्बन्ध में उन्होंने न्यायालय की शरण लेने की बात कही है। प्रो.प्रियंका अहिरवार ने आरोप लगाते हुये बताया कि विगत वर्ष 2024 में वैष्णवी डिजीटल सिस्टम से डिजिटल इन्जेक्ट प्रन्टिर एवं आवश्यक उपकरण के समस्त कर सहित 13 लाख 1540 रुपए में सौदा तय हुआ तो उक्त धनराशि कम्पनी के एकाउंट में जमा करा दी। किन्तु उक्त फर्म द्वारा उक्त प्रिन्टर मशीन व उसके उपकरण नहीं भेजे गये और बार बार संपर्क करने पर भी हीला हवाली करते हुये टाला जा रहा है। बताया कि मार्च 2025 में आपने उक्त प्रिन्टर मशीन देने में असमर्थता व्यक्त की व विक्रय मूल 13 लाख 1540 रूपया शीघ्र ही वापिस करने की बात कही, लेकिन वह भी वापस नहीं दिया है। पीड़िता ने उक्त फर्म के प्रबंधक पर अमानत में खयानत व धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है।

# विद्यालय में मनाया गया गुरु उत्सव पर्व

जिला संवाददाता

**बांदा।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय त्रिवेणी बड़ोखर खुर्द में गुरु उत्सव पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रामहित दीक्षित सह संघचालक ने गुरु के गुणों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय में ष्एक वृक्ष मां के नाम ष के तहत खण्ड शिक्षा अधिकारी किशन कुमार मिश्र ने पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वृक्षारोपण किया। प्रधानाचार्य डाण शिव प्रकाश सिंह ने कबीर के दोहे ष्गुरु कुम्हार शिष कुंभ हैए गढ़ गढ़ काढ़े खोटए अन्दर हाथ सहार देए बाहर मारे चोटष की व्याख्या की।

उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन हो रहा हैए पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा हैए सिद्धिए प्रसिद्धए समृद्धि का रास्ता वृक्ष से होकर गुजरता है इसलिए हम सबको पेड़ लगाना हैए पानी बचाना है।



कहा कि एक पेड़ 10 पुत्र के समान हैए जो फल हम आज खा रहे हैं वह किसी ने आरोपित किये होंगे। उन्होंने कहा कि फलदार वृक्ष 25 वर्ष में तैयार होता है और काटने में 5 मिनट लगते हैं। इसके बाद बच्चों को पेड़ बचानेए संचारी रोग से बचाव की शपथ दिलाई गई। इस दौरान आदित्य प्रकाश द्विवेदीए निरंजन कुमार चक्रवर्तीए छात्र.छात्राएं व ग्रामीण मौजूद रहे।

## समाज में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और भावनात्मक जुड़ाव को प्रोत्साहन देंः डॉ. मयंक



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** प्रधानाचार्य प्रोफेसर डा0 मयंक कुमार शुक्ला, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर की अध्यक्षता में महा वृक्षारोपण कार्यक्रम मनाया गया। एक पेड़ मां के नाम, अभियान- मां के प्रेम को हरियाली में बदलें थीम रही। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनोखी पहल करते हुये स्वशासी राज्य

- स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में हुआ महा पौधरोपण कार्यक्रम

चिकित्सा महाविद्यालय ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान का उदेद्श्य न केवल हरियाली को बढ़ावा देना है। बल्कि उसे मां के स्नेह प्याग और जीवनदायिनी स्वरूप के प्रतीक के रूप में मनाया गया है। इस अनूठी पहल के अन्तर्गत प्रत्येक व्यक्ति से आग्रह किया गया है। कि वह अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पेड़ लगाएं और उसकी देखभाल करें। यह पेड़ मां के प्रेम, ममता और प्याग की जीवन स्मृति के रूप में विकसित होगा। वृक्षारोपण अभियान के उदेद्श्य यह है कि पर्यावरण संरक्षरण एवं वृक्षारोपण को बढ़ावा देना, मातृत्व को सम्मानित करने का एक स्थायी और अर्थपूर्ण माध्यम, समाज में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और भावनात्मक जुड़ाव को प्रोत्साहन। मुख्य गतिविधि यह है कि स्कूलों, कॉलेजों, ग्राम पंचायतों और शहरी क्षेत्रों में वृक्षारोपण करना, पेड़ के साथ तख्ती पर मां का नाम लिखना, प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व सराहना पत्र देकर सम्मानित करना एवं सोशल मीडिया पर एक पेड़ मां के नाम अभियान का प्रचार करना। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा0 मयंक कुमार शुक्ला ने कहा मां जीवन देती है और पेड़ भी हमें जीवन देते है। इस अभियान के माध्यम से हम जीवन व वृक्षों दोनों को सम्मान दे रहे है। साथ ही आप सभी इस अभियान में भाग लेकर अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाएं और इस धरती को हराभरा बनायें। पेड़ सिर्फ एक पौधा नही होता, वह जीवन की एक आशा होती है- और मां उसी आशा की प्रतीक है। वृक्षारोपण के बारे में जानकारी देते हुये कार्यक्रम में उपस्थित समस्त प्रथम वर्ष एम0बी0बी0एस0 छात्र/छात्रायें, संकाय सदस्य, चिकित्सा अधिकारी एवं कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अधिकारी/कर्मचारी को पेड़ लगाने के प्रति जागरूक और सचेत करते हुये बताया कि वृक्षों के बिना मानव जीवन संभव नही है, ऐसे में यह अति आवश्यक है कि हम पेड-पौधों, जंगलों, नदियों एवं भूमि व पहाड़ सबके महात्व को समझना चाहिए। हमे यह समझना चाहिए कि सम्पूर्ण मानवता का अस्तित्व प्रकृति पर निर्भर है। इसलिए स्वास्थ्य एंव सुरक्षित पर्यावरण के बिना मानव समाज की कल्पना अधूरी है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य डा0 श्रुति सिह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 गजेन्द्र सिंह, डा0 अभिषेक गुप्ता, डा0 मधुरेन्द्र राजपूत, डा0 राजेश आर्या, डा0 देशनिधि, डा0 अंकित शर्मा, डा0 मोहित जैन, डा0 योगेन्द्र सिंह, मीडिया प्रभारी डा0 विशाल जैन, नन्दलाल यादव हॉस्पिटल क्वालिटी मैनेजर, हेल्प डेस्क मैनेजर महेन्द्र पटेल, एम0बी0बी0एस0 छात्र/छात्रायें एवं अन्य इत्यादि मौजूद रहे।

## विद्यार्थी परिषद ने 77वें स्थापना दिवस पर किया पौधरोपण



**बांदा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 77वें स्थापना दिवसए राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर संगोष्ठीए वृक्षारोपण एवं अनेक कार्यक्रम हुए। सह जिला संयोजक कार्तिकेय गुप्ता रामजी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद पूरे विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो बीते 77 वर्षों से छात्रहितों के साथ राष्ट्र के पुनर्निर्माण की ध्येय यात्रा का यज्ञ प्रज्वलित किए है। इस अवसर पर सेंट मैरीज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विभाग प्रमुख डॉण विज्ञा मिश्राए प्रिंसिपल डेविड फादरए प्रवासी कार्यकर्ता सचिन सिंहए विभाग संगठन मंत्री शिवम पांडेय व छात्रों ने विभिन्न प्रकार के वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। सेंट जेवियर स्कूलए आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज में भी संगोष्ठी हुई। सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में संगोष्ठी को कार्यकर्ता सचिन सिंह ने संबोधित किया और प्रिंसिपल डॉण अमिता सिंह ने छात्रों को प्रेरित करते हुए विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं का आभार जताया। संयोजक कार्तिकेय गुप्ता ने सभी छात्रों को 77वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दीं। इस दौरान नगर सह मंत्री अर्पित द्विवेदीए नगर एग्रिविजन संयोजक मुक्तिनिधि द्विवेदी एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मीट, मांस की दुकानें बन्द रखने को विहिप का ज्ञापन



**बांदा।** श्रावण मास में मीटए मांसए बिरयानी की दुकान बन्द रखने के लिए विश्व हिन्दू परिषद ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। विहिप जिलाध्यक्ष चन्द्रमोहन बेदी ने बताया कि श्रावण मास 11 जुलाई से शुरू हो रहा है स श्रावण मास में महिलायें व पुरुष मंदिरों व शिवालयों में जाकर पूजन व जलाभिषेक करते हैं और कांवड़ यात्रा भी निकलती है स मंदिरो व कांवड़ यात्रा के मार्गो में मुर्गाए मछलीए मांसए बिरयानी की दुकाने खुली हुई हैंए इनसे निकलने वाली सामग्री जैसे मांस के टुकड़ेए हड्डियाँ पंखएचमड़ा आदि जानबूझकर दुकानदार तथा अराजक तत्व मार्गो में फेंक देते हैं। जिससे लोगों की भावनाएं आहत होती हैं और शांति भंग होने व कानून व्यवस्था बिगड़ने की सम्भावना बढ़ जाती है। उन्होंने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि जनपद में जो भी मुर्गाए मछलीए मांसए बिरयानी की दुकाने हैं उन्हें शहर के बाहर एक स्थान में शिफ्ट करें। उन्होंने कहा कि जो दुकानें मुख्य मागों में हैं उन्हें चिन्हित कराकर प्रतिबंधित करें अन्यथा संगठन स्वयं कार्यवाही के लिए बाध्य होगा। इस दौरान विभागध्यक्ष अशोक ओमरए सह संयोजक महेन्द्र धुरिया शम्भूए जिला सहमंत्री रामप्रताप सोनीए जिला समरसता प्रमुख चंद्रप्रकाश कबीरए जिला सहगोरक्षा प्रमुख विकास गुप्ताए नगर उपाध्यक्ष सुमित सोनीएनगर मंत्री मनीष मंगल व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार वाहन को बचाने में स्कूली बस पलटने से 10 बच्चे गंभीर रुप से घायल



**बिजनौर।** तेज रफ्तार वाहन को बचाने में स्कूल बस पलटने से उसमें सवार 10 स्कूली बच्चे घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को ग्रामीणो की मदद से अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह थाना अफजलगढ क्षेत्र के मीरापुर और बनियोंवाला से स्कूल के लिये बच्चों को लेकर जा रही बस जैसे ही पत्थरवाला गांव के पास पहुंची तो तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रहे वाहन को बचाने के प्रयास में बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। बस के पलटते ही बच्चों की चीख-पुकार मच गई। बस में मौजूद एक शिक्षिका सहित लगभग 10 बच्चे गंभीर रुप से घायल हो गए जबकि कुछ को हल्की चोटें आईं। बच्चों की चीख पुकार सुनकर लोग दौडकर मौके पर पहुंचे और बच्चों को बाहर निकालने में मदद की। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायलों को सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने 05 बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। अन्य बच्चों को मामूली चोटें आने पर उपचार के बाद घर भेज दिया गया। पुलिस ने घटना को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाही शुरू कर दी है।

## संगठन मंत्री के घर पहुंचकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने उनकी माता को दी श्रद्धांजलि



**बिजनौर।** भाजपा संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह की माता के निधन पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनके घर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस दुःख भरी घड़ी को सहन करने की परिवार की हिम्मत बढ़ाई। गुरुवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हेलीकॉप्टर से नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम हुरनंगला पहुंचें। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भाजपा के संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह सैनी की माता को श्रद्धांजलि देने के लिए उनके घर ग्राम हुरनगला पहुंचे और उन्होंने शोक संवेदनाएं प्रकट कर चित्र पर पुष्प अर्पित व श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश के राज्य मंत्री व जिला प्रभारी कपिल देव अग्रवाल, पूर्व परिवहन मंत्री अशोक कटारिया, नहटौर विधायक ओम कुमार, बढ़ापुर विधायक सुशांत कुमार व भाजपा के वरिष्ठ नेता डाक्टर संदीप शर्मा, अनुप बाल्मीकि, प्रमोद चैहान, नीरज विश्नोई, सौरभ मित्तल, लवी मित्तल सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, जिलाधिकारी जसजीत कौर, सीओ अंजनी कुमार, एसडीएम आशुतोष जायसवाल, थाना प्रभारी तेज पाल सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ तैनात हैं।

## एमएलसी ने योजनाओं के धन आवंटन के बारे में ली जानकारी



बांदा। भाजपा के प्रदेश महामंत्रीए क्षेत्र प्रभारी कानपुरए बुंदेलखंड क्षेत्र एमएलसी अनूप गुप्ता गुरुवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। एमएलसी चित्रकूट धाम कर्वी से यहां पहुंचे और यहां उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से भेंट की। इसके बाद एमएलसी अनूप गुप्ता शहर के प्रसिद्ध बांबेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे और पूजा.अर्चना की। इसके पश्चात 11 बजे हमीरपुर मे मंडल के जनपदए महोबा एवं हमीरपुर के जिलाधिकारियों व विभागीय अधिकारियों के साथ जिलों की समस्त ग्राम पंचायतोंए जिला पंचायतोंए क्षेत्र पंचायतों में किन.किन योजनाओं में कितना.कितना धन आवंटित हुआ है और कितना व्यय हुआ है साथ ही कौन से कार्य कराए गए हैं तथा कितने शेष हैं इसका वर्षवार विवरण जानने के बाद बैठक व स्थलीय निरीक्षण करने के बाद लखनऊ के लिए रवाना हो गए। इस दौरान राकेश गुप्ता बबेरूए अंकित गुप्ता बासु के अलावा भाजपा के कई पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने एमएलसी अनूप गुप्ता से भेंट की।

# बुंदेलखण्ड क्षेत्र विरासत और पर्यटन में समृद्धः कैलाश

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** ग्राम ककरूआ स्थित महाविद्यालय में पुरातत्व विभाग झांसी एवं इंटैक चैप्टर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित बुन्देलखण्ड क्षेत्र में पर्यटन एवं धरोहरों के संरक्षण की सम्भावनाएं पर आयोजित कार्यशाला का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण ने किया, जबकि अध्यक्षता इनटैक संयोजक संतोष कुमार शर्मा ने की। शुभारंभ अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष, इन्टैक चेप्टर संयोजक, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी डा.डी.के.शर्मा, मनोज वर्मा, पर्यटन अधिकारी हेमलता, पर्यटन मित्र फिरोज इकबाल, रमाकान्त, डा.लतिका, डा.सुरेन्द्र प्रकाश ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन किया। वक्ताओं ने कहा कि बुन्देलखण्ड के पर्यटन स्थलों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान कर स्थानीय लोगों विशेषकर युवा एवं छात्रों की पर्यटन उद्योग के विकास में क्या भूमिका हो सकती है। सहायक अधीक्षण पुरातत्व अभियंता ने प्राचीन स्मारकों के संरक्षण की तकनीक के विषय पर प्रकाश डाला। विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल देवगढ़ के दशावतार मंदिर के संरक्षण के सम्बन्ध में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। संयोजक इंटैक चैप्टर ने कहा कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र विरासत एवं पर्यटन के क्षेत्र में समृद्ध है। जिनके संरक्षण किये जाने की आवश्यकता है। क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी झांसी द्वारा कार्यशाला के विषय में संक्षिप्त परिचय दिया गया। इस क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करना इस कार्यशाला का उद्देश्य है। संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया। इस दौरान आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी प्रभांड्न नगाइच, असि.प्रो.दिनेश श्रीवास्तव, भानूप्रताप सिंह, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, आसिफ खान, पुष्पेद्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल, पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार, अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू, राजेन्द्र राहुल जैन, शशि श्रीवास्तव, मनोज रजक, पुष्पेन्द्र, माता प्रसाद तिवारी ने प्रतिभाग किया।

- विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल देवगढ़ के दशावतार मंदिर के संरक्षण के सम्बन्ध में छात्र-छात्राओं को कराया अवगत
- पर्यटन एवं धरोहरों के संरक्षण की सम्भावनाएं विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



## बिजली निजीकरण के विरोध में मंडल कार्यालय पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना



**बिजनौर।** नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज और इंजीनियर्स के आवाह्न पर देश के 70 लाख बिजली कर्मियों ने एक दिवसीय निजीकरण के विरोध में सांकेतिक हड़ताल की। इसी क्रम में जनपद शाखा बिजनौर द्वारा मंडल कार्यालय आवास विकास के प्रांगण में विरोध सभा आयोजित की। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल कुमार व जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही भारतीय किसान यूनियन (वीएम सिंह) जिलाध्यक्ष बिट्टू कुमार अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह एवं डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन जिला अध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने एक दिवसीय हड़ताल को पूर्ण समर्थन दिया। सभी ने निजीकरण का खुल के विरोध किया और कहा निजीकरण देश की अर्थव्यवस्था के लिए घातक है जिससे देश में महंगाई एवं बेरोजगारी बढ़ेगी और पूंजीपतियों को बढ़ावा मिलेगा। विरोध सभा में निजीकरण के विरोध नारेबाजी करते हुए सरकार से बिजली के निजीकरण के निर्णय को वापस लेने की मांग की। इस अवसर पर विद्युत प्रतिभा पश्चिमांचल उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार गुर्जर, यूनियन एकता, विनीत कुमार गहलोत अटेवा जिला कोषाध्यक्ष, पदाधिकारी द्वारा रोज सभा में प्रतिभा किया।

# त्रुटि रहित हो वोटर लिस्ट

बिहार में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण का मामला अब अदालत में है। इस मुद्दे पर सुनवाई के दौरान सर्वोच्च अदालत ने चुनाव आयोग की पुनरीक्षण प्रक्रिया पर न तो रोक लगायी है और न ही कोई अंतरिम आदेश दिया। सिर्फ यह सुझाव दिया है कि मतदाता पहचान के रूप में आधार कार्ड, राशन कार्ड और चुनाव कार्ड स्वीकार करने पर विचार हो। अदालत ने इस सुझाव के साथ ही अगली सुनवाई के लिए 28 जुलाई की तारीख तय कर दी। मतदाता सूची एकदम सही हो, फर्जी तरीके से इसमें किसी का नाम न दर्ज हो, यह सुनिश्चित करना चुनाव आयोग का दायित्व है। वैसे भी जिस तरह बीते साल महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनावों पर तरह-तरह के सवाल विपक्ष द्वारा खड़े किये जा रहे हैं, उसको देखते हुए यह जरूरी है कि चुनाव से पहले मतदाता सूची को पूरी तरह से दुरुस्त किया जाये। फर्जी वोटर्स को हटाया जाये और अगर कोई बाहरी व्यक्ति मतदाता सूची में गलत तरीके से दर्ज है तो उसका नाम काटा जाये।




आखिर इसमें दिक्कत क्या है? क्यों विपक्ष इतना बवाल खड़ा कर रहा। यह दुर्भाग्य है कि जब चुनाव आयोग मतदाता सूची को दुरुस्त कर रहा है तो विपक्ष इसे गरीबों, दलितों, पिछड़ों का नाम हटाने की कार्रवाई बता रहा है। मतदाता सूची गलत हो तो चुनाव आयोग पर अरोप लगेंगे और आयोग ठीक करना चाहते तो इतना सियासी बवाल खड़ा किया जा रहा। बहरहाल अच्छी बात यह हुई कि इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई और सर्वोच्च अदालत ने स्थगन आदेश देने के बजाय अपने कुछ सुझाव देकर मामले को अगली सुनवाई के लिए टाल दिया। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ दायर याचिकाओं पर गुरुवार को कोई अंतरिम स्थगन आदेश जारी न करते हुए चुनाव आयोग को 21 जुलाई तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। साथ ही, आयोग से कहा कि वह मतदाताओं की पहचान साबित करने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड और मतदाता फोटो पहचान पत्र को स्वीकार्य दस्तावेजों के रूप में अनुमति देने पर विचार करे। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और एनजीओ की ओर से दायर याचिका पर यह निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 28 जुलाई की तारीख तय की है। सुनवाई से एक सप्ताह पहले तक चुनाव आयोग से हलफनामा दायर करने को भी कहा है। अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद अपने निर्देश में कहा, मामले की सुनवाई जरूरी है। इस मामले पर सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग से पीठ ने कहा कि वह आगामी विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में मतदाताओं की पहचान साबित करने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड और मतदाता फोटो पहचान पत्र को स्वीकार्य दस्तावेज के रूप में अनुमति देने पर विचार करे। न्यायालय ने हालांकि चुनाव आयोग से बार-बार पूछा कि वह पहचान साबित करने के एक साधन के रूप में आधार को कैसे अस्वीकार कर सकता है। पीठ ने यह भी कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए समय-सीमा बहुत कम है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में विचार करने के लिए प्रथम दृष्टया तीन प्रश्न निर्धारित किये जिनमें प्रक्रिया संचालित करने की चुनाव आयोग की शक्तियां, शक्तियों का प्रयोग करने की प्रक्रिया और समय-सीमा शामिल है। चुनाव आयोग की शक्तियां और प्रक्रिया जैसे गंभीर प्रश्न संवैधानिक हैं और इन पर व्यवस्था देने का सुप्रीम कोर्ट को अधिकार है। लेकिन एक बात स्पष्ट हो गयी है कि अब शायद ही अदालत मतदाता सूची को दुरुस्त करने की प्रक्रिया में हस्तक्षेप करे। अदालत ने अपनी तरफ से जरूरी सुझाव चुनाव आयोग को दे दिया है। अब जिन मुद्दों पर सुनवाई होगी वह संवैधानिक हैं और वे बिहार ही नहीं पूरे देश पर लागू होंगे। इसलिए विपक्ष को विरोध करने के बजाय मतदाता सूची को दुरुस्त करने में सहयोग देना चाहिए।

### विचार

ज्ञान द्वारा जिनके पाप धुल गए, वे ईश्वर का ध्यान धरने वाले, तन्मय हुए, उसमें स्थिर रहने वाले और उसी को सर्व मानने वाले लोग मोक्ष पाते हैं।

–श्रीमद्भागवत गीता.

यदि हमारे जीवन को हरा–भरा रखने हेतु, हमारे साथ प्रभु का पक्षपात है। यादें पंख हैं, जो उड़ने को पुरुषार्थ देती हैं।

–माखन लाल चतुर्वेदी.

वेदों के अध्ययन का सार है सत्य भाषण। जीवन का सार है इन्द्रिय संयम और इन्द्रिय संयम का सार है मोक्ष।

–महाभारत.

जब दुष्ट लोग गुट बना लें, तब सज्जनों को भी संगठित हो जाना चाहिए। अन्यथा एक–एक करके सबकी ही बलि चढ़ जायेगी।

–डिक्सन.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रुओं पर विजयपायी जा सकती है।

–कौटिल्य.

# क्या भारत की बदल रही है तिब्बत नीति


विजय कपूर

सामयिक

**अमेरिकी कांग्रेस ने हाल ही में एक प्रस्ताव पारित किया है जो बीजिंग के किसी भी हस्तक्षेप को ठुकराते हुए इस बात की पुष्टि करता है कि केवल दलाई लामा को ही अपना उत्तराधिकारी चुनने का हक है। समय आने पर भारत व अमेरिका मिलकर दलाई लामा के चयन में सहयोग भी कर सकते हैं। इसका अर्थ है कि भू-राजनीतिक शतरंज के खेल के केंद्र में तिब्बत की वापसी हो गई है।**

धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश में 14वें दलाई लामा का 90वां जन्मदिन मनाने के बाद लौटते हुए अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने नई दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए दो महत्वपूर्ण बातें कहीं। एक, अरुणाचल प्रदेश तिब्बत के साथ अपनी सीमा साझा करता है न कि चीन के साथ। दूसरा यह कि यारलुंग त्संगपो नदी पर चीन जो दुनिया का सबसे बड़ा बांध बना रहा है, वह टिक टिक करता हुआ 'वाटर बम' (पानी के रूप में बम) है, जिससे पूरी सियांग पट्टी बर्बाद हो सकती है। खांडू के बयान से कुछ अहम प्रश्नों का उठना स्वाभाविक है। जब भारत ने अटल बिहारी वाजपेयी की बीजेपी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के दौरान 2003 में तिब्बत पर चीनी सम्प्रभुता को स्वीकार कर लिया था, तो अब खांडू यह क्यों कह रहे हैं कि अरुणाचल प्रदेश की सीमा चीन से नहीं तिब्बत से मिलती है? इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि यारलुंग त्संगपो नदी पर विशाल चीनी बांध अरुणाचल प्रदेश के बड़े इलाके के लिए बहुत बड़ा खतरा है, तो सवाल यह है कि इसे बनने से रोकने या इसके खतरे से बचने के लिए नई दिल्ली क्या कर रही है व उसके पास क्या योजना है?

दरअसल, अब जब वर्तमान दलाई लामा अपने जीवन के 90 बसंत पूर्ण कर चुके हैं, तो उनके उत्तराधिकारी (15वें दलाई लामा) के चयन की चर्चा ने जोर पकड़ लिया है। तिब्बती जीवन में दलाई लामा का आध्यात्मिक प्राधिकरण बहुत जबरदस्त है। नये दलाई लामा की चयन प्रक्रिया के विशाल भू-राजनीतिक प्रभाव संभव हैं। भारत का दृष्टिकोण इस संदर्भ में एकदम स्पष्ट है कि इस मुद्दे पर फैसला केवल तिब्बत के आध्यात्मिक गुरु की इच्छाओं और स्थापित बौद्ध परम्पराओं के अनुसार ही हो और इसमें चीन अनावश्यक हस्तक्षेप न करे। दलाई लामा का कहना है कि उनका उत्तराधिकारी चीन के बाहर पैदा होगा। दूसरी ओर चीन दलाई लामा के पद के महत्व को अच्छी तरह से समझता है, इसलिए उसने 14वें दलाई लामा के भारत में 66-वर्ष के निर्वासन के दौरान भी तिब्बती लोगों पर अपना दलाई लामा थोपने का प्रयास नहीं किया है, लेकिन वह इस महत्वपूर्ण तिब्बती संस्था पर कब्जा करने के लिए सही अवसर की प्रतीक्षा में है कि



वर्तमान दलाई लामा के निधन के बाद वह ल्हासा के पोटाला पैलेस पर अपना दलाई लामा थोप दे। इन परस्पर विरोधी नजरियों को लेकर नई दिल्ली व बीजिंग के गलवान 2020 से चले आ रहे कमजोर व तानापूर्ण संबंधों पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। ताइवान में चीन के आशंकित सैन्य अभियान, टैरिफ युद्ध व अन्य कारणों के चलते अमेरिका भी नये दलाई लामा के चयन में दिलचस्पी लेने लगा है। अमेरिकी कांग्रेस ने हाल ही में एक द्विदलीय प्रस्ताव पारित किया है जो बीजिंग के किसी भी हस्तक्षेप को ठुकराते हुए इस बात की पुष्टि करता है कि केवल दलाई लामा को ही अपना उत्तराधिकारी चुनने का हक है। समय आने पर भारत व अमेरिका मिलकर दलाई लामा के चयन में सहयोग भी कर सकते हैं। इसका अर्थ है कि भू-राजनीतिक शतरंज के खेल के केंद्र में तिब्बत की वापसी हो गई है। खांडू के बयान को इस पृष्ठभूमि में देखना आवश्यक है। उनके अनुसार, अगर आप भारत के नक्शे को गौर से देखेंगे तो भारत के 'किसी राज्य की सीमा भी सीधे चीन से नहीं मिलती है।' अरुणाचल प्रदेश तीन अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से अपनी सीमा साझा करता है। भूटान के साथ लगभग 150 किमी, तिब्बत के साथ लगभग 1,200 किमी और पूरब की तरफ म्यांमार के साथ लगभग 550 किमी। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रेमा खांडू के मुताबिक '1950 में चीन ने तिब्बत पर जबरन कब्जा किया', इसलिए आधिकारिक तौर पर अब तिब्बत चीन के नियंत्रण में है, जिससे इंकार नहीं किया जा सकता, लेकिन मूलतः हम तिब्बत से ही सीमा साझा करते हैं। दरअसल, पंक्तियों के बीच में खांडू बीजिंग की अरुणाचल प्रदेश पर अवैध व बेतुकी दावेदारी को खारिज कर रहे हैं और यह भी कह रहे हैं कि तिब्बत पर उसने अवैध व जबरन कब्जा किया हुआ है, इसलिए नये दलाई लामा के चयन में उसका हस्तक्षेप अनावश्यक व अस्वीकार्य है। गौरतलब है कि चीन अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताता है, जोकि पूर्णतः निराधार है। उसने अरुणाचल प्रदेश के कुछ गांवों का अपने तौर पर नामकरण भी किया हुआ है। खांडू के बयान से यह स्पष्ट व उचित संदेश दुनिया को जाता है कि भारत व चीन चूंकि कोई सीमा साझा करते ही नहीं इसलिए चीन ने तिब्बत पर जबरन कब्जा करके जबरदस्ती का सीमा विवाद खड़ा किया हुआ है। चीन, तिब्बत पर अपने नियंत्रण को समाप्त करे और उसके बाद नई दिल्ली व ल्हासा अपने देशों के बीच की सीमा को निर्धारित कर लेंगे। खांडू ने बीजिंग पर वहां वार किया है, जहां उसको सबसे ज्यादा दर्द होता है। खांडू ने चीन द्वारा यारलुंग त्संगपो नदी, जो अरुणाचल प्रदेश में आकर ब्रह्मपुत्र नदी बन जाती है, पर विशाल हाइड्रोइलेक्ट्रिक बांध बनाने के सिलसिले में भी गंभीर चिंता व्यक्त की है। यह संसार की सबसे बड़ी नदियों में से एक है। प्रस्तावित बांध की अनुमानित लागत 137 बिलियन डॉलर है और इससे 60 गीगावाट्स बिजली का उत्पादन होगा। इसका अर्थ यह है कि थ्री गोर्जेस डैम (चीन की यांगतजी नदी पर बना यह बांध 22,250 मेगावाट बिजली का उत्पादन करता है जोकि दुनिया में सबसे ज्यादा है) से भी ढाई गुना से अधिक बड़ा होगा। इस बांध का भारत पर बहुत गहरा असर पड़ेगा। खांडू ने इस बांध को टिक टिक करता वाटर बम कहते हुए इसे अरुणाचल व पास के उत्तरपूर्वी राज्यों के लिए अस्तित्व का खतरा बताया है। उनके अनुसार, इस क्षेत्र पर जो चीनी सैन्य खतरा मंडरा रहा है, उसके बाद सबसे बड़ा मुद्दा यही बांध है। चूंकि बीजिंग ने किसी भी अंतर्राष्ट्रीय जल समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं, इसलिए उस पर विश्वास नहीं किया जा सकता। खांडू का कहना है, किसी को नहीं मालूम वह (चीन) क्या कर बैठे... मान लीजिये कि बांध बन जाता है और वह अचानक पानी छोड़ देते हैं तो हमारी पूरी सियांग पट्टी नष्ट हो जायेगी। आदि कबीले व ऐसे ही गुटों पर घातक प्रभाव पड़ेगा। ...चूंकि हम चीन को तर्कों से नहीं समझा सकते इसलिए बेहतर यही है कि हम अपनी सुरक्षा की स्वयं व्यवस्था करें।

चीन द्वारा इस बांध को बनाने की योजना आश्चर्य के रूप में नहीं आयी है। जब मार्च 2021 में चीन ने अपनी 14वीं पंचवर्षीय योजना (2021-2025) गठित की थी, जिसमें उसने क्लाइमेट व ऊर्जा सुरक्षा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किये थे, तो उसने स्पष्ट रूप से यारलुंग के निचले हिस्सों में हाइड्रोपॉवर विकास को वरीयता दी थी। इसलिए अगर भारत में आज इस बात को लेकर आश्चर्य हो रहा है, तो इसका मतलब है कि चीन के दीर्घकालीन इरादों को गंभीरता से नहीं लिया गया है। चीन के साथ जल समझौता होना मुश्किल ही लगता है। ऐसे में भारत यह कर सकता है कि पानी की मात्रा से आगे बढ़कर अपना वाटर एजेंडा तैयार करे और सीमा पर क्लाइमेट चेंज, आर्द्रभूमि व जैवविविधता की विस्तृत चिंताओं को सामने लेकर आये। इन पर दोनों भारत व चीन ने संबंधित कन्वेंशनों में हस्ताक्षर किये हुए हैं। इससे उन एमओयू में ताजा पहलू आ जायेगा जो 2002 से मौजूद हैं, जिनमें विषेशज्ञ स्तर की व्यवस्था भी शामिल है जो पारीछु नदी की घटना के बाद स्थापित की गई थी। ब्रह्मपुत्र के संदर्भ में भारत को अपनी स्ट्रेटेजिक व नीतिगत पहल को बहुत ध्यानपूर्वक संतुलित रखना चाहिए।

### सोशल मीडिया

चुनाव आयोग गोदी आयोग बन गया है। चुनाव आयोग के सहयोग से बीजेपी सरकार पहले गरीबों के वोट काटेगी और फिर उनका राशन पेंशन छीन लेगी। तेजस्वी यादव.



ब्राजील के सर्वोच्च सम्मान 'द ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द साउथर्न क्रॉस' से सम्मानित होने पर मा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को हार्दिक बधाई। नितिन गडकरी.



फर्जी वोटों के सौदागरों को सुप्रीम कोर्ट के वोटर रिवीजन लिस्ट की जांच न रोके जाने के फैसले से तगड़ा झटका लगा है। इनके बल पर गांधी परिवार दशकों सत्ता में बना रहा। केशव प्र. मौर्य.



# त्याग की प्रतिमूर्ति

इतिहास महिलाओं के पराक्रम से भरा हुआ है। भारत की धरती पर ऐसी नारियों ने जन्म लिया है जिन्होंने पूरे नारी समाज का गौरव बढ़ाया है। समय-समय पर धरती पर ऐसी नारियों ने जन्म लिया है जिन्होंने न सिर्फ नारी धर्म का आदर्श कायम किया है बल्कि उन्होंने पूरे समाज को दिशा दी है। ऐसी विदुषी, त्यागी और धर्मपरायण नारियों का आज भी दुनिया में गौरवगान होता है। भगवान श्रीकृष्ण की अर्धांगिनी सत्यभामा ने द्रोपदी से प्रश्न किया- हे द्रौपदी ! कैसे तुम अति बलशाली पाण्डु पुत्रों पर शासन करती हो? वे कैसे तुम्हारे आज्ञाकारी हैं तथा तुमसे कभी कुपित नहीं होते? तुम्हारी इच्छाओं के पालन हेतु सदैव प्रस्तुत रहते हैं। मुझे इसका कारण बतलाओ। द्रौपदी ने उत्तर दिया- हे सत्यभामा ! पाण्डु पुत्रों के प्रति मेरे व्यवहार को सुनो- मैं अपनी इच्छा, वासना तथा अहंकार को वश में कर अति श्रद्धा एवं भक्ति से उनकी सेवा करती हूं। मैं किसी अहंकार-भावना से उनके साथ व्यावहार नहीं करती। मैं बुरा और असत्य भाषण नहीं करती। मेरा हृदय कभी किसी सुंदर युवक, धनवान या आकर्षण पर मोहित नहीं होता। मैं कभी नहीं स्नान करती, खाती अथवा सोती जब तक कि पति नहीं स्नान कर लेते, खा लेते अथवा सो जाते एवं तब तक जब तक कि हमारे समस्त सेवक तथा अनुगामी नहीं स्नान कर लेते, खा लेते या सो जाते। जब कभी भी मेरे पति क्षेत्र से, वन से या नगर से लौटते हैं, तो मैं उसी समय उठ जाती हूं। उनका स्वागत करती हूं तथा उनको जलपान कराती हूं। मैं घर के सामान तथा भोजन को सदैव स्वच्छ एवं क्रम में रखती हूं। सावधानी से भोजन बनाती तथा ठीक से परोसती हूं।

अंतर्दृष्टि

मैं कभी भी कठोर शब्द नहीं बोलती। कभी भी अनुलाओं का अनुसरण नहीं करती। मैं वहीं करती हूं जो उनको रुचिकर तथा सुखकर लगता है। कभी भी आलस्य तथा सुस्ती नहीं दिखाती। बिना विनोदावसर के नहीं हंसती। मैं द्वार पर बैठ कर व्यर्थ समय नष्ट नहीं करती। मैं क्रीड़ा-उद्यान में व्यर्थ नहीं ठहरती, जबकि मुझे अन्य काम करने होते हैं। जोर-जोर से हंसना, भावुकता तथा अन्य इसी प्रकार अप्रिय लगने वाली वस्तुओं से अपने को बचाती एवं सदैव पति-सेवा में रत रहती हूं। पति-बिछोह मुझे कभी नहीं सुहाता। जब कभी मेरे पति मुझे छोड़कर बाहर जाते हैं तो मैं सुगन्धित पुष्पों तथा अंगराग का प्रयोग न कर जीवन कठोर तपस्या में बिताती हूं। मेरी रुचि अरुचि, मेरे पति की रुचि-अरुचि ही है और उन्हीं की आवश्यकतानुसार अपना समायोग करती हूं। मैं प्राण-प्रण से अपने पति की भलाई चाहती हूं। मेरे पति मेरे मार्गदर्शक हैं। मैं कभी भी अपनी सास की बुराई नहीं करती। मैं कभी भी सोने, खाने अथवा अलंकरण में अपने पति की इच्छा के प्रतिकूल नहीं जाती। इसलिए मेरे पति की हमेशा हमारे ऊपर प्रसन्नता बनी रहती है।

# राजनीति में सांडों का जलवा

व्यंग्यलोक

जहां जाओ वहां सांडों की लड़ाई जारी है। सड़क पर सांडों की लड़ाई देखने के लिए कई बैल एकत्र हो जाते हैं और संसद में सांडों की लड़ाई हो जाए तो बैल तक भाग जाते हैं। सांड इतने जोरदार लड़ते हैं कि भीड़ के लोगों को भाड़ में ही जाना पड़ता है। सड़क पर से लेकर संसद तक सांडों का घमासान मचा है। इधर राजनीति में सांडों का जलवा भारी है। केरल, मध्य प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ से लेकर असम, बिहार, उत्तर प्रदेश तक नाना प्रकार के सांडों की नाना तरह की लड़ाइयां जारी है। राजधानी इंद्रप्रस्थ में होने वाली राजनीतिक सांडों की परंपरागत लड़ाई में घायल हुए एक चमचे का कहना है कि उसके जख्म सम्मान के पदक जैसे हैं। सांडों की इस लड़ाई में घायल होने से गर्व महसूस कर रहे एक दलाल ने मंगलवार को 'कल सबको खा जाऊंगा' (केएसकेजे) न्यूज चैनल को बताया कि उसे ऐसा लग रहा है, जैसे देश की राजधानी में उसका भव्य स्वागत किया गया हो। जैसे उसे शांति का नोबेल पुरस्कार मिल गया हो। अगर सांड किसी को टक्कर मारता है, तो वह खुद को एक महान सम्राट जैसे महसूस करता है। किसी भी पार्टी की सफलता बहुत हद तक उनके सांड प्रबंधन पर निर्भर करती है। हल्का कानूनी व्यायाम सांडों को काफी भारी होने से रोकता है। साड़ों को अलग से निर्मित बंगले में ही रखना चाहिए। इन सांडों के लिए बंगलों में खुले तथा ढके क्षेत्र होने चाहिए। सांडो को आरामदेह और हवादार कोठियों में ही रखना चाहिए। ये कोठियां साफ एवं स्वास्थ्यकर ढंग से प्रबंधित होनी चाहिए। वरिष्ठ सांड को अलग से एक बड़े रिसॉर्ट में अपने वरिष्ठ चमचे के साथ अकेले में रखना ज्यादा उचित होता है। रिसोर्ट की सतह ठोस और फिसलन रहित होनी चाहिए। बारिश, ठंड तथा गर्मी के महीनों में बचाव की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। अनीति जल की उत्तम व्यवस्था होनी चाहिए। सांडों से जब काम लिया जा रहा हो, तो उन्हें पर्याप्त मात्रा में भ्रष्टाचार का अनाज अतिरिक्त रूप में दिया जाना चाहिए। सांडों को सीबीआई-ईडी आदि की जांच का लाल कपड़ा दिखा कर नियंत्रित करने का प्रयास किया जाता है, लेकिन इससे वे उल्टा भड़कते दिखाई पड़ते हैं। इनकी आंखों में एक विशिष्ट प्रकार की तीक्ष्ण दृष्टि होती है, जिससे वे अपने मतलब के वोटर को सीधा भांप लेते हैं। चतुर नागरिकों को चाहिए कि वे सांडों की लड़ाई और दौड़ में शामिल न हो। वे अपने घरों में चुपचाप पड़े रहें और कल सबको खा जाऊंगा (केएसकेजे) जैसे न्यूज चैनलों में बिकनी गर्ल द्वारा दिखाई जाने वाली इनकी लड़ाई और दौड़ के साथ अपनी गरीबी के जमकर मजे लेते रहें।


रामविलास जॉंगिड़

# स्कूलों में अब सिरदर्द बन रहे हैं स्मार्टफोन


शिक्षा

संयुक्त राष्ट्र के शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन यूनेस्को ने स्कूलों में छात्रों द्वारा स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर गंभीर चिंता व्यक्त की है और दुनियाभर के स्कूलों से स्कूल में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगाने की गुहार लगायी है। हालांकि समाज में पिछले कई सालों से इस विषय पर बहस चल रही है कि बच्चों को स्मार्टफोन के इस्तेमाल की इजाजत देना फायदेमंद है या नुकसानदेह। लेकिन इस गंभीर बहस का कोई परिणाम निकलकर सामने नहीं आ पाता था, बहस बस बहस तक सीमित रहती थी, जिसमें एक पक्ष निःसंदेश यूनेस्को की तरह छोटे बच्चों के हाथ में स्मार्टफोन देने को खराब मानता है, तो एक दूसरा तबका भी है, जो इस सबमें कई तरह के फायदे देखता है। बहरहाल अब इसे नुकसान बताने वालों के पाले में यूनेस्को भी खड़ा हो गया है और उसने साफ साफ दुनियाभर के मां- पिता से कहा है-

- स्कूलों में छोटी कक्षाओं के छात्रों द्वारा मोबाइल इस्तेमाल के कई सारे खतरे उभरकर सामने आये हैं।
- मोबाइल यानी स्मार्टफोन के ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल के कारण छात्रों के सीखने की गति बहुत कुंद हो रही है, जिससे उनका शैक्षिक स्तर प्रभावित हो रहा है।
- डिजिटल टेक्नोलॉजी एक उपकरण के रूप में काम करे, तब तक तो ठीक है, लेकिन वह अगर ज्ञान, विज्ञान का आधार ही बनने लगे तो यह शिक्षा के लिए घातक है।
- इससे महत्वपूर्ण शैक्षणिक डाटा के भी सार्वजनिक होने का खतरा बढ़ा है। जबकि ज्यादातर देशों में कानून डाटा की निजता के पक्ष में है।

इस तरह देखें तो जुलाई 2023 में यूनेस्को द्वारा पेश शैक्षिक रिपोर्ट में स्मार्टफोन के कक्षाओं में बढ़ते हस्तक्षेप पर चिंता व्यक्त की गई है और दुनिया के सभी देशों से आग्रह किया गया है कि वह ऐसे नियम बनाएं ताकि बच्चे स्मार्टफोन लेकर स्कूल न आएं और सिर्फ स्कूल ही नहीं घर में भी पढ़ाई-लिखाई के मामले में भी इसका ज्यादा इस्तेमाल न करें। कोविड-19 के दौरान जरूर डिजिटल शिक्षा पूरी दुनिया में मजबूरी बनकर उभरी थी, लेकिन वास्तविकता यह है कि अब छोटे बच्चों की शिक्षा में डिजिटल माध्यम को हतोत्साहित किया जाना चाहिए। मालूम हो कि कोविड महामारी के दौरान दुनियाभर के 50 करोड़ से ज्यादा बच्चे ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई कर रहे थे। इससे एक तरफ जहां साधन सम्पन्न छात्रों को फायदा हुआ है, वहीं दूसरी तरफ उन छात्रों का गंभीर नुकसान हुआ है, जो संचार व्यवस्था के आधुनिक और स्मार्ट उपकरणों से वंचित हैं।

डिजिटल शिक्षा व्यवस्था से दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा बेहद असंतुलित बनकर उभरी है। यूरोप और अमेरिका में शानदार ऑनलाइन शिक्षा की सुविधा है, वहीं एशिया के भी काफी देशों में बेहतर स्थिति है। लेकिन लैटिन अमरीका के करीब आधे से ज्यादा देशों और अफ्रीका के करीब करीब सभी देशों में संचार तकनीक ने भारी भेदभाव पैदा किया है। यूनेस्को का कहना है कि अगर तुरंत रोक नहीं लगायी गई, ऑनलाइन शिक्षा के तौरतरीकों को मुख्य लाइन शिक्षा की रूपरेखा बनने से नहीं रोका गया, तो दुनियाभर के करोड़ों छात्र शिक्षा के मामले में गरीबी के दायरे में फंसकर रह जाएंगे। सबसे बड़ी बात यह है कि स्मार्टफोन ने बच्चों के जरूरी ज्ञान में तो बहुत मामूली वृद्धि की है, लेकिन उन्हें दुनियाभर के दुगुर्णों से परिचित करा दिया है।

स्मार्टफोन के ज्यादा इस्तेमाल से छोटे बच्चे भी तनाव और भेदभाव का शिकार हो रहे हैं। यूनेस्को ने आग्रह किया है कि दुनिया के शिक्षाशास्त्री और विभिन्न देशों की सरकारें अपने अपने देश में इसके लिए मानक बनाएं और नियम बनाएं कि आखिर पढ़ाई के दौरान स्मार्टफोन के इस्तेमाल की कितनी छूट हो सकती है। यही नहीं यूनेस्को यह भी चाहता है कि हमारे दौर को शिक्षा में डिजिटल क्रांति जैसी जो सहूलियतें हासिल हुई हैं, उन सहूलियतों को सभी वर्ग के छात्रों तक पहुंचाये जाने की व्यवस्था होनी चाहिए, नहीं तो दुनिया के बड़ी संख्या में छात्र डिजिटल भेदभाव का शिकार हो जाएंगे, जिससे समाज के निर्माण में और उसके ऊपर उठाने की कोशिशों में बहुत फर्क आयेगा। आज जिस तरह से शैक्षिक कंटेंट पर किसी तरह का नियंत्रण नहीं है, वह भी इसका एक खतरनाक पहलू है। यूनेस्को चाहता है कि नये ढंग से और डिजिटल क्रांति की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए शैक्षिक पाठ्यक्रम की रूपरेखा बनायी जानी चाहिए, तभी हम हाल के तमाम आविष्कारों के बेहतर फायदे हासिल कर सकते हैं। अगर इस पर ध्यान न दिया गया तो शिक्षा डिजिटल भेदभाव का जबरदस्त शिकार होने वाली है।

**–वीना गौतम.**

## आप की बात

### पाकिस्तान की आतंक नीति

पाकिस्तान एक बात पर पूरी प्रतिबद्धता से कायम रहता है और वह है आतंकवाद। चाहे वह बर्बाद हो जाये, लेकिन आतंकवाद नहीं छोड़ता है। उसके इसी रवैये के चलते आज पाकिस्तान आर्थिक बदहाली का शिकार है। भारत से उसके तनावपूर्ण संबंध सिर्फ आतंकवाद के कारण है। अगर पाकिस्तान हाफिज सईद, मसूद अजहर जैसे आतंकियों को सौंप दे तो भारत के साथ उसके संबंध सुधर सकते हैं। इससे पाकिस्तान को बहुत फायदा होगा लेकिन वह सुधरना चाहता ही नहीं है। परमाणु बम बनाकर इतराते वाला पाकिस्तान फिलहाल बदहाली और कंगाली के दौर से गुजर रहा है। 1947 में जब आजादी के साथ भारत से अलग होकर पाकिस्तान बना था तब पाकिस्तान भारत वह हिस्सा था जो अपेक्षाकृत अधिक विकसित हुआ करता था। आर्थिक विकास, मानव विकास, रोजगार आदि अनेक दृष्टि से पाकिस्तान भारत से आगे था। लेकिन जिस तरह पाकिस्तान के हुक्मरानों ने भारत के खिलाफ युद्ध, आतंकवाद और विवाद की नीति अपनायी, उसके कारण पाकिस्तान धीरे-धीरे बर्बादी के कगार पर पहुंच गया है। 1972 के युद्ध में पाकिस्तान के दो खंड हो गये। पाकिस्तान अपने देश का आधा हिस्सा गंवा बैठ, लेकिन कश्मीर के एक टुकड़े के लिए जिस तरह वह वर्षों से भारत के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़े हुए है उससे अब पाकिस्तान जर्जर होने के कगार पर पहुंच गया है। रही-सही कसर चीन के साथ दोस्ती, भ्रष्ट सेना और सियासतदानों ने पूरी कर दी है। आज पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इतनी अधिक जर्जर हो गयी है कि पाकिस्तानी दाने-दाने को मोहताज हो गये हैं। इसके बावजूद आतंकवाद के वित्त पोषण, भारत के खिलाफ उनको उकसाने आदि के मामले कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। पाकिस्तान गंभीर आर्थिक संकट में फंस चुका है। जनता दाने-दाने मोहताज है। यही कारण है कि जहां भी सस्ता अनाज पाता है वहां बेतहासा टूट पड़ता है। रोटी की जद्दोजहद में लोगों की जान जा रही है। पाकिस्तान में विकास दर लगभग ठप हो चुकी है, कर्ज जीडीपी के बराबर पहुंचने को बेताब है, महंगाई दर 27 फीसद के करीब है, निर्यात से आयात ढाई गुना अधिक है, पाकिस्तानी रुपया रसातल में पहुंच गया है और एक डॉलर के बदले 230 के करीब लुढ़क गया है। इसके बावजूद जिस तरह पाकिस्तान के हुक्मरान अपने घरेलू समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय भारत के खिलाफ जहर उगलते रहते हैं, ताकि पाकिस्तानी लोगों को राष्ट्रवाद के नाम पर भारत के खिलाफ भड़काकर उनका ध्यान पाकिस्तान की घरेलू समस्याओं से भटकाया जा सके। इसी टैक्टिस का नतीजा है कि आज पाकिस्तान दाने-दाने को मोहताज है लेकिन कोई ऐसा सप्ताह नहीं जाता है, जब भारत पर परमाणु बम गिराने की धमकी पाकिस्तानी नेता न देते हों। पाकिस्तान के बेशर्म हुक्मरानों को यह भी नहीं पता कि भारत अब पाकिस्तान से बहुत आगे निकल चुका है।

**अशोक कुमार त्रिवेदी, लखनऊ.**

### श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

# गुरु पूर्णिमा पर रामनगरी में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

## श्रद्धालुओं ने पावन सरयू में स्नान कर मठ-मंदिरों में अपने गुरु का लिया आशीर्वाद







जिला संवाददाता

**अयोध्या।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर रामनगरी अयोध्या में आस्था का जनसैलाब देखने को मिला। गुरूवार की सुबह से ही पावन सरयू नदी के तट पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस पवित्र मौके पर श्रद्धालुओं ने सरयू में स्नान कर दान पुण्य किया। हिंदू धार्मिक मान्यता के अनुसार गुरु पूर्णिमा के दिन दान का विशेष महत्व होता है। गुरु-शिष्य परंपरा से जुड़ा गुरु पूर्णिमा पर्व का विशेष महत्व देशभर से आए श्रद्धालु और शिष्य स्नान के बाद अपने-अपने गुरु के स्थानों पर पहुंचे और विधिवत पूजन कर गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह से ही सरयू स्नान के लिए भक्तों का समूह उमड़ा रहा। भक्तों ने सरयू स्नान कर नागेश्वर नाथ महादेव का जलाभिषेक किया साथ ही रामजन्मभूमि, हनुमानगढ़ी सहित सभी मंदिरों में महोत्सव की धूम रही। भक्तों के साथ-साथ अयोध्या के संत-महंत भी अपने गुरू का पूजन कर करते दिखे। सरयू घाट से लेकर राम मंदिर, हनुमानगढ़ी और कनक भवन तक श्रद्धालुओं से पूरी नगरी भरी हुई दिखाई दी। अयोध्या महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी भी अपने तिवारी मंदिर में शिष्यों के बीच गुरु के रूप में नजर आए। गुरु पूर्णिमा के मौके पर मंदिरों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान और भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। कबीर दास ने कहा है गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागे पाय बलिहारी गुरु आपकी गोविंद दियो बताएं। गुरु की कृपा जीवन को सार्थक बनाने के लिए बहुत जरूरी है। ईश्वरीय कृपा मिलती है लेकिन जीवन में मार्गदर्शन गुरु ही दे सकता है। मणिराम दास छावनी में भी सुबह से ही गुरु पूजन चलता रहा। अखाड़ा परिषद के पूर्व अध्यक्ष महंत ज्ञान दास के आवास पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। सुबह से ही गुरु आराधना के लिए श्रद्धालु पहुंचे । देश-दुनिया से अयोध्या पहुंचे श्रद्धालु अपने गुरुओं की पूजा कर खुद को सौभाग्यशाली मानते हुए उनका आशीर्वाद लिया। राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास ने कहा कि गुरु शिष्य परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है। शिष्य अपने गुरु का पूजन कर उनका आशीर्वाद ले रहे हैं। मणिराम छावनी में भी दूरदराज से श्रद्धालु आए हैं। सैकड़ों वर्ष पुरानी परंपरा का आज भी निर्वहन हो रहा है। जीवन में सदमार्ग के लिए गुरु की कृपा बहुत ही आवश्यक है। मान्यता है कि आज के ही दिन विष्णु भगवान ने वेद व्यास के रूप में जन्म लिया था।

### गुरू पूर्णिमा पर विधायक ने किया मंदिरों में दर्शन-पूजन

**अयोध्या।** गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने विभिन्न मंदिरों में दर्शन-पूजन कर गुरुजनों के प्रति श्रद्धा निवेदित की। उन्होंने रानोपाली स्थित महंत भरत दास जी के आश्रम, रिकाबगंज स्थित हनुमान गढ़ी, देवकाली मंदिर सहित कई प्रमुख मंदिरों में जाकर पूजन-अर्चन किया। इस दौरान विधायक ने संत-महंतों से आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके साथ कुछ समय व्यतीत किया। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा, ह्लगुरु ही जीवन को दिशा देने वाले मार्गदर्शक होते हैं। गुरू पूर्णिमा का यह पर्व भारतीय संस्कृति की मूल आत्मा का प्रतीक है। अयोध्या की संत परंपरा पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा है। मेरा सौभाग्य है कि मुझे संतों का सानिध्य और आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है।ह्व

## जनपद न्यायाधीश ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मध्यस्थों के साथ की बैठक



**बाराबंकी।** 1 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान की सफलता को लेकर जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रतिमा श्रीवास्तव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मे कार्यरत मध्यस्थगणो के साथ बैठक की। बैठक मे जनपद न्यायाधीश श्रीमती श्रीवास्तव ने अभियान में अधिकाधिक वादों को निस्तारित किये जाने तथा न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण कराये जाने को लेकर दिशा-निर्देश दिये। उन्होने आगे बताया कि वैवाहिक विवाद के मामले, दुर्घटना दावे के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, चेक बाउन्स के मामले, वाणिज्यिक विवाद के मामले, सेवा विवाद के मामले, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले, ऋण वसूली के मामले, सम्पत्ति के बंटवारे से संबंधित मामले, बेदखली से संबंधित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले एवं अन्य उपयुक्त आपराधिक/दीवानी लंबित मामलों को आमजनमानस इस विशेष अभियान में अपने वादों को निस्तारित करा सकते है। बैठक में अश्विनी कुमार वर्मा, कमलेश कुमार तिवारी, रजनी सिंह, सिकन्दर जहां कादरी, बालक राम, कमलेश चन्द्र शर्मा, ओ0पी0 सिंह, सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, मो0 आफाक आलम मौजूद रहे।

## नियम विरुद्ध संचालित मिलने पर 2 स्कूल वाहन सीज, 7 चालान



**बाराबंकी।** बच्चों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित किये जाने को लेकर अनफिट स्कूली वाहनो के खिलाफ परिवहन विभाग द्वारा 1 से 15 जुलाई तक चलाये जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के अन्तर्गत आज बृहस्पतिवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला, यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने संचालित स्कूली वाहनो का फिटनेस, परमिट, बीमा और प्रदूषण आदि की जांच करते हुये 2 वाहनो को सीज एंव 7 स्कूली वाहनो के अन्य अभियोगो मे चालान किये। अभियान की जानकारी देते हुये एआरटीओ प्रशासन श्रीमती शुक्ला ने बताया कि अभियान के दौरान स्कूली वाहनों की फिटनेस, परमिट आदि की जांच की गई। तथा नियम विरुद्ध संचालित वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की गई।

## व्यापारियों ने विधायक से की मुलाकात

**अयोध्या।** रीड़गंज में बन रहे 300 शैय्या सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल को लेकर क्षेत्रीय दुकानदारों की चिंता बढ़ गई है। निर्माण कार्य से प्रभावित हो रहे दुकानदारों ने शुक्रवार को अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता से मुलाकात कर पुर्नवास की मांग की ।व्यापारियों का कहना है कि अस्पताल के निर्माण के चलते उनकी दुकानें हटाई जा रही हैं, जिससे उनके समक्ष रोजगार का संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने विधायक से आग्रह किया कि प्रभावित व्यापरियों को पुनर्वास योजनाओं के तहत वैकल्पिक स्थान पर दुकानें उपलब्ध कराई जाएं, ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

## मनरेगा में फजीवाड़ा शिवपुर में एक ही,फोटो से कई मस्टर रोल



**बहराइच!** के शिवपुर ब्लॉक में मनरेगा योजना में व्यापक भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है ।चंदेला कला में पहले से पूर्ण कार्य का मस्टर रोल अभी भी जारी है। अधिकारियों को भ्रमित करने के लिए एक ही फोटो को कई मस्टर रोल पर अपलोड किया गया है ।मस्टर रोल के आंकड़े बताते हैं कि शनिवार और रविवार को 125-125 श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज की गई। सोमवार को यह संख्या 175 श्रमिकों की दर्ज की गई। मंगलवार को दोपहर 3 बजे तक एक भी श्रमिक की उपस्थिति दर्ज नहीं हुई ।ग्रामीणों के अनुसार काम पहले ही जल्दबाजी में पूरा कर दिया गया है। इसके बावजूद श्रमिकों की फर्जी उपस्थिति दर्ज की जा रही है। ग्राम सचिव कमला प्रसाद आर्य ने इस कार्य के बारे में अनभिज्ञता जताई है ।अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अंकित सिंह यादव ने कहा कि वे वृक्षारोपण की तैयारियों में व्यस्त हैं। उन्होंने मामले की जांच का आश्वासन दिया है। खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव ने जांच का हवाला दिया है लेकिन इस कार्य से लगता है की खंड विकास अधिकारी के लापरवाही से यह हाल हो रहा है जिस पर ब्लाक जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए है जब मीडिया कर्मियों को इसकी जानकारी होती है तब कही कार्यवाही होती है क्योंकि मीडिया कर्मियों ने असलियत का बड़ा पर्दा फास किया है ।

## श्रावण झूला मेला व कांवड़ यात्रा का मण्डलायुक्त ने लिया जायजा

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार के साथ श्रावण मेला झूला एवं कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों को लेकर रामपथ से राम की पैड़ी, हनुमान गुफा से दीनबन्धु नेत्र चिकित्सालय वाया रामघाट चैराहा वाया कांशीराम आवासीय कालोनी

● आईजी के साथ राम की पैड़ी हनुमान गुफा सहित सूर्यकुण्ड का किया स्थलीय निरीक्षण



वाया परमा अकादमी मार्ग वाया हलकारा का पुरवा चैराहा वाया बूथ नम्बर 4 चैराहा से दर्शननगर सूर्यकुण्ड का स्थलीय निरीक्षण किया गया। मण्डलायुक्त ने बताया कि कल से श्रावन का महीना प्रारम्भ हो रहा है और अयोध्या के नजदीकी जनपदों से भारी संख्या में श्रद्वालु अयोध्या में आते है तथा सरयू जी का जल लेकर विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक करते है। श्रद्वालुओं को बेहतर व्यवस्था हेतु मुख्य मार्गो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारीद्वय ने सम्बंधित को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा के मार्ग पर जहां जहां सड़के क्षतिग्रस्त है उनको यथाशीघ्र समतल किया जाय और जिन-जिन स्थानों पर नाले खुले हुये है उनको तत्काल बंद कराया जाय। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाया कि राम की पैड़ी सहित अन्य मार्गो पर विद्युत के तार लटक रहे है उनको ठीक कराते हुये बचे हुये विद्युत के खम्भों पर सुरक्षा सुनिश्चित की जाय। उन्होंने राम की पैड़ी पर चल रहे निर्माण कार्यो को देखते हुये कार्य में तेजी लाकर गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके साथ राम की पैड़ी पर पटरी दुकानदारों के द्वारा किये गये अतिक्रमण को तत्काल हटवाने के निर्देश दिये। अधिकारीद्वय ने बताया कि कांवड़ियों का आगमन शीघ्र प्रारम्भ हो रहा है, जिसके चलते घाटों पर साफ सफाई, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था सहित सुरक्षा के अन्य इन्तजाम समय पर पूर्ण कर लिये जाय और नागेश्वरनाथ मंदिर को जाने वाले मुख्य मार्ग का भ्रमण करते हुये समुचित व्यवस्था समय पर सुनिश्चित की जाय। उन्होंने अपर जिलाधिकारी नगर योगानन्द पांडेय व पुलिस अधीक्षक नगर चक्रपाणि त्रिपाठी को निर्देश दिये कि कांवड़ियों के आने वाले मुख्य मार्गो का स्थलीय निरीक्षण करते हुये सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित की जाय। इसके साथ साथ कांवड़ यात्रा के मुख्य मार्गो पर जिन भी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा निर्माण सामाग्री सड़कों पर रखी पायी गयी है उसको तत्काल हटवाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नगर, पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक यातायात, क्षेत्राधिकारी गण, मेला सहायक कौशल किशोर श्रीवास्तव, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, यूपीपीसीएल सहित सम्बंधित विभाग के अधीक्षण अभियन्ता, अधिशाषी अभियन्ता व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सुखद जीवन के लिए पौधरोपण करना बहुत जरूरी है: आनंद तिवारी

जिला संवाददाता



**बाराबंकी।** पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। क्योंकि हमें पेड़ों द्वारा ही शुद्ध वायु मिलती है। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में पेडों को लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए। सुखद जीवन के लिए वृक्षारोपण करना बहुत जरूरी है। धरती पर हरियाली, मौसम, जलवायु, बारिश इन पेड़ों की ही देन है। उक्त विचार राम-जानकी मंदिर परिसर

● एसडीएम ने किया पौधारोपण

में जन व्यापारी उद्योग व्यापार मंडल द्वारा आयोजित एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम मे उपजिलाधिकारी नवाबगंज आनंद तिवारी पौधा रोपित करने के उपरान्त व्यक्त किये। एसडीएम श्री तिवारी ने सभी से एक-एक वृक्ष लगाने की अपील की। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय शैलेंद्र सिंह ने कहा कि हमें पौधारोपण के उपरांत पौधे की नियमित देखभाल करनी चाहिये जब तक कि वह वृक्ष न बन जाये। डिप्टी कमिश्नर जीएसटी विकास सेठ ने कहा कि वृक्ष लगाकर उनकी पुत्र की भांति देखभाल करना बहुत जरूरी है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित ने कहा कि बरसात में हर व्यक्ति को कम से कम एक-एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए इसके साथ ही औरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। इस मौके पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरज पांडे, पल्लवी तिवारी, भगौती प्रसाद, सुरेन्द्र सिंह जन व्यापारी उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश महामंत्री रोहितश्व दीक्षित, मो0 अकील, संजय वर्मा, जिलाध्यक्ष अंकुर जैन, जिला महासचिव मुजीबुद्दीन अंसारी, हसन अब्बास, विकास वर्मा, सरदार सतपाल सिंह, विनय जैन, बाहुबली जैन, हिमांशु अवस्थी, संतोष गुप्ता, प्रदीप मिश्रा, शशिकांत गुप्ता, राजनाथ वर्मा, नितिश जैन, सौरभ श्रीवास्तव, हिमांशु श्रीवास्तव, सुबोध गुप्ता, सोमेश वर्मा, अमर सिंह वर्मा, लखन लाल शर्मा मौजूद रहे।

## विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति ने अधिकारियों के साथ की बैठक

जिला संवाददाता

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति की कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद बहराइच, बलरामपुर व श्रावस्ती के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में सभापति डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि सरकार, शासन, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों का यही उद्देश्य है कि सरकार द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े जरूरतमन्दों तक पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजन की समस्याओं का समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाय ताकि उन्हें अनावश्यक रूप से भागदौड़ न करनी पड़े।

सभापति डॉ. त्रिपाठी ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि जनप्रतिनिधियों को मानक प्रोटोकाल के अनुसार सम्मान दिया जाय। यदि किसी जनप्रतिनिधि या आमजन का फोन आता है तो उसको अवश्य रिसीव किया जाय। उन्होंने कहा कि यदि किसी अपरिहार्य कारणों से आप द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया है तो समय मिलते ही कालबैक कर सम्बन्धित की बात अवश्य सुने। बैठक के दौरान पशुपालन, समाज कल्याण, संस्थागत वित्त, पंचायती राज, गन्ना विकास, सहकारिता, सूक्ष्म व लघु उद्योग, पर्यावरण, धर्मार्थ कार्य, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, गृह, नगर विकास, अल्पसंख्यक कल्याण, राजस्व, न्याय, उच्च, माध्यमिक व बेसिक शिक्षा इत्यादि विभागों से सम्बन्धित बिन्दुओं पर चर्चा की गई। पशुपालन विभाग पर चर्चा के दौरान समिति ने सड़कों पर निराश्रित घूमने वाले गोवंशों को अभियान चलाकर गौआश्रय स्थलों में संरक्षित कराये जाने के निर्देश सम्बन्धित जिलाधिकारियों को दिये गये। समिति ने यह भी सुझाव दिया कि लेखपाल व सचिवों के माध्यम से छुट्टा जानवर छोड़ने वाले पशु स्वामियों के विरूद्ध भी नियमानुसार कार्यवाही की




जाय। गन्ना कृषकों के बकाया गन्ना मूल्य भुगतान पर चर्चा के दौरान जिला गन्नाधिकारी ने बताया कि जनपद की 03 चीनी मिलों द्वारा शत-प्रतिशत भुगतान की कार्यवाही की गई है। जबकि 01 चीनी मिल के भुगतान से सम्बन्धित वाद न्यायालय में विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि प्रभावी पैरवी कर वाद का निस्तारण कराते हुए कृषकों को अवशेष गन्ना मूल्य का भुगतान कराया जाय।

कृषकों को उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के सम्बन्ध में समिति द्वारा निर्देश दिया गया कि उर्वरकों की ओवररेटिंग, कालाबाजारी पर प्रभावी अंकुश लगाने पर प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। एम.ओ.यू. के क्रियान्वयन पर चर्चा के दौरान समिति द्वारा निर्देश दिया गया कि आकांक्षी जनपदों में रोजगार के अवसर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शत-प्रतिशत एम.ओ.यू. का क्रियान्वयन कराया जाय। जिससे जनपद के युवक-युवतियों को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार मिल सके। निकायों को निर्देश दिया गया कि जल निकासी जैसी समस्याओं के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा दिये गये प्रस्तावों के सापेक्ष समय से डी.पी.आर. तैयार कर शासन को प्रेषित किया जाय। धर्मार्थ कार्य से सम्बन्धित बिन्दुओं पर चर्चा के दौरान निर्देश दिये गये कि प्राप्त होने वाले प्रस्तावों पर समयबद्धता के साथ अपेक्षित कार्यवाही की जाय। बैठक के अन्त में जिलाधिकारी बहराइच मोनिका रानी, श्रावस्ती के अजय कुमार द्विवेदी व बलरामपुर के पवन अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि समिति की ओर से प्राप्त होने वाले आदेशों एवं सुझावों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति मा. सभापति डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, सदस्य गोविन्द नरायन शुक्ल, किरणपाल कश्यप व पदमसेन चैधरी, अनुसचिव अरूण प्रकाश शर्मा, समीक्षा अधिकारी मयंक यादव, प्रतिवेदक सुधीर यादव व अपर निजी सचिव अजय कुमार को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

## भूगर्भ जल में बढ़ोत्तरी, सिंचाई, और मत्स्य पालन के लिए उपयोगी सिद्ध हुई

जिला संवाददाता

**बहराइच ।** उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के किसानों को सिंचाई, बुआई, बीज, खाद कृषि उपकरण सहित लाभ पहुंचाते हुए हर स्तर पर सुविधा दे रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने किसानों को परम्परागत ढंग से सिंचाई के लिए श्खेत तालाब योजनाश लागू की है। यह योजना प्रदेश के सभी किसानों के लिए है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक किसान जो अपने खेतों के आसपास, बीच में तालाब बनायेगें, उन्हें राज्य सरकार की ओर से सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

प्रदेश सरकार की इस योजना को शुरू करने का उद्देश्य यह कि बरसात का पानी जमा करा कर किसानों को खेती में सिंचाई की मात्रा को बढावा देना है इससे किसानों को दोनों तरफ से लाभ प्राप्त होगा। किसान खेत में फसल की सिंचाई के साथ-साथ मत्स्य पालन भी कर सकते हैं। सरकार की खेत तालाब योजना से भूगर्भ जल में बढोत्तरी भी हो रही है और किसानो की फसल में अच्छा उत्पादन भी हो रहा है ।उत्तर प्रदेश खेत तालाब योजना किसानों के लिए शुरू की गयी है। इस योजना के माध्यम से प्रत्येक किसान जो अपने खेत के सामने या बीच में, जहां बारिश का पानी ज्यादा इकट्ठा होता है अगर वहां किसान तालाब बनाते हैं. तो किसानो को इस योजना के तहत 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी प्रदान की जाती है।

इस तालाब को बनाने का मुख्य उद्देश्य यह भी है कि बरसात के मौसम में दो चार दिन तक लगातार बारिश के समय जो बरसाती पानी फसलों को बर्बाद कर देता है. उसे तालाव बना कर इकट्ठा कराया जाए, इससे किसानों की फसल सुरक्षित रहेगी और इकट्ठे पानी से किसानों को सिंचाई के लिए ट्यूबवेल का इस्तेमाल ज्यादा नहीं करना पड़ेगा। साथ ही जिन किसानों के पास सिंचाई के लिए मोटर सुविधाएं जो बिजली से चलती हो और वहां लाइट की सुविधा न पहुंच पा रही हो उस स्थिति में किसानों की खेती में सिंचाई के लिए पानी की सुविधा देने के लिए तालाब बनवाये जायें। ताकि किसानों को खेती में सिंचाई करने में किसी भी प्रकार की समस्या न उठानी पडे। तालाबों में किसान बरसात एवं अन्य स्थानों से आने वाले पानी को एकत्र कर सकेंगे और अपनी फसलों को ठीक से सिंचित कर सकेंगे ।प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत उत्तर प्रदेश खेत तालाब योजना में अनुदान राशि राज्य के सभी श्रेणी के कृषकों को लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम राशि रुपए 52,500 कच्चे फार्म तालाब पर और 75,000 रुपए की राशि प्लास्टिक लाइनिंग कार्य के साथ 300 उपबतवद ठ्ै के लिए देय है। बुंदेलखण्ड को सूखे से बचाने में खेत तालाब योजना से बहुत मदद मिली है। राज्य के अधिक से अधिक किसानों को इस योजना का लाभ प्रदान कराया गया है। राज्य में पिछले आंकड़ों के हिसाब से बुंदेलखण्ड के चित्रकूट, बाँदा, हमीरपुर, जालौन, झांसी, महोबा, ललितपुर में हजारों किसानों के खेत में तालाब बनाए गए हैं। जिसमें किसान वर्षा का पानी एकत्रित कर अपनी फसल की सिंचाई करते हुए उत्पादन में बढोत्तरी कर रहे हैं ।इच्छुक लाभार्थी किसान राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई. इस योजना में लाभ लेना चाहते हैं, तो उन्हें योजना की ऑफिशियल वेबसाइट यूपीएग्रीप्रदर्शी डाट जीओवी डाट इन पर जाकर आवेदन करना होता है। खेत तालाब योजना के शुरू होने से वे सभी किसान जो पहले पानी की समस्या को लेकर और तालाब बनाने के लिए असमर्थ थे अब वह आसानी से योजना का लाभ उठा कर अपने खेतों में तालाब का निर्माण कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश खेत तालाब योजना भूगर्भ जल के स्तर में वृद्धि लाने में भी सहायक हो रहा है। उत्तर प्रदेश खेत तालाब योजना का लाभ लेने के लिए किसान को उत्तर प्रदेश राज्य का निवासी होना अनिवार्य है।

## अभियुक्त को आजीवन कारावास

**बहराइच।** वादी मुकदमा विजय पाल पुत्र प्यारे निवासी केशवापुर थाना को0नानपारा जनपद बहराइच द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि वादी की नानी मंगाला पत्नी बेवा लाला यादव निवासिनी गौराधनौली थाना नानपारा बहराइच लगभग 20 वर्षों से वादी के यहां रह रही थी तथा उन्होने अपनी जमीन में से कुछ जमीन अपनी तीनों बेटियों को बैनामा कर दिया था जिससे गुड्डू पुत्र रामचन्दर नि0गौरा धनौली काफी छुब्ध एवं नाराज था। दिनांक 21.04.2022 को दिन में लगभग 12.00 बजे गुडड् वादी के घर पर आया तथा वादी की नानी घर के अन्दर बरामदे मे बैठी हुई थी उनके पास पहुंचा व इसी भूमि विवाद को लेकर वादी की नानी मंगाला उपरोक्त की कनपटी पर पिस्टल से गोली मारकर हत्या कर दी तथा वहां से पिस्टल समेत भाग गया। थाना को0 नानपारा में वादी की लिखित तहरीरी सूचना के आधार पर दिनांक 21.04.2022 को मु.अ.सं 161/2022 धारा 302, 504 भा.द.वि. बनामपुत्र रामचन्दर, गौरा धनौली, थाना मटेरा, जनपद बहराइच पंजीकृत किया गया।

## एसपी ने कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था लिया जायजा

**बहराइच।** पावन श्रावण मास की कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बहराइच व पुलिस अधीक्षक सीतापुर द्वारा अन्तर्जनपदीय बहराइच-सीतापुर बार्डर स्थित चहलारी घाट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया श्रावण मास की कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बहराइच व पुलिस अधीक्षक सीतापुर द्वारा अन्तर्जनपदीय बहराइच-सीतापुर बार्डर स्थित चहलारी घाट का निरीक्षण किया गया तथा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गयी । निरीक्षण के दौरान दोनों जनपदों के उच्चाधिकारियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किए गए हैं । यात्रा के दौरान बहराइच-सीतापुर मार्ग से होकर जाने वाले कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा हेतु उचित प्रबन्ध किये जाने के सम्बन्ध में आपसी समन्वय स्थापित कर सूचनाओं के आदान-प्रदान व स्थानीय लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर क्षेत्र की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा को पुख्ता करने हेतु निर्देश दिये गये हैं । साथ ही



सावन मास के अवसर पर स्थानीय मंदिरों में भी जल चढ़ाने हेतु श्रद्धालुओं की संख्या में काफी वृद्धि होती है जिसके लिए पर्याप्त पुलिस प्रबन्ध किये गये हैं तथा यात्रा को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने हेतु निम्नलिखित प्रमुख प्रबंध किए गए हैंः-- रूट प्लानिंग एवं क्षेत्र विभाजनः समस्त यात्रा मार्गों का स्थलीय भ्रमण कर उन्हें उपयुक्त रूप से विभाजित किया गया है ताकि त्वरित एवं प्रभावी पुलिस व्यवस्था लागू की जा सके।- निगरानी एवं नियंत्रणः यात्रा मार्गों पर ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी की व्यवस्था की गई है, जिससे भीड़ नियंत्रण व संभावित आपात परिस्थितियों पर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित हो सके।- शिविर स्थापना एवं एम्बुलेंस व्यवस्थाः श्रद्धालुओं की सुविधा एवं आकस्मिक चिकित्सा आवश्यकता की पूर्ति हेतु प्रमुख स्थानों पर शिविर स्थापित किए गए हैं, जहाँ प्राथमिक चिकित्सा व जलपान की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।- विशेष यातायात व्यवस्थाः मुख्य मार्गों पर यातायात को व्यवस्थित रखने हेतु डायवर्जन व वैकल्पिक रूट चिन्हित किए गए हैं। यातायात पुलिस की विशेष टीमें क्षेत्र में सक्रिय रहेंगी।- विभिन्न जनपदीय इकाइयां, अभिसूचना तंत्र व सोशल मीडियाः कांवड़ यात्रा को सुरक्षित व सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपदीय इकाइयों को सतर्क किया गया है तथा साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी सतर्क निगरानी हेतु निर्देशित किया गया ।

संक्षेप

## वाहन की टक्कर में दो युवकों की मौत

**तिलोई, अमेठी ।** मोहनगंज थाना क्षेत्र में रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है. अलईपुर के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में जान गंवाने वाले युवकों की पहचान आकाश दीप रैदास (23 वर्ष), पुत्र राजकुमार निवासी अस्था मजरा, थाना मलवा, फतेहपुर और सर्वेश कन्नौजिया (25 वर्ष), पुत्र रामसनेही निवासी फतेहपुर के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मोहनगंज पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दुर्घटना कार और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है. थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं इस हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है. स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क पर स्पीड कंट्रोल और यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

## चोरी की बाइक के साथ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सुलतानपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे वांछित व संदिग्ध अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत धनपतगंज पुलिस को अहम सफलता मिली है। अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी बल्दीराय के नेतृत्व में, प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव की टीम ने एक शातिर चोर को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक अवधेश कुमार व कांस्टेबल अमित यादव की संयुक्त टीम ने ग्राम गोठवा बघौना निवासी उमाकान्त यादव पुत्र पारसनाथ यादव को हरौरा चैराहे के पास से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चोरी की गई एक टीवीएस स्पोर्ट्स बाइक बरामद की गई। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव ने बताया उमाकांत यादव एक सक्रिय अपराधी है, जिसका नाम जिले के कई मामलों में सामने आ चुका है। गौरतलब है कि 7-8 जुलाई की रात सतहरी गांव निवासी श्रवण कुमार की बाइक उनके घर से चोरी हो गई थी। काफी तलाश के बाद बाइक न मिलने पर पीड़ित ने 9 जुलाई को धनपतगंज थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 10 जुलाई को चोरी की बाइक समेत आरोपी को पकड़ लिया।

## लोगों को वितरित किये गये 2000 पौधे

**बल्दीराय, सुलतानपुर ।** बल्दीराय तहसील के ग्राम इसौली में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। गांव में करीब 2000 पौधे वितरित किए गए, जिसमें युवाओं से लेकर बच्चों और बुजुर्गों तक ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान हर युवक को एक पौधा लगाने और उसका पालन-पोषण करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शाकिर अब्बास ने कहा कि ष्हर व्यक्ति को जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं और इनकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। गांव में इस अभियान को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। लोग सुबह से ही पौधे लेने के लिए जुटे रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संतुलन बनाए रखना और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली का उपहार छोड़ना है। इस पहल की स्थानीय ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकताओं ने सराहना की।

# सिटी रिसोर्स सेंटर के निर्माण को मिलेगी गति



- विधायक अदिति सिंह ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में नगर विकास विभाग के विशेष सचिव महेन्द्र बहादुर के साथ की विकास कार्यों पर चर्चा

जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने रायबरेली के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में नगर विकास विभाग के विशेष सचिव महेन्द्र बहादुर के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान क्षेत्र में चल रहे और प्रस्तावित विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक का उद्देश्य रायबरेली को विकास के पथ पर और तेजी से आगे बढ़ाना था, जिसमें शहरी नवाचार और बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया। वहीं अदिति सिंह ने रायबरेली सिटी रिसोर्स सेंटर का निरीक्षण किया। यह सेंटर लंबे समय से अधूरा और उपेक्षित पड़ा है, जिसके कारण इसका निर्माण कार्य रुका हुआ है। विधायक ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को पुनः प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सिटी रिसोर्स सेंटर के पूर्ण होने से रायबरेली को शहरी नवाचार, प्रशिक्षण और सामुदायिक सेवाओं के क्षेत्र में एक नई दिशा मिलेगी।

रायबरेली सिटी रिसोर्स सेंटर को शहरी योजनाओं, ई-गवर्नेंस, और स्थानीय निकायों को तकनीकी सहयोग प्रदान करने के लिए एक प्रभावी केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यह सेंटर आधुनिक तकनीकों और नवाचारों के माध्यम से स्थानीय प्रशासन को सशक्त बनाएगा, जिससे शहरवासियों को बेहतर सेवाएं और सुविधाएं प्राप्त होंगी। यह परियोजना न केवल रायबरेली के शहरी विकास को गति देगी, बल्कि रोजगार सृजन और सामुदायिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

विधायक अदिति सिंह ने कहा, रायबरेली के विकास के लिए हम कटिबद्ध हैं। सिटी रिसोर्स सेंटर जैसे प्रोजेक्ट्स शहर को आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। हमारा लक्ष्य है कि रायबरेली के हर नागरिक को बेहतर सुविधाएं और अवसर प्राप्त हों। उन्होंने विशेष सचिव महेंद्र बहादुर के साथ चर्चा में विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## बाबा सत्यनाथ मठ में धूमधाम से मनी गुरु पूर्णिमा, श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** अघोरपीठ बाबा सत्यनाथ मठ, अल्देमऊ नूरपुर में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव अत्यंत श्रद्धा व भव्यता के साथ मनाया गया। पीठाधीश्वर अवधूत कपाली बाबा के संरक्षण में प्रातः 5 बजे से पूजन-अर्चन का शुभारंभ हुआ। अघोराचार्य बाबा सत्यनाथ की चरणपादुका पूजन एवं भगवान दत्तात्रेय के श्रृंगार पूजन के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव की विधिवत शुरूआत की गई।



अघोर परंपरा अनुसार माता हिंगलाज, माता श्मशान काली और अष्ट भैरव की विशेष पूजा अर्चना की गई। प्रातः 9 बजे से अपराह्न 3 बजे तक मठ की सदस्यता पंजीकरण व नवीनीकरण का कार्य चला। दोपहर 12 बजे गुरु महाआरती हुई, इसके पश्चात 01:00 बजे आल्हा सम्राट फौजदार सिंह ने अपने सशक्त आल्हा गायन से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। 03:30 बजे से पर्यावरण संरक्षण विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें डॉ. सुशील कुमार पाण्डेय साहित्येंदु, हनुमान प्रसाद सिंह, डॉ. करुणेश भट्ट व मथुरा प्रसाद सिंह जटायु ने विचार व्यक्त किए। गायक अभिमन्यु मौर्य ने भजन प्रस्तुत कर माहौल को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। महोत्सव में विधानपरिषद सदस्य रामसूरत राजभर, किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य काजल उर्फ मधु किन्नर, वरिष्ठ भाजपा नेता लालमणि सिंह, और विभिन्न जिलों से आए श्रद्धालु मौजूद रहे। उधर, सरस्वती विद्या मंदिर, झारखंड में भी गुरु पूर्णिमा श्रद्धापूर्वक मनाई गई। प्रधानाचार्य अवधेश कुमार मिश्र ने गुरु की महिमा पर प्रकाश डाला।

## नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व पौधरोपण के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व



**अमेठी ।** गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व गायत्री शक्तिपीठ अमेठी पर नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के साथ उल्लास पूर्वक मनाया गया। गुरुवार की सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गायत्री मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर हवन ,पूजन, संकल्प एवं वृक्षारोपण के साथ मनाया। गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा और समर्पण के लिए गुरुवार के दिन गुरु पूर्णिमा पर्व पर बड़ी संख्या में लोगों ने गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में आयोजित विविध कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। परिव्राजक सच्चिदानंद तिवारी ने गायत्री महापुरश्चरण (सामूहिक रूप से चौबीस लाख गायत्री महामंत्र जप अनुष्ठान) का संकल्प कराया। चालीस दिनों तक चलने वाले गायत्री महापुरश्चरण साधना से जुड़कर श्रद्धालुओं ने नियमित गायत्री मंत्र जप का संकल्प किया। गायत्री साधकों ने परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित कर लोक कल्याण की कामना की। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डॉ० त्रिवेणी सिंह ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए गायत्री परिवार के कार्यक्रमों को विस्तार देने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सत्प्रवृत्तियों के संवर्धन के लिए साधना और गायत्री से हर परिवार को जोड़ना होगा तभी गुरुदेव की युग निर्माण की संकल्पना को साकार किया जा सकेगा। इसके लिए सभी संकल्पवान, भावनाशील परिजनों का सहयोग आवश्यक है। इस अवसर पर पर्यावरण संवर्द्धन एवं पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ पौधरोपण भी किया गया। गायत्री महायज्ञ के बाद कन्या भोज में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से डॉ० चन्द्रावती सिंह, गायत्री सिंह, डॉ० आर०पी० सिंह, अखिलेश पांडेय, चिरौंजी लाल, डॉ० प्रवीण सिंह दीपक , लाल अशोक सिंह, डॉ० धर्मेंद्र तिवारी, राम यश मौर्य, सुभाष तिवारी, अशोक मिश्रा, घनश्याम वर्मा, सुशील जायसवाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## गुरु पूर्णिमा पर शिक्षकों का सम्मान

**शाहगढ़, अमेठी ।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर स्वामी रामदेव गुरुकुल विद्यापीठ मे वैदिक यज्ञ और शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।उपस्थित बच्चो एवं शिक्षकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया , सबने 1-1 वृक्ष भी लगाये। बच्चों एवं शिक्षकों ने प्रातः वैदिक यज्ञ हवन कर गुरु परम्परा के महान गुरुओं वेद व्यास, संत रविदास ,गुरु रामानन्द, गुरु नानक, बुद्ध, महावीर को याद कर उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प किया । प्रबन्धक श्री शिव दयाल किसान ने सभी शिक्षकों का माल्यार्पण कर यूनिफार्म भी भेट की । प्रिंसिपल श्री आर के पाल जी ने कहा ₹हमे मॉडर्न एजुकेशन के साथ गुरु शिष्य परम्परा के भाव को बढ़ाना जरूरी हैं।

## रास्ते की मांग को लेकर ग्रामीणों की डीएम से गुहार

**जगदीशपुर, अमेठी।** सरकार एक तरफ प्रत्येक गांवो को आवागमन के लिए सड़क से जोड़ने का काम कर रही है तो वहीं एक गांव ऐसा भी है जहां के लोगों को आने जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है ग्रामीणो ने डीएम को पत्र लिखकर इस समस्या का निदान कराने की मांग किया। विकास खंड के अंतर्गत स्थित ग्राम पूरे लाला ईश्वरीदास मजरे मिश्रौली ग्राम प्रधान फूलपता समेत ग्रामीण विनोद कुमार शिव प्रताप दिलीप कुमार मुकेश कुमार राजकुमार सियाराम आदि ग्रामीणो ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि मेरे ग्राम की लगभग तीन सौ आबादी के लोगों को आने जाने के लिए रास्ता नहीं है बामुश्किल रेलवे लाइन पार करके रोड तक पैदल जाना पडता है बीमारी हालत व दैवीय आपदा के समय कोई वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाता तथा स्कूल जाने वाले बच्चे रेलवे लाइन पार करके निकलते हैं जिसके चलते कई हादसे भी हो चुके हैं समस्त ग्रामीणो ने रास्ते को बनवाए जाने की मांग किया है ।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एनटीपीसी में वृहद पौधरोपण

**रायबरेली।** वन महोत्सव जिसे पेड़ों का त्योहार के रूप में जाना जाता है। इसको आत्मसात करते हुए एनटीपीसी ऊंचाहार में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वन महोत्सव मनाया गया। वृहद पोधरोपण अभियान के तहत किए गए आह्वान एक पेड़ माँ के नाम एनटीपीसी ऊंचाहार द्वारा सामाजिक वानिकी विभाग रायबरेली उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से वृहद वृक्षारोपण आयोजित किया गया। यह वृक्षारोपण अरखा ऐश डाइक के पास किया गया। एनटीपीसी ने इस साल पैंतालीस हजार पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया हैं। उल्लेखनीय है की विद्युत उत्पादन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदन शील बने रहना एनटीपीसी की कॉरपोरेट नीति है और उसी के तहत हर साल एनटीपीसी विद्युत गृह के आस पास के क्षेत्र को हरा भरा बनाए रखने के लिए हजारों पेड़ों का वृक्षारोपण करती है। परियोजना प्रमुख अभय कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण आशुतोष विश्वास, महाप्रबंधक प्रचालन दिलीप कुमार साहू, मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा, रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर रामबिहारी शुक्ला एवं एनटीपीसी ऊंचाहार के अन्य विभागाध्यक्ष ने पौधारोपण के कार्यक्रम में शामिल होकर वृक्ष आरोपित किए। अपर महाप्रबंधक तकनीकी तथा पर्यावरण प्रबंधन विभाग, प्रीति सिन्हा द्वारा सभी का स्वागत किया गया। पर्यावरण विभाग के उप-महाप्रबंधक आनंद लोहकरे ने सभी अतिथियों एवं पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



# गुरु पूर्णिमा गुरु के प्रति आस्था और समर्पण का पर्व : श्रीराम प्रपन्नाचार्य



- भाजपाइयों ने उल्लास के साथ मनाया गुरु पूर्णिमा का पर्व, संतों को किया सम्मानित

**सुलतानपुर।** गुरु पूर्णिमा का पर्व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा जिलेभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों ने विभिन्न मठ-मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना की और संतों व धर्मगुरुओं का सम्मान किया।

पार्टी की नगर अध्यक्ष रीना जायसवाल के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम के तहत जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी व डॉ. आर.ए. वर्मा ने गोलाघाट स्थित वेदांती आश्रम पहुंचकर बाल स्वामी श्रीराम प्रपन्नाचार्य जी महाराज से आशीर्वाद लिया और अंगवस्त्र व फूल-माला पहनाकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कहा कि गुरुजन, साधु-संत समाज के पथ प्रदर्शक होते हैं और राष्ट्र निर्माण में इनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। वहीं श्रीराम प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने गुरु पूर्णिमा का महत्व बताते हुए कहा कि यह पर्व गुरु के प्रति श्रद्धा, आस्था और समर्पण का प्रतीक है। गुरु ही अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश देते हैं। सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने जिला मंत्री विवेक सिंह, रुपेश सिंह और मण्डल अध्यक्ष डॉ. विनय प्रजापति के साथ हरे राम-हरे कृष्ण मंदिर, सोनवर्षा, जयसिंहपुर के पुजारी दया शंकर पाण्डेय को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. सीताशरण त्रिपाठी, विजय त्रिपाठी, मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी, रमेश सिंह टिन्नू, गांधी सिंह, राकेश सिंह दद्दू, अनुज प्रताप सिंह समेत कई कार्यकर्ता व श्रद्धालु मौजूद रहे।

## किसानों का विकासखंड कार्यालय में प्रदर्शन



**अमेठी।** अमेठी में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने विकासखंड कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। जिला संरक्षक देवी दयाल शर्मा के नेतृत्व में किसानों ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर पंचायत की। किसानों का कहना है कि नहरों में समय पर पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। बिजली आपूर्ति भी बेहद खराब है। इससे खेती करना मुश्किल हो गया है। धान की रोपाई और सिंचाई दोनों प्रभावित हो रही हैं। प्रदर्शनकारियों ने खंड विकास अधिकारी अंजलि सरोज को जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। मांग पत्र में नहरों में नियमित पानी की उपलब्धता, 18 घंटे बिना कटौती के बिजली आपूर्ति और आवारा पशुओं की समस्या का समाधान शामिल है। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो ब्लॉक से लेकर जिला मुख्यालय तक आंदोलन किया जाएगा। खंड विकास अधिकारी ने आश्वासन दिया कि मांगों को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों को भेजा जाएगा। प्रदर्शन में शेषनाथ तिवारी, राम प्रसाद, हरकेश तिवारी, गंगा प्रसाद, राममिलन, दयाराम, सुशीला सहित अन्य किसान यूनियन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर लालगंज में मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव



**लालगंज, रायबरेली।** सरस्वती शिशु मंदिर लालगंज में आयोजित गुरु पूर्णिमा उत्सव समारोह के अवसर पर बोलते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता अनूप पांडे ने कहा कि गुरु पूर्णिमा एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है, जो गुरुओं और शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। यह पर्व आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है, जो आध्यात्मिक और शैक्षिक गुरुओं के प्रति श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक है। इस दिन, शिष्य अपने गुरुओं का सम्मान करते हैं और उनके प्रति आभार व्यक्त करते हैं। गुरु पूर्णिमा आत्म-साक्षात्कार और ज्ञान की प्राप्ति के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। नगर पंचायत की अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने कहा कि गुरु पूर्णिमा गुरु-शिष्य परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो ज्ञान और आध्यात्मिकता के आदान-प्रदान को बढ़ावा देते है। प्रबंधक कैलाश वाजपेई ने कहा कि यह पर्व आध्यात्मिक ज्ञान और आत्म-साक्षात्कार के महत्व को रेखांकित करता है। गुरु पूर्णिमा शिक्षकों और गुरुओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रधानाचार्य सुरेश पाठक ने कहा कि शिष्य अपने गुरुओं की पूजा करते हैं और उनके प्रति सम्मान व्यक्त करते हैं। गुरुओं से आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम मां सरस्वती की वंदना और महर्षि वेदव्यास की प्रतिमा पर पुष्पांजलि से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में प्रबंधक के द्वारा आचार्य बंधुओ का सम्मान भी कियागया।इस अवसर पर स्कूल के कोषाध्यक्ष कौशलेंद्र कंचन ,रमेश बाजपेई ,रमेश मिश्रा, अशोक कुमार, राम नारायण सिंह, रामशरण अग्निहोत्री ,जगदेव प्रसाद, दिवाकर ,सुरेश वर्मा ,दिव्यांशी, शिवांगी तिवारी,आर्या श्रीवास्तव, शिवांकरी सहित बच्चे मौजूद रहे।

## एडीएम ने दोस्तपुर में निमार्णाधीन पानी की टंकी का किया औचक निरीक्षण

**सुलतानपुर (वीओएल)।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एस. सुधाकरन ने गुरुवार को दोस्तपुर नगर पंचायत में जल निगम शहरी द्वारा निमार्णाधीन 1200 किलोलीटर की पानी की टंकी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि 25 मीटर ऊंची टंकी का मात्र 35 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण हो पाया है, जबकि तय समयसीमा पहले ही पार हो चुकी है। मौके पर केवल 6 मजदूर कार्यरत मिले और कार्य की गति बेहद धीमी पाई गई। जल निगम के अवर अभियंता (जेई) द्वारा बताया गया कि ठेकेदार को समय वृद्धि दी गई है और नवंबर तक निर्माण कार्य पूरा किया जाना है। इस पर एडीएम ने ठेकेदार श्याम कंस्ट्रक्शन कंपनी को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए श्रमिक व सामग्री की संख्या बढ़ाकर दो शिफ्टों में कार्य करें और सितंबर तक निर्माण कार्य पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत की 40 किमी लंबी पेयजल पाइपलाइन की समीक्षा भी की गई। फर्म ने दावा किया कि पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है, लेकिन 3000 में से अभी तक केवल 1800 घरों में ही नल कनेक्शन दिए गए हैं। शेष 1200 कनेक्शनों के लिए एडीएम ने प्रतिदिन 10 टीमों द्वारा 100 कनेक्शन करने के निर्देश दिए। साथ ही, कनेक्शन में लापरवाही पाने पर ठेकेदार और जेई को फटकार लगाई गई। नाली के पास कनेक्शन देने से जल में संक्रमण की आशंका जताते हुए, घर के मालिक से पूछकर उचित स्थान पर पुनः कनेक्शन लगाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सचिन पांडे व जल निगम के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। एडीएम ने चेतावनी दी कि यदि कार्य में सुधार नहीं हुआ, तो ठेकेदार व जल निगम के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सपाइयों ने सौंपे ज्ञापन



**अमेठी ।** गुरुवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने सरकारी स्कूलों को बंद करने को लेकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंच कर सौंपा ।सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से सपा कार्यकताओं ने निर्णय वापस लेने की मांग की है। समाजवादी पार्टी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष पंकज शुक्ला यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष उदय सिंह लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष सूबेदार यादव एडवोकेट के नेतृत्व में कार्यकताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन देते हुए कहा कि छात्रों के हित में आंदोलन होगा ।छात्र सभा के अध्यक्ष पंकज शुक्ला ने कहा कि सरकार के करीब पांच हजार विद्यालय समायोजित करने के निर्णय से गरीब मजदूर किसान परिवार के नौनिहालों का भविष्य संकट में आ गया है ।वही लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष सूबेदार यादव ने कहा सरकार सोची समझी साजिश के तहत गांव गरीब के बच्चों को शिक्षा से वंचित करने का प्रयास कर रही है ।जो मौलिक अधिकारों का हनन है ।वही यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष उदय सिंह ने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में पार्टी आंदोलन करेगी ।इस दौरान जिला पंचायत सदस्य केडी सरोज अभय यादव अर्पित आइसा यादव रवि विजय अंकित अनिल गौरव वर्मा आलोक सिद्धार्थ सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आरेडिका में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे गये पौधे

**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में जुलाई माह में महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में अधिकारियों, कर्मचारियों तथा महिलाओं द्वारा अलग-अलग कई स्थानों पर वृक्षारोपण कर सरकार के पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों में आरेडिका ने एक जिम्मेदार संस्था होने का संदेश दिया। आरेडिका के प्रधान वित्त सलाहकार एवं अध्यक्ष आरेडिका खेलकूद संघ, बीएल मीना ने स्पोर्ट ग्राउण्ड में वृक्षारोपण किया। आरपीएफ द्वारा बैरक ग्राउण्ड एवं उसके आसपास के स्थानों में वृक्षारोपण किया गया। अभियांत्रिकी विभाग द्वारा नए बने तालाबों तथा सड़कों के किनारे वृक्षारोपण किया गया। आरेडिका महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं के द्वारा ऑफिसर कॉलोनी में वृक्षारोपण किया। आरेडिका के प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव, ने बताया कि पीपल, नीम, आम, जामुन, अमलताश, गुलमोहर, कचनार, पाकड़, करेंज, आदि के 14000 पौधों तथा 1 लाख बीजों का रोपण 15 दिन में किया गया तथा यह अनवरत जुलाई माह में जारी रहेगा तथा कुल 25000 पौधों तथा 2.75 लाख बीजों के रोपण की योजना है। महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने कर्मचारियों एवं सभी यूनियनों के कर्मचारी प्रतिनिधियों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया साथ ही कहा कि जो विभाग, यूनियन, अथवा कर्मचारी अपने क्षेत्र में हरियाली का विकास करने में विशेष योगदान देगा उसे स्वतंत्रता दिवस पर पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगाा। इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान वित्त सलाहकार एवं अध्यक्ष आरेडिका खेलकूद संघ, बीएल मीना, प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र, सहित अन्य अधिकारियों, आरपीएफ के जवानों तथा कर्मचारी ने वृक्षारोपण में सहभागिता की।

# गुरु पूर्णिमा पर याद किये गये महर्षि वेदव्यास

**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल त्रिपुला में गुरु पूर्णिमा पर महर्षि वेदव्यास को श्रद्धा पूर्वक याद किया गया। एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा ने प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ महर्षि वेदव्यास के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। कार्यक्रम में गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुदेवो महेश्वरः, गुरुः साक्षात्परं ब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः श्लोक को परिलक्षित करते हुए विद्यालय के छात्र अविरल, पावस और अभिनव ने भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश की भूमिका तथा अक्षय ने गुरु और अदिति एवं अभिराज ने छात्र की भूमिका में सभी का मन मोह लिया और छात्रा अंजली, आस्था, जाह्नवी और धनवी ने गुरु गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया।

संस्थापक-प्रबंधक डॉ शर्मा ने सभी को गुरु पूर्णिमा की बधाई देते हुए कहा कि आज सभी आध्यात्मिक और शैक्षणिक गुरुओं को सम्मान देने का एक धार्मिक त्योहार है, गुरु का महत्व ईश्वर से भी बढ़कर है, क्योंकि गुरु के द्वारा ही हमें ईश्वरीय सत्ता का भान होता है, वहीं गुरु हमें सत्य-असत्य, नीति-अनीति, अच्छाई-बुराई आदि का ज्ञान कराता है। विश्व में माँ प्रथम गुरु है, जो बच्चे को मानवीय संस्कारों से सुसज्जित करती है। गुरु ज्ञान अपनाकर ही व्यक्ति सुखद, सुव्यवस्थित एवं समृद्धिशाली व्यक्तित्व के साथ अपने जीवन को प्रगति के पथ पर अग्रसर कर सकता है। न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में गुरु पूर्णिमा (व्यास पूर्णिमा) का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य ता?केश्वर सिंह, हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित स्कूल के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने महर्षि वेदव्यास का पूजन कर उनका आशीष प्राप्त किया। आज के कार्यक्रम में छात्र उदित पाठक की व्यास जी की जीवंत भूमिका सराहनीय रही। गुरु पूर्णिमा के संबंध में स्कूल के शिक्षकों ने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार इसी दिन वेदव्यास का जन्म हुआ था। जिन्होंने वेदों का संकलन और विभाजन कर मानवता का मार्ग दिखाया। इस महान कार्य के कारण वे आदि गुरु के रूप में पूजे जाते हैं इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, पिंकी जायसवाल, सुभी सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कमचार्री उपस्थित रहे।



संक्षेप

## वारंटी गिरफ्तार

बांसी सिद्धार्थनगर। बांसी थाने की पुलिस ने एक नफर वारण्टी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया ।पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन मे व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण एवं संतोष कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक बांसी के नेतृत्व में 10 को वाद संख्या 3524/2018 ,मु0अ0सं0 125/2018 धारा-147/308 भा0द0वि0 से सम्बंधित वारण्टी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया । राकेश उर्फ झिन्नू पुत्र जयकरन निवासी गांगुली इन्द्रानगर थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर बताया गया।जिसे

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

बांसी सिद्धार्थनगर। जनपद के बांसी थाना कोतवाली पुलिस ने नाबालिक के अपहरण व दुष्कर्म के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय भेजा गया ।जिसे दबिश के दौरान गिरफ्तार करने में को0 बांसी संतोष तिवारी के नेतृत्व में उप 0 नि0 स्वामीनाथ भास्कर व हे0 का 0 हेमंत कुमार व का0 देवानद्र सिंह यादव शामिल रहे। पुलिस अधक्षक डा0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में व पवीन प्रकाश पुलिस क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण एवं संतोष कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक थाना को0 बांसी के नेतृत्व में 10. को मु0अ0सं0 148/2025 धारा-137(2)/87/64(2)( ) बीएनएस व 5/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वाछिंत अभियुक्त को पुराना पुल राप्ती नदी बांसी से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय भेजा गया ।৳

## डीआईजी ने पैदल मार्च कर कराया सुरक्षा का एहसास

सरहरी,गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के बरगदवा चौराहे पर गुरूवार की शाम को पहुंचकर गोरखपुर रेंज के डीआईजी एस चनप्पा ने पैदल मार्च कर सुरक्षा का अहसास कराया।इस अवसर पर यस पी नार्थ , सी ओ कैम्पियरगंज, थाना प्रभारी चिलुआताल सहित बरगदवा चौकी प्रभारी अपने दल बल के साथ मौजूद रहे। गुरूवार को सायं सात बजे के आस पास डीआईजी गोरखपुर यस चनप्पा के साथ यस पी नार्थ जीतेन्द्र कुमार श्रीवास्तव , सी ओ कैम्पियरगंज बिवेक तिवारी एवं थाना प्रभारी चिलुआताल अतुल कुमार श्रीवास्तव बरगदवा चौकी प्रभारी लक्ष्मी नारायण द्विवेदी अपने दल बल के साथ उपस्थित रह कर बरगदवा चौराहे से मोहरीपुर बाजार तक पैदल मार्च कर प्रशासन अपनी उपस्थिती दर्ज कराया डी आई जी महोदय द्वारा रास्ते में मिलने वाले लोगो से कानून ब्यवस्था पर चर्चा करने के साथ ही सुरक्षा का भरोसा दिया।

## हजारों की चोरी

सरहरी,गोरखपुर। चिलुआताल थाना अन्तर्गत मजनू चौकी क्षेत्र के जगतबेला रेलवे स्टेशन के बगल में संचालित किराने की दुकान का ताला तोड़ कर चोरो ने हजारों का सामान उठा ले गये।सुबह जानकारी होने पर पीडित ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

# मुड़िया शोभायात्रा के साथ मुड़िया पूर्णिमा मेला संपन्न



मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।गोवर्धन कस्बे में मुड़िया भक्तों की टोली आज राधाश्याम सुंदर मंदिर से बैण्डबाजों की धुन और मुड़िया भक्तों के ढोल मजीरे नृत्य और गायन के साथ निकाली गई।जिसका कस्बे में जगह-जगह ब्रजवासियों द्वारा स्वागत किया गया। चकलेश्वर मंदिर के निकट राधाश्याम सुंदर प्रभु के स्थल से यहशोभायात्रा शुरू हुई। मुड़िया भक्त ढोलक और मजीरों पर वादन के अलावा नृत्य और करतब करते शोभायात्रा में चल रहे थे।जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में भी भक्तों ने पुष्प अर्पित किए। गाजे-बाजे के साथ कस्बे में निकली शोभायात्रा के साथ ही मुड़िया पूनों मेला का आज समापन हो गया। प्रशासन ने चैन की सांस ली है।मेले में व्यवस्थाएं अच्छी किए जाने को लेकर गोवर्धनवासियों ने जिला प्रशासन का धन्यवाद जताया है।

गिरिराजजी की पावन भूमि पर गुरुवार को सनातन परंपरा की भव्य झलक देखने को मिली।मुड़िया पूर्णिमा के अवसर पर 469वीं मुड़िया शोभायात्रा उत्साह, भक्ति और गरिमा के साथ निकली। यह शोभायात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की जीवंत परंपरा का प्रतीक बन गई।सुबह करीब दस बजे राधा श्याम सुंदर मंदिर के महंत रामकृष्ण दास के सान्निध्य में निकली शोभायात्रा में भक्ति की गूंज थी तो श्रद्धा की गहराई भी।शाम करीब पांच बजे महाप्रभु मंदिर से मुड़िया महंत गोपाल दास के नेतृत्व में निकली दूसरी शोभायात्रा में सफेद वस्त्रों में सजे संतों ने मंजीरे, मृदंग और तबले की थाप पर झूमते हुए मानसीगंगा की परिक्रमा की। भक्ति में रमे संतों की संकीर्तन मंडली जब निताई गौर हरि बोल के उद्घोष के साथ आगे बढ़ती, तो पूरा परिक्रमा पथ भक्तिरस में भीग उठता। चक्रेश्वर मंदिर और प्राचीन हरदेव मंदिर में मुड़िया संतों ने भावपूर्ण नृत्य कर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देशभर से आए श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा में भाग लेकर सनातन परंपरा को आत्मसात किया।शोभायात्रा के बारे में जानकारी देते हुए मुड़िया महंत गोपाल दास ने बताया कि गौड़ीय संप्रदाय के पूज्यपाद सनातन गोस्वामी के 1556 में गोलोकधाम पधारने के बाद से हर वर्ष मुड़िया पूर्णिमा पर उनकी स्मृति में यह शोभायात्रा निकाली जाती है, जिसमें संत संकीर्तन करते हुए गिरिराज परिक्रमा करते हैं। शोभायात्रा में चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष शर्मा ने मुड़िया संतों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

# मुड़िया पूर्णिमा मेला बना आस्था का महासागर

- गोवर्धन मुड़िया पूनो में रात पहुंचे 65 लाख, अब तक एक करोड़ 54 लाख श्रद्धालु पहुंचे गोवर्धन

मथुरा (मधुसूदन शर्मा)। सब देवन को मुकुटमणि राजा श्रीगिरिराज, यह केवल जयकारा नहीं, बल्कि उस दिव्यता का बखान है जो शनिवार रात से गुरुवार शाम तक गोवर्धन में साक्षात दिखाई दिया।राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेला के अंतिम दिन गुरुवार को गोवर्धन की ऐतिहासिक धरती पर ऐसा अध्याय बनकर उभरा, जिसने श्रद्धा, भक्ति और सनातन संस्कृति की सीमाएं लांघ दीं। आज शाम तक सात दिवसीय गोवर्धन मेला में एक करोड़ 54 लाख श्रद्धालुओं ने पहुंचकर गिरिराज महाराज की कृपा पाई है। मुड़िया पूर्णिमा मेला में आये श्रद्धालुओं पर पुलिस प्रशासन ने पुष्पवर्षा की। मानसी गंगा पर श्रद्धालुओं पर की गयी पुष्पवर्षा के दौरान मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक अनुपमा कुलश्रेष्ठ, डीआईजी शैलेष कुमार पाण्डेय, डीएम सीपी सिंह, एसएसपी लोक कुमार, सीडीओ मनीष मीणा, एसडीएम सदर अभिनव जेजैन के अलावा अन्य प्रशासनिक और पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

मुड़िया पूर्णिमा पर्व पर गिरिराजजी की धरा भक्ति की राजधानी बन गई। भक्ति, सेवा, संस्कृति और सनातन परंपरा के रंगों से सराबोर इस विराट आयोजन ने स्पष्ट कर दिया कि गिरिराजजी केवल पर्वत नहीं, श्रद्धा के सम्राट हैं।मुड़िया पूर्णिमा मेला का समापन एक नई ऊंचाई, एक नया इतिहास और एक दिव्य अध्याय जोड़कर हुआ।

गुरुवार सुबह हर दिशा से उमड़ा जनसमुद्र, पग-पग पर होती गिरिराजजी की महिमा वंदना और मृदंग-ढोल-मंजीरों की धुनों पर झूमती सनातन परंपरा ने एक दिव्य ब्रह्मांड रच दिया।शनिवार शाम से शुरू हुआ सात कोसीय परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं का सैलाब रात-दिन नहीं थमा। 21 किलोमीटर लंबे परिक्रमा पथ पर शनिवार शाम पांच बजे से गुरुवार शाम तक श्रद्धालुओं की मानव श्रृंखला बनी रही, जो गिरिराजजी की भक्ति का जीवंत उदाहरण बनी।कहीं हरिनाम संकीर्तन, कहीं प्रसाद वितरण, तो कहीं प्याऊ पर सेवा। हर कण में श्रद्धा की उपस्थिति दर्ज हुई। मेला क्षेत्र में इतनी भीड़ उमड़ी कि गोवर्धन आने वाले हर मार्ग तीन किलोमीटर पहले ही मेला क्षेत्र में तब्दील हो गया। मानसीगंगा, दानघाटी, पूंछरी के लौठा जैसे पावन स्थानों पर रात्रि में भी इतनी रोशनी और भक्ति थी कि अंधकार घुसने की हिम्मत नहीं कर सका।

## सीओ सदर मयंक द्विवेदी ने भ्रामक खबर फैलाने वालों से बचने हेतु की गोष्ठी



सिद्धार्थ नगर ।पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर मयंक द्विवेदी ने साइबर अपराध जागरूकता अभियान के तहत थानाक्षेत्र सिद्धार्थनगर के डिजिटल वॉरियरों के साथ गोष्ठी किया गया,व साइबर अपराध तथा भ्रामक जानकारी से बचाव हेतु जागरुक किया गया ।पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन के आदेशके क्रम में साइबर अपराध व भ्रामक खबर फैलाने से बचने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत10. को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में कार्य क्षमता के धनी कहें जाने वाले पुलिस क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी ने थानाक्षेत्र सिद्धार्थनगर के बनाए गए डिजिटल वॉरियरों के साथ गोष्ठी कर साइबर अपराध के संदर्भ मे जागरूक किया गया तथा भ्रामक जानकारी से बचाव हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान डिजिटल वॉरियर के संबंध में शासन के महत्वपूर्ण आदेशो एवं निदेर्शों से अवगत कराया गया इस दौरान सम्बंधित गोष्ठी में शामिल गणमान्य लोग सहमत एवं सन्तुष्ट दिखाई दिए।

## बखिरा चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर के कार्यवाही से मचा हड़कंप, हुई कार्यवाही

बखिरा /संतकबीरनगर/सिद्धार्थनगर।संतकबीरनगर के बखिरा थानाध्यक्ष राकेश सिंह के नेतृत्व में बखिरा चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिंह की कार्यवाही से आसामाजिक तत्त्वों के होश उड़े है , बेहतर पुलिसिंग रात्रि पुलिस गश्त की रफ्तार तेज करते हुए चोर उचक्को के मंसूबों पर पानी फिरते हुए चौकी प्रभारी श्री सिंह ने आसामाजिक तत्त्वों की न सिर्फ नींद हराम कर दिया गया बल्कि इसके पूर्व आधा दर्जन आसामाजिक तत्त्वों पर कार्यवाही भी की गई है। इतना ही नहीं दायित्वों के प्रति सक्रिय भूमिका निभा रहे चौकी प्रभारी सुरेन्द्र सिंह द्वारा समय समय पर संदिग्ध स्थानों पर औचक निरीक्षण छापेमारी कर आसामाजिक तत्त्वों की नीद हराम कर दिया गया है, वहीं सभ्य समाज के नागरिकों को अनमन चैन के साथ पुलिस सुरक्षा महसूस कर रहे हैं, इसके अलावा पुलिस चौकी बखिरा पर आने वाले पीड़ित फरियादियों को चौकी प्रभारी द्वारा त्वरित न्याय सुलभ कराया जा रहा है, अपने उत्कृष्ट कार्य एवं सक्रियता के चलते बतौर चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिंह आसामाजिक तत्त्वों के लिए खौफनाक दरोगा के रूप में समझे जा रहे हैं,वहीं जनहित के मद्देनजर व दायित्वों के प्रति क्रियाशील चौंकी प्रभारी सुरेन्द्र सिंह अपने सिनियर पुलिस अधिकारियों के दिए गए निर्देश का अनुपालन किया जा रहा अपितु बखिरा थानाध्यक्ष प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह एवं पुलिस उपाधीक्षक के अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकेत भी किया है।

# युवक की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या से मची सनसनी

बांसगांव,गोरखपुर। बांसगांव थाना क्षेत्र के ग्राम गजारी में अनिल कुमार यादव 40 वर्ष को उसके पट्टीदार सोहन तथा मोहन यादव पुत्रगण स्व रामा यादव ने गुरुवार को दोपहर करीब साढ़े बारह बजे दिन में अपने मां के साथ मौजा इटोरा में खेत की रोपाई कर रहे युवक की दिन दहाडे कुल्हाड़ी से कई बार उसके सर तथा पैर पर किया जिसका मौके पर ही मौत हो गई।मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गजारी निवासिनी फूलमती देवी पत्नी स्व बसंत यादव के दो पुत्र अनिल व सुनील है। सुनील रोजगार के सिलसिले में मुंबई कमाते है अनिल घर पर गाय रखकर खेती बारी करता था अनिल की गाय तीन चार दिन पहले कही गायब हो गई थी गायब कराने का आरोप अनिल के परिजन सोहन और मोहन पर लगा दिया जबकि गाय कल ही बगल के गांव के पास मिल भी गई लेकिन अनिल के परिजनो के आरोप से आहत सोहन और मोहन ने अनिल को रास्ते से हटाने के लिए ठान लिया। आज दोपहरी में अनिल अपने मां फूलमती के साथ बगल के गांव में स्थित अपने खेत में धान की रोपाई कर रहे थे । फूलमती देवी ने बताया कि दोनों भाई मोटरसाइकिल से हाथ में कुल्हाड़ी तथा धारदार हथियार लेकर पास आ गए और दोनों भाइयों ने तांडतोड़ गर्दन एवं पैर पर कुल्हाड़ी तथा धारदार हथियार से प्रहार करना शुरू कर दिया जहां पर अत्यधिक रक्त स्त्राव एवं गम्भीर चोट से उसकी मौत हो गई, अनिल को मरा छोड़ उक्त दोनों मोटरसाईकिल से भाग निकले,शोर पर आए ग्रामीणों ने पुलिस को फोन कर घटना की सूचना दिया तथा पुलिस के सहयोग से गम्भीर रूप से घायल अनिल को सामुदायिक स्वस्थ केंद्र बांसगांव लाया गया जहां पर डाक्टरों ने अनिल को मृत घोषित कर दिया पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दिन दहाडे हुई हत्या से गांव में सनसनी फैल गई है।

# रिफाइनरी नगर: पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश 53 गांवों में स्वच्छता का संदेश देगा स्वच्छता रथ




- स्वच्छता रथ को इंडियन ऑयल उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइंस मथुरा के वरिष्ठ प्रबंधक करण सिंह और दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल शैलेंद्र सिंह दिखाई हरी झंडी

मथुरा। रिफाइनरी नगर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल स्वच्छता पखवाड़ा में इंडियन ऑयल उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइंस मथुरा के वरिष्ठ प्रबंधक करण सिंह और दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल शैलेंद्र सिंह ने स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाई। ह्लस्वच्छ भविष्य के लिए एकजुट प्रयासह्ल के नारे से पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश। यहाँ स्वच्छता पखवाड़ा में इंडियन ऑयल उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइंस मथुरा के वरिष्ठ प्रबंधक करण सिंह ने कहा कि ह्लएक पेड़ माँ के नामह्ल अभियान से हम सभी जुड़कर पर्यावरण संरक्षण का आह्वान करते हैं। ह्लएक पेड़ माँ के नामह्ल लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने आईओसीएल-एनआरपीएल द्वारा दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया।यह रथ मथुरा के 53 गाँव जिनसे पाइपलाइन गुजरती है उसमे स्वच्छता का संदेश देगी।

इंडियन ऑयल उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइंस मथुरा के प्रबंधक विपिन यादवने कहाकि भारत सरकार स्वच्छता खवाड़ा के दौरान सफाई अभियान इस लिए चलाया जाता है साफ-सफाई की जाती है। जिससे स्वच्छता बरकरार रह सके और कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में, जागरूकता फैलाने और स्वच्छता की संस्कृति विकसित करने के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं को छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम में अंकुर चैहान - प्रचालन प्रबंधक, विपिन यादव - प्रबंधक, एवं डी पी एस स्कूल के बच्चे मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## करंट से युवक की मौत



सिद्धार्थनगर- डुमरियागंज तहसील क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। भवानीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भड़रिया के टोला लालपुर निवासी राहुल कश्यप (32) की करंट लगने से मौत हो गई।बुधवार रात करीब 11 बजे की यह घटना है। राहुल गांव में एक जन्मदिन पार्टी से लौटने के बाद खाना खाकर अपने नए घर गए थे।उसी वक्त वह आइसक्रीम की दुकान में पहुंचे।जहां वह करंट की चपेट में आ गए। परिजन तुरंत राहुल को बेंवा अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।राहुल अपने पिता के इकलौते बेटे और तीन बहनों के एकमात्र भाई थे।उनके 9 माह के बेटे हरिअंश के दिल में सुराख है, जिसका इलाज राहुल करा रहे थे।मिलनसार स्वभाव के राहुल की मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।लोग उनके घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दे रहे हैं।पत्नी समेत पूरा परिवार इस आकस्मिक निधन से सदमे में है।

## समाज से कुरीतियों को नष्ट करने के लिए प्रयासरत अभाविप: पुनीत




- अभाविप के स्थापना दिवस पर हुई भाषण प्रतियोगिता

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 77वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में साप्ताहिक कार्यक्रमों के अंतर्गत बुधवार को रामकली देवी बालिका सरस्वती विद्या मंदिर वृंदावन में विचार गोष्ठी और नशा मुक्त परिसर के विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रांत सहमंत्री पुनीत कुमार ने छात्राओं को अभाविप की भूमिका से परिचित कराते हुए कहा कि अभाविप विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो कि अपने स्थापना काल से ही छात्र हितों के मुद्दों के लिए संघर्ष करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा अभाविप समाज में भी अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है एवं समाज से कुरीतियों और भेदभाव को नष्ट करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहा है। कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रेमा पन्नू ने अभाविप को 78वें वर्ष में प्रवेश करने के लिए शुभकामनाएं दीं और छात्राओं को अभाविप से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। नशा मुक्त परिसर भाषण प्रतियोगियों में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया जिसमें प्रियांशी ललवानी को प्रथम, अपूर्वा को द्वितीय और सोनम अग्रवाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ जिन्हें मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जिला संयोजक शिवा गौतम, प्रिया राजपूत, सर्वेंद्र सिंह, हर्ष शर्मा, लव शर्मा, विनीता शर्मा, विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य डॉ आर डी शर्मा, अमरनाथ गोस्वामी, वर्तिका गोयल, अखिल अग्रवाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राज गोपाल पांडे एवं धन्यवाद ज्ञापन अमन पांडे ने किया।

## पुलिस के खिलाड़ियों ने जीते 5 पदक



सिद्धार्थनगर- मुरादाबाद में आयोजित 42वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक बैडमिंटन और टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2025 में सिद्धार्थनगर के पुलिसकर्मियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता 26 से 29 जून 2025 तक चली। इस प्रतियोगिता में यूपी पुलिस, पीएसी, जीआरपी और रेडियो शाखा समेत 13 टीमों के करीब 300 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। गोरखपुर जोन से सिद्धार्थनगर के प्रतिभागियों ने कुल 5 पदक जीते। निरीक्षक सूरज नाथ सिंह ने एक रजत और एक कांस्य पदक हासिल किया। आरक्षी चंद्रिका श्रीवास्तव ने दो कांस्य पदक और आरक्षी इंद्रेश कुमार ने एक कांस्य पदक जीता। पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन ने गुरुवार को विजेता खिलाड़ियों से मुलाकात की। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## पीएम-श्री स्कूल में छात्र नहीं बता पाए पीएम-सीएम का नाम



सिद्धार्थनगर- जिले के डुमरियागंज क्षेत्र स्थित पीएम श्री कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय देईपार की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह सवालों के घेरे में है।कक्षा 8 के छात्र-छात्राएं प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का नाम तक नहीं बता सके।निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक भी विद्यालय से नदारद मिले।इस गंभीर लापरवाही को लेकर जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी (इरअ) को मौके की जांच करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।डीएम ने साफ कहा कि सभी शिक्षक समय पर विद्यालय पहुंचें, यह सुनिश्चित किया जाए।राज्य सरकार भले ही शिक्षा व्यवस्था सुधारने के तमाम दावे कर रही हो, लेकिन देईपार विद्यालय का हाल उन दावों की पोल खोल रहा है। बच्चों को सामान्य ज्ञान तक नहीं, और शिक्षक लापता—यह स्थिति नीतियों और जमीनी सच्चाई के बीच गहरे अंतर को उजागर करती है।बेसिक शिक्षा अधिकारी से रिपोर्ट मिलने के बाद ज़िम्मेदारों पर कार्रवाई तय मानी जा रही है।डीएम ने स्पष्ट किया है कि शिक्षा के स्तर से खिलवाड़ किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## सांसद जगदंबिका पाल ने मनाई गुरु पूर्णिमा



सिद्धार्थनगर- गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने अपने आवास पर विशेष धार्मिक आयोजन किया।उन्होंने परिवार के साथ यज्ञ और हवन में हिस्सा लिया।सांसद पाल ने गुरु पूर्णिमा की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह दिन गुरुओं को श्रद्धा से स्मरण करने का है। गुरुओं की प्रेरणा और शक्ति से ही हमारी शिक्षा और संस्कार मजबूत होते हैं।उन्होंने गुरु की तुलना दीपक से की।उनका कहना था कि गुरु हमें अज्ञानता से ज्ञान की ओर ले जाते हैं। शिक्षक जीवन में सही दिशा दिखाते हैं और व्यक्तित्व को निखारते हैं ।कार्यक्रम में परिवार के अलावा और श्रद्धालु भी मौजूद रहे।यज्ञ-हवन के बाद सभी ने गुरुओं की आरती की और प्रसाद ग्रहण किया।जिले में इस अवसर पर कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

# पीएम मोदी व सीएम योगी ने नेतृत्व में धरातल पर उतरा विकास

## नगर पंचायत गोला में 11 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास

जिला संवाददाता (vol)

गोला,गोरखपुर।प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं उर्जा मंत्री ए0 के0 शर्मा ने गुरूवार को नगर पंचायत गोला में 11 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में आम आदमी विकास के नारे केवल सुनता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में विकास होते देख रहा है। और इस सरकार के कार्यकाल में धरातल पर विकास दिख भी रहा है।



गुरूवार की देर शाम अपने पहले शासकीय दौरे पर नगर पंचायत गोला पहुंचे नगर विकास मंत्री श्री शर्मा का गोला में आगमन पर नगर पंचायत बोर्ड व भाजपा कार्यकताओं ने बुलडोजर से पुष्पवर्षा कर अभूतपूर्व स्वागत-अभिनंदन किया। नगर विकास मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि आज हमारे लिए एक गर्व का क्षण है कि हम गोला जैसे पौराणिक स्थल पर आये हैं। पूरे पूर्वांचल के लिए यह एक स्वर्णिम समय है कि हमारे मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री दोनो पूर्वांचल के हैं, इसलिए पूर्वांचल में होने वाले विकास कार्य के लिए बेहतरीन समय है।इन 11 करोड़ की परियोजनाओं से नगर पंचायत को निखारने का कार्य होगा।यह विकास कि पहिया अनवरत आगे बढता रहेगा। इस क्षेत्र से हमारा आत्मिक संबंध है। क्षेत्र के विकास के लिए आपने एकदम ठीक नेतृत्व का चयन किया है आगे भी इसी समझदारी से चुनाव किजिएगा। विधायक राजेश त्रिपाठी ने विकास कार्यों के लिए दिए जा रहे धन को लेकर मंत्री का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जो भी विकास कार्यों के लिए हमने मांगा मंत्रालय से हमें मिला है। भाजपा के वरिष्ठ नेता कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन, चेयरमैन लालती देवी, ईओ वैभव चौधरी नगर विकास व उर्जा मंत्री को भगवान राम की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रतिनिधि मुराली सोखा, योगेन्द्रनाथ सिंह, महेश उमर, मंडल अध्यक्ष संदीप सोनकर, वेद प्रकाश पाण्डेय, सभासद श्रवण कुमार वर्मा, सच्चितानंद राय, देवेंद्र सिंह, डॉ राजेश जयसवाल आदि उपस्थित रहें।

## यूपी महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने किया सिद्धार्थनगर दौरा



सिद्धार्थनगर- उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी ने सिद्धार्थनगर में विकास भवन सभागार में महिला जन सुनवाई कार्यक्रम की अध्यक्षता की।जनसुनवाई में राजस्व विभाग और महिला उत्पीड़न से जुड़े मामले सामने आए। चौधरी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दोनों पक्षों को सुनकर मामलों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि भेदभाव रहित और त्वरित निस्तारण होना चाहिए।निस्तारण के बाद एक सप्ताह में रिपोर्ट जमा करने को कहा। उपाध्यक्ष ने जिला जेल का निरीक्षण भी किया। महिला बैरक में विचाराधीन बंदियों से मुलाकात की।जेल में महिलाओं को दिए जा रहे सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण का जायजा लिया।उन्होंने पाकशाला, बैरक और शौचालय की स्थिति देखी।जेल परिसर में पौधरोपण भी किया।इसके बाद माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया।जनरल वार्ड, इमरजेंसी वार्ड समेत अन्य वार्डों का दौरा किया।मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली।उन्होंने साफ-सफाई बेहतर करने और मरीजों को निःशुल्क दवाएं व जांच की सुविधा देने के निर्देश दिए।कार्यक्रम में नायब तहसीलदार नौगढ़, क्षेत्राधिकारी अरुण कांत सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह और महिला थानाध्यक्ष भाग्यवती पांडेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## एचपी ने लॉन्च किये लेजर एम300 प्रिंटर्स

नई दिल्ली। एचपी ने आज भारत में एचपी लेजर एम300 सीरीज लॉन्च करने का एलान किया। लेजर प्रिंटर्स की इस रेंज को विशेष रूप से भारत के तेजी से बढ़ते सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यमों, स्थानीय कारोबारियों एवं प्रिंट शॉप की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस सीरीज में पांच मॉडल्स- लेजर एमएफपी 323एसडीएनडब्ल्यू, 323डीएनडब्ल्यू, 323डी, 303डीडब्ल्यू और 303डी हैं। इनसे किफायती कीमत में फास्ट ऑटो-डुप्लेक्स प्रिंटिंग, शार्प प्रिंट क्वालिटी और एनर्जी एफिशियंसी मिलेगी। नई एचपी लेजर300 सीरीज को ऐसे भारतीय कारोबारियों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जिन्हें स्पीड, कॉम्पैक्ट डिजाइन, कम मेंटेनेंस और इको फ्रेंडली प्रिंटिंग चाहिए। 30 पेज प्रति मिनट (ए4) तक की स्पीड और सभी मॉडल में ऑटोमैटिक टू-साइडेड प्रिंटिंग के साथ यह सीरीज अपने यूजर्स को आसानी से बड़ी वॉल्युम वर्कलोड को संभालने में सक्षम बनायेगी।

## मीशो माल की टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और केन्व्यू इंडिया के साथ साझेदारी

नई दिल्ली। मीशो माल ने टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और केन्व्यू इंडिया के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के बाद अब भारत में सभी ग्राहकों को ब्रांडेड दैनिक वैलनेस, बेवरेज और पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स की उपलब्धता बढ़ेगी। मीशो माल पर पूरे देश के ग्राहक अब टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और केन्व्यू के उत्पाद आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। उन्हें पर्सनल केयर से लेकर वैलनेस और बेवरेज तक दैनिक उपयोग की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध होगी। इस पार्टनरशिप द्वारा मीशो टियर 2$ शहरों में मीशो के लाखों शॉपर्स टाटा टी, टेटली और टाटा कॉफी जैसे टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और क्लीन एंड क्लियर फेस वश, जनसंस बेबी केयर प्रोडक्ट्स और स्टेफ्री सिक्योर सैनिटरी पैड जैसे केन्व्यू के उत्पाद आसानी से खरीद सकेंगे। देहरादून, पुरी, मदुरई और सूरत जैसे शहरों के ग्राहक दैनिक उपयोग की सामग्री, जैसे ग्रीन टी, स्किनकेयर, और हाईजीन प्रोडक्ट्स की खरीदारी अनलाइन प्लेटफर्म्स के ज्यादा करने लगे हैं।

## टाटा ट्रस्ट का अभियान खुद से जीत हुआ शुरू

नई दिल्ली। कई बार, किसी महिला की सबसे बड़ी लड़ाई उसके अपने मन के डर, चुप्पी और हिचकिचाहट से होती है। टाटा ट्रस्ट्स के सार्वजनिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान खुद से जीत में इसी अंतर्द्वंद को सामने लाया गया है। यह अभियान महिलाओं को समय परस्तवाईकल कैंसर की जांचकराने और अपनी सेहत को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करता है। भारत में महिलाओं के बीच सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे आम कैंसर है, जो हर साल लगभग 75,000 महिलाओं की जान लेता है—अधिकतर मामलों में इसलिए क्योंकि इसका पता देर से चलता है। जबकि अगर समय रहते जांच हो जाए, तो 95% मामलों में इसका इलाज संभव है। फिर भी, कई महिलाएं समय पर जांच नहीं करातीं। इसके पीछे कारण है इस बीमारी के लक्षणों के प्रति जागरूकता की कमी, डर, शर्म और चुप्पी की वह आदत जो जांच में देरी करवा देती है। पिछले एक साल में, टाटा ट्रस्ट्स ने झारखंड, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और महाराष्ट्र में राज्य सरकारों और सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर 26,000 से ज्यादा सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग कार्यक्रम की है।

## 'द ग्रेट लर्निंग एआई चैलेंज' शुरू

बेंगलुरु। एडटेक की जानी-मानी कंपनी ग्रेट लर्निंग ने द ग्रेट लर्निंग एआई चैलेंज की शुरुआत की है। यह एक फ्री और ऑनलाइन अपस्किलिंग प्रतियोगिता है, जो खास तौर पर जनरेटिव एआई में स्किल बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। 13 से 15 जुलाई तक चलने वाले इस तीन दिन के कार्यक्रम में छात्र और प्रोफेशनल्स 40,000 रुपए मूल्य के 30 से ज्यादा कोर्स ग्रेट लर्निंग अकादमी पर बिल्कुल मुफ्त में कर सकेंगे। यह पहल विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर शुरू की जा रही है, जिसका मकसद है देशभर के छात्रों तक एआई की जानकारी और ट्रेनिंग को पहुंचाना, ताकि भारत जनरेटिव एआई के क्षेत्र में आगे बढ़ सके और तेजी से आगे बढ़ सके। जो छात्र ये कोर्स पूरे करेंगे, वे अपने कॉलेज को 'एआई चैंपियन' राष्ट्रीय रैंकिंग को भी ऊपर ले जा सकेंगे। इस अभियान की टैगलाइन है जेन जी गोज जेनएआई- क्योंकि करियर की शुरुआत सिर्फ नौकरी से नहीं, बल्कि स्किल्स से होती है। यह संदेश युवाओं को जनरेटिव एआई की अहमियत समझाने और उन्हें इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

# सेंसेक्स में 345 अंकों की गिरावट




मुंबई। सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार कंपनियों के शेयरों में बिकवाली दबाव से स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 345 अंक के नुकसान में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 121 अंक टूट गया।

निवेशकों ने कंपनियों के तिमाही नतीजों से पहले सतर्क रुख अपनाया। इसके अलावा, शुल्क संबंधी अनिश्चितताओं के कारण भी बाजार में निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 345.80 अंक यानी 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,190.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 401.11 अंक तक नीचे आ गया था। बीएसई के 2,064 शेयरों में गिरावट आई, जबकि 1959 शेयरों के भाव बढ़ गए। वहीं 138 शेयरों के मूल्य में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी प्रकार, 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 120.85 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,355.25 अंक पर बंद हुआ। हालांकि, वैश्विक शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख से घरेलू बाजार में नुकसान पर अंकुश लगा। टीसीएस के पहली तिमाही के नतीजों से पहले आईटी शेयरों में कमजोर रुख के कारण भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। आईटी और वित्त क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहने की आशंका के कारण पहली तिमाही के नतीजों से पहले निवेशकों का रुख सतर्क बना हुआ है...। सेंसेक्स के शेयरों में भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक महिंद्रा और इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट आई। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में मारुति, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व और ट्रेंट शामिल हैं। निवेशक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क घोषणा और वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में कंपनियों के वित्तीय नतीजों से पहले सतर्क रुख अपना रहे हैं। इससे बाजार में गिरावट आई...। मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.28 प्रतिशत टूटा, जबकि छोटी कंपनियों से जुड़े बीएसई स्मॉलकैप में 0.12 प्रतिशत की तेजी रही। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय का एक दल कृषि और वाहन जैसे क्षेत्रों में मतभेदों को दूर करने के लिए अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते पर एक और दौर की बातचीत के लिए जल्द ही अमेरिका जाएगा। यह यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका ने अतिरिक्त आयात शुल्क (भारत के मामले में यह 26 प्रतिशत है) को एक अगस्त तक बढ़ा दिया है। भारत इस अतिरिक्त शुल्क को हटाने की मांग कर रहा है।

# सोना 250 रुपये बढ़कर 98,670 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी के भाव स्थिर



नयी दिल्ली। निवेशकों और स्टॉकिस्ट की ताजा लिवाली के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 250 रुपये बढ़कर 98,670 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 98,420 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये बढ़कर 98,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 98,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस बीच, चांदी की कीमतें बृहस्पतिवार को 104,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं। सुरक्षित निवेश वाली संपत्तियों की नई मांग के चलते बृहस्पतिवार को सोने में तेजी दर्ज की गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर उनके संभावित प्रभाव को लेकर जारी अनिश्चितताओं ने सोने की कीमतों को सहारा दिया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना मामूली बढ़कर 3,324.40 डॉलर प्रति औंस हो गया। बुधवार को, राष्ट्रपति ट्रंप ने घोषणा की कि अमेरिका एक अगस्त से ब्राज़ील के उत्पादों पर 50 प्रतिशत का शुल्क लगाएगा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की एफओएमसी (फेडरल ओपन मार्केट कमेटी) की ताजा बैठक के विवरण से पता चलता है कि अधिकारी आर्थिक परिदृश्य को लेकर सतर्क और विभाजित हैं, और ब्याज दरों में कटौती करने से पहले और अधिक आंकड़ों का इंतजार करना चाहते हैं। साथ ही, कच्चे तेल के उम्मीद से ज़्यादा भंडार ने ऊर्जा की कीमतों को नियंत्रण में रखा है, जिससे मुद्रास्फीति की चिंता कम हुई है।

## छोटे चाय उत्पादकों ने केंद्र से उचित मूल्य निर्धारण तंत्र स्थापित करने का आग्रह किया

कोलकाता। देश के फसल उत्पादन में 50 प्रतिशत से अधिक का योगदान देने वाले छोटे चाय उत्पादकों ने केंद्र से एक उचित और पारदर्शी मूल्य निर्धारण तंत्र स्थापित करने का आग्रह किया है ताकि वे कारखानों को चाय पत्तियां बेचकर उचित मूल्य प्राप्त कर सकें।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को लिखे पत्र में भारतीय लघु चाय उत्पादक संघों के परिसंघ ने न्यूनतम समर्थन मूल्य की तर्ज पर एक मूल्य संरक्षण योजना का सुझाव दिया है। इसमें कहा गया है कि चाय बोर्ड को छोटे उत्पादकों और कारखानों के बीच एक समान मूल्य-साझाकरण अनुपात निर्धारित करने के लिए विस्तृत अध्ययन करना चाहिए। सीआईएसटीए के अध्यक्ष बिजॉय गोपाल चक्रवर्ती ने कहा कि छोटे उत्पादकों को कम मूल्य प्राप्ति की लगातार चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, जो इस क्षेत्र के टिकाऊपन को कमजोर कर रहा है। उन्होंने कहा कि छोटे उत्पादक देश के चाय उत्पादन में 52 प्रतिशत से अधिक का योगदान करते हैं, और एक उचित मूल्य निर्धारण तंत्र की पहचान की जानी चाहिए ताकि आजीविका बनी रहे। चक्रवर्ती ने कहा कि एसोसिएशन ने मई, 2023 में वाणिज्य मंत्रालय को एक विस्तृत स्थिति पत्र प्रस्तुत किया था, जिसमें इस क्षेत्र के सामने आने वाली संरचनात्मक बाधाओं को रेखांकित किया गया है।

# रुपया चार पैसे की बढ़त के साथ बंद



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बृहस्पतिवार को चार पैसे की बढ़त के साथ 85.69 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारत और अमेरिका के बीच शीघ्र ही किसी समझौते पर पहुंचने की उम्मीद के बीच रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बढ़त के साथ बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया85.62 पर मजबूती के साथ खुला। दिन में 85.69 से 85.53 प्रति डॉलर के दायरे में कारोबार करने के बाद अंत में यह 85.69 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से चार पैसे की बढ़त है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.73 पर स्थिर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.41 पर आ गया। स्थानीय शेयर बाजार में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 345.80 अंक की गिरावट के साथ 83,190.28 अंक पर आ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 120.85 अंक फिसलकर 25,355.25 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 69.95 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बुधवार को लिवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 77 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने के लिए भारत को निर्यात बढ़ाना होगा

नयी दिल्ली। बंदरगाह, पोत परिवहन और एवं जलमार्ग राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने के लिए अपने निर्यात को बढ़ाना होगा और इसमें पोत परिवहन एवं जलमार्ग क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

ठाकुर ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रत्येक क्षेत्र के विकास पर समान एवं संतुलित ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि भारतीय उत्पादों का मूल्य बढ़ाने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक राज्य से दूसरे राज्य तक माल परिवहन में लगने वाले समय को कम करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके अलावा पोत परिवहन और लॉजिस्टिक क्षेत्र के गहन विकास के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का उपयोग अनिवार्य है। पोत परिवहन के माध्यम से 70 प्रतिशत व्यापार किए जाने का जिक्र करते हुए ठाकुर ने पोत परिवहन उद्योग के व्यापक विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। मंत्री ने देश में पूर्वोत्तर से लेकर उत्तर-पश्चिम तक एक मजबूत संपर्क अवसंरचना स्थापित करने के लिए संचार प्रणालियों में सुधार की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि इससे अंतिम छोर तक निर्बाध संपर्क सुनिश्चित हो सकेगा।

# आसियान के साथ व्यापार समझौते की समीक्षा वार्ता में तेजी के प्रयास : गोयल



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि मौजूदा व्यापार समझौते की समीक्षा के लिए आसियान के साथ चर्चा जारी है और वह वार्ता में तेजी लाने को उत्सुक हैं।

गोयल और मलेशिया के उनके समकक्ष टी. जफरुल अजीज के बीच बैठक के दौरान यह मुद्दा उठा। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मलेशिया के निवेश, व्यापार एवं उद्योग मंत्री टी. जफरुल अजीज के साथ सार्थक बैठक की। मलेशिया, आसियान में आर्थिक मामलों पर भारत का स्थायी समन्वयक है। मंत्रियों ने आसियान भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) की चल रही समीक्षा और उससे जुड़ी चुनौतियों का समाधान तलाशने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष व्यापार एवं संतुलित वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए आसियान सदस्य देशों के साथ त्वरित चर्चा की उम्मीद है। हमने दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) पर चर्चा को आगे बढ़ाने पर भी बात की। यह टिप्पणी इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि समीक्षा वार्ता धीमी गति से आगे बढ़ रही है। समझौते की समीक्षा भारतीय उद्योग जगत की लंबित मांग है। भारत एक उन्नत समझौते की उम्मीद कर रहा है, जो द्विपक्षीय व्यापार में मौजूदा विषमताओं को दूर करेगा एवं व्यापार को अधिक संतुलित व टिकाऊ बनाएगा। आसियान में ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमा, फिलीपीन, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। भारत और 10 देशों के समूह आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ) के बीच वस्तुओं के क्षेत्र में मुक्त व्यापार समझौते पर 2009 में हस्ताक्षर किए गए थे। आसियान व्यापार समझौता जनवरी 2010 में लागू हुआ। अगस्त 2023 में दोनों पक्षों ने 2025 तक वस्तुओं पर मौजूदा समझौते की पूर्ण समीक्षा की घोषणा की थी।

## आयात पर निर्भरता कम करने का आग्रह

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ऊर्जा भंडारण उद्योग से बृहस्पतिवार को कहा कि वे कुछ देशों से आयात पर निर्भरता कम करें और आपूर्ति के वैकल्पिक स्रोतों का पता लगाने पर ध्यान दें। उन्होंने उद्योग जगत को नवोन्मेषी उत्पादों के निर्माण के लिए अनुसंधान एवं विकास पर ध्यान केंद्रित करने का भी सुझाव दिया। गोयल ने ऊर्जा भंडारण पर आयोजित समारोह में कहा कि हमें विकृतियों को रोकने के लिए काम करना चाहिए। हमें विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्रों पर अपनी निर्भरता कम करनी चाहिए और आपूर्ति के वैकल्पिक स्रोतों पर विचार करना चाहिए, जहां हम अपनी आपूर्ति श्रृंखला में मजबूती ला सकें।

# अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता के लिए भारतीय दल जल्द वॉशिंगटन जायेगा



नयी दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय का एक दल प्रस्तावित व्यापार समझौते के लिए अमेरिका के साथ एक और दौर की वार्ता के लिए जल्द ही वॉशिंगटन की यात्रा करेगा। इसका मकसद कृषि और मोटर वाहन जैसे क्षेत्रों में मतभेदों को दूर करना है।

एक सरकारी अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि हम द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के अंतरिम या पहले चरण को अलग-अलग नहीं देख रहे हैं। हम एक पूर्ण समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। ...हम इसे अंतरिम समझौते के रूप में पेश कर सकते हैं और अन्य मुद्दों पर बातचीत जारी रहेगी। यात्रा की तारीख अभी तय नहीं हुई है। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि दल के अगले सप्ताह वॉशिंगटन जाने की उम्मीद है। नाम उजागर न करने की शर्त पर अधिकारी ने कहा, हम इस समझौते पर अमेरिका के साथ भौतिक और ऑनलाइन दोनों तरीके से जुड़े हुए हैं। प्रस्तावित अंतरिम समझौते की समयसीमा पर अधिकारी ने कहा, अभी इसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में भारतीय दल समझौते पर वार्ता पूरी करने के बाद इस महीने की शुरुआत में ही वॉशिंगटन से लौटा है। दल ने 26 जून से दो जुलाई के बीच वॉशिंगटन में व्यापार समझौते पर बैठकें की थीं। कृषि और दुग्ध उत्पादों पर शुल्क में रियायत की अमेरिकी मांग पर भारत ने अपना रुख कड़ा कर लिया है। दुग्ध क्षेत्र में मुक्त व्यापार समझौते में भारत ने अबतक अपने किसी भी व्यापारिक साझेदार को कोई शुल्क रियायत नहीं दी है। यह यात्रा महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका ने अतिरिक्त आयात शुल्क (भारत के मामले में यह 26 प्रतिशत है) को एक अगस्त तक के लिए टाल दिया है। भारत, इस्पात तथा एल्युमीनियम (50 प्रतिशत) और मोटर वाहन (25 प्रतिशत) क्षेत्रों पर शुल्क में ढील की भी मांग कर रहा है।

## पेज एक का शेष

### कनाडा में

कपिल शर्मा ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

द ग्रेट इंडियन कपिल शो का नया सीजन इन दिनों नेटफ्लिक्स पर दर्शकों को देखने को मिल रहा है। इस शो में अब तक सलमान खान, क्रिकेटर गौतम गंभीर, ऋषभ पंत और युजवेंद्र चहल जैसे सितारे नजर आ चुके हैं। अब शो के नए एपिसोड में जयदीप अहलावत, जितेंद्र कुमार, विजय वर्मा और प्रतीक गांधी जैसे एक्टर्स नजर आएंगे। हर शनिवार को शो नया एपिसोड जारी होता है।

### गुरु पूर्णिमा

में विशिष्ट पूजा का होता है। गुरुवार को गोरक्षपीठाधीश्वर ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महायोगी गुरु गोरखनाथ सहित मंदिर परिसर में मौजूद सभी देव विग्रहों और नाथपंथ के गुरुओं की प्रतिमाओं के समक्ष विधि विधान के साथ पूजन किया। आनुष्ठानिक कार्यक्रमों के क्रम में उन्होंने सबसे पहले नाथपंथ के आदिगुरु भगवान गोरखनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उनकी पूजा की। वह परिसर में मौजूद सभी देव-विग्रहों के पास पहुंचे और उनका पूजन किया। उसके बाद वह बारी-बारी से बाबा गंभीरनाथ, अपने दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ समेत ब्रह्मलीन गुरुओं की समाधि पर गए। सभी का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन कर आशीर्वाद लिया। गोरखनाथ मंदिर में नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार गुरु गोरखनाथ को रोट का महाप्रसाद भी अर्पित किया गया। पूजा-अर्चना की आनुष्ठानिक प्रक्रिया संपन्न होने के बाद गुरु पूर्णिमा पर होने वाली परंपरागत महाआरती हुई तथा सभी गुरुओं के प्रति आस्था निवेदित की गई।

### हर व्यक्ति की

योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। सबको आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने करने की आवश्यकता नहीं है, सबकी समस्या का समाधान हरहाल में किया जाएगा। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की शिकायत थी कि उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कहा कि जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए।

जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम योगी ने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि संबंधित मरीज के इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को पूर्ण कर इसे जल्द से जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। इस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त हो जाएगा। जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलाओं संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार-दुलार और आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया।

### अवैध धर्मांतरण

रूप से हासिल की गई इन संपत्तियों का कैसे उपयोग किया गया और कैसे इन संपत्तियों को जायज बनाया गया। गैंगस्टर कानून के तहत कार्वाई की जाएगी और ऐसी संपत्तियों को ध्वस्त किया जाएगा। यह पूछे जाने पर कि इस गिरोह के जरिए कितने लोगों का धर्म परिवर्तन कराया गया, यश ने कहा कि चूंकि यह गिरोह कथित तौर पर 15 वर्षों से अधिक समय से सक्रिय है, इसलिए व्यापक स्तर पर धर्म परिवर्तन कराए जाने की संभावना है। हालांकि उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने तक सटीक संख्या बताना जल्दबाजी होगी। इस मामले में नौ लोगों के नाम सामने आए हैं तो केवल चार लोगों की गिरफ्तारी क्यों की गई, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर ही गिरफ्तारी की जाती है। उन्होंने कहा कि एटीएस पहले ही उन लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है जिनके खिलाफ ठोस साक्ष्य उपलब्ध थे। माफिया एवं पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी से जलालुद्दीन का संबंध होने की रिपोर्ट पर यश ने कहा कि ऐसे सभी संपर्कों की जांच की जा रही है और जांच में पुष्टि होने के बाद ही कोई औपचारिक बयान जारी किया जाएगा।

### छांगुर बाबा

विशाल पांडेय की देखरेख में कार्रवाई जारी है। पिछले सप्ताह एटीएस की टीम ने छांगुर बाबा और उसके एक सहयोगी को लखनऊ से गिरफ्तार किया था। बाबा पर 50,000 रुपये का इनाम घोषित था। एटीएस इससे पूर्व छांगुर के बेटे और नवीन रोहर को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बाबा और उसके सहयोगियों पर 100 करोड़ रुपये का विदेशी अनुदान हासिल करने का भी आरोप है जिसकी जांच के लिए प्रवर्तन निदेशालय को कहा गया है। अधिकारियों ने बताया कि छांगुर बाबा की कोठी करीब एक एकड़ भूभाग में बनी थी जिसमें 2 बिस्वा जमीन सरकारी थी जिस पर अवैध निर्माण किया गया था। इसी अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण की कार्वाई प्रशासन कर रहा है। पहले दिन करीब 20 प्रतिशत ध्वस्तीकरण की कार्वाई हुई। अब तक करीब 80 प्रतिशत ध्वस्तीकरण की कार्वाई की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि एटीएस ने इस मामले में कुल 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है जिसमें छांगुर बाबा, नीतू रोहरा, नीतू के पति नवीन रोहरा सहित चार लोगों की अब तक गिरफ्तारी हो चुकी है। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय ने बताया कि अवैध निर्माण हटाने का कार्य लगातार किया जा रहा है और अभी तक करीब 80 प्रतिशत अवैध निर्माण हटाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि जब तक अवैध अतिक्रमण हट नहीं जाता है तब तक यह कार्वाई जारी रहेगी।

### 15 वर्षों से

एटीएस रिमांड पर लिया गया है। अब उनसे गिरोह की गतिविधियों, आर्थिक नेटवर्क और अवैध संपत्तियों के बारे में गहराई से पूछताछ की जाएगी। एडीजी अमिताभ यश ने बताया कि शुरूआती जांच में सामने आया है कि यह गिरोह पिछले 15 वर्षों से सुनियोजित तरीके से धर्मांतरण का काम कर रहा था। एडीजी अमिताभ यश ने बताया कि छांगुर बाबा और नीतू उर्फ नसरीन की अवैध संपत्तियों को चिन्हित कर लिया गया है। उन पर अब जब्ती और ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। यह गिरोह सिर्फ धर्मांतरण ही नहीं, बल्कि काले धन और संपत्ति के निर्माण में भी लिप्त था। एडीजी अमिताभ यश ने कहा कि इस मामले में मोहम्मद अहमद नाम के व्यक्ति की भूमिका संदिग्ध है और एटीएस उससे जुड़ी जानकारी पर आगे की जांच कर रही है। वहीं, इस धर्मांतरण के खेल में जिन-जिन लोगों के खिलाफ ठोस सबूत मिले हैं, उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। यह कार्रवाई केवल कानूनी नहीं, बल्कि संदेशात्मक भी है ताकि ऐसे किसी भी नेटवर्क को पनपने न दिया जाए प्रेस वार्ता में अमिताभ यश ने यह भी बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एटीएस से एफआईआर की कॉपी मांगी है। इससे स्पष्ट है कि मामला मनी लॉन्ड्रिंग और हवाला नेटवर्क तक पहुंच सकता है।

### उत्तराखण्ड

के दौरान मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि वर्ष 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान उत्तराखंड को कुल 3.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जिनमें से अब तक एक लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं की ग्राउंडिंग हो चुकी है। यह उपलब्धि राज्य में निवेशकों के विश्वास और यहां की औद्योगिक संभावनाओं का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल राज्य में बड़े निवेश को जमीन पर उतारने की दिशा में एक ठोस कदम होगा, बल्कि स्थानीय उद्योगों, स्टार्टअप्स और युवाओं के लिए भी यह नए अवसरों का द्वार खोलेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इससे प्रदेश की औद्योगिक संरचना को मजबूती मिलेगी, स्थानीय उद्यमिता को बल मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि आयोजन से जुड़ी हर व्यवस्था समन्वय, सजगता और दक्षता के साथ सुनिश्चित की जाए। उन्होंने इसे राज्य के औद्योगिक भविष्य की नींव बताते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर कोई चूक नहीं होनी चाहिए।

### बिहार में जारी

निर्वाचन आयोग ने इस कवायद को न्यायोचित ठहराया और कहा कि आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण में दस्तावेजों की सूची में आधार कार्ड पर विचार न करने को लेकर सवाल किया और कहा कि निर्वाचन आयोग का किसी व्यक्ति की नागरिकता से कोई लेना-देना नहीं है और यह गृह मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में आता है। द्विवेदी ने संविधान के अनुच्छेद 326 का हवाला देते हुए कहा कि प्रत्येक मतदाता को भारतीय नागरिक होना चाहिए और आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है। न्यायमूर्ति धूलिया ने कहा, यदि आपको बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत नागरिकता की जांच करनी है, तो आपको पहले ही कदम उठाना चाहिए था, अब थोड़ी देर हो चुकी है। इस बीच, पीठ ने याचिकाकर्ताओं के वकीलों की इस दलील को खारिज कर दिया कि निर्वाचन आयोग के पास बिहार में ऐसी किसी कवायद का अधिकार नहीं है।

### यूपी समेत

स्थिति चिंताजनक बनी हुई है, क्योंकि कछार, करीमगंज और हैलाकांडी जिलों में क्रमशः बराक, कुशियारा और कटखल नदियों का जल स्तर बढ़ रहा है। इसमें कहा गया है कि बिहार के रुनीसैदपुर में बागमती नदी और बसुआ में कोसी नदी के जल स्तर में भी बढ़ोतरी हो रही है, हालांकि यह अभी खतरे के निशान से नीचे है।

13 राज्यों के 25 जलाशय स्थलों पर जल प्रवाह अधिकतम सीमा के बराबर या उससे अधिक होने की सूचना प्राप्त हुई है। इनमें आंध्र प्रदेश में श्रीशैलम, कर्नाटक में अलमट्टी, ओडिशा में हीराकुंड और मध्यप्रदेश में इंदिरा सागर एवं बरगी बांध जैसे प्रमुख जलाशय शामिल हैं। तेलंगाना में गोदावरी नदी पर स्थित लक्ष्मी बैराज में सबसे अधिक 18,000 क्यूमेक्स जल प्रवाह देखा गया, जबकि मध्यप्रदेश के इंदिरा सागर जलाशय में 11,000 क्यूमेक्स पानी बह रहा है।

### ईओडब्लू ने

पांच हजार के ईनामी यूपी के गाजीपुर कुंडीला के रहने वाले दिनेश यादव को बीती सत्र जून को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा खाद्यान घोटाले के आरोपी दयाराम विश्वकर्मा निवासी चंदौली जिले के शहाब गंज को गिरफ्तार कर चुकी है। यह बीडीओ बसडीह थे इन्होने एसजीआरवाई के तहत खाद्यान घोटाले को अंजाम दिया। डीजी ई.ओ.डब्ल्यू. नीरा रावत नें बताया कि बैंक लोन धोखाधड़ी में गौतमबुद्ध नगर के सेक्टर 62 नोयडा के रहने वाले सत्यदेव सिंह को अभी हाल ही में गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा इन्वेस्टमेंट फ्राड में लखनऊ के चिनहट के ओमेगा ग्रीन अपार्टमेंट के रहने वाले अनिल कुमार तिवारी को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसके अलावा अल्पसंख्यक विभाग के छात्रवृति घोटाले में हाथरस के अर्जुनपुर खाश के रहने वाले पवन कुमार उर्फ बंटी को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। गेहूं खरीद घोटाले में श्रावस्ती के ग्राम तेंदुआ के मोती लाल यादव व राजकुमार गुप्ता तथा सच्चिदानंद शुक्ला पकड़े जा चुके है।




# इंग्लैंड के 4 विकेट पर 251 रन

## शुभमन गिल ने जसप्रीत बुमराह और एजबेस्टन मैच में 10 विकेट लेने वाले आकाश दीप को नई गेंद सौंपी

एजेंसी



लंदन। भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट लंदन के लॉर्ड्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। पहले दिन का आखिरी सेशन खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने पहली पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 251 रन बना लिए हैं। जो रूट और कप्तान बेन स्टोक्स पिच पर हैं। दोनों के बीच फिफ्टी पार्टनरशिप कर चुके हैं। रूट टेस्ट करियर की 67वीं फिफ्टी लगा चुके हैं। हैरी ब्रूक (11 रन) को जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड कर दिया।

बुमराह को मैच में पहला ही विकेट मिला। ओली पोप (44 रन) को रवींद्र जडेजा ने तीसरे सेशन के पहले ओवर में कॉट बिहाइंड कराया। लंच से पहले जैक क्रॉली 18 और बेन डकेट 23 रन बनाकर आउट हुए। दोनों को नीतीश कुमार रेड्?डी ने ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट लंदन के लॉर्ड्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। पहले दिन का आखिरी सेशन खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने पहली पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 215 रन बना लिए हैं। जो रूट और कप्तान बेन स्टोक्स पिच पर हैं। रूट टेस्ट करियर की 67वीं फिफ्टी लगा चुके हैं। हैरी ब्रूक (11 रन) को जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड कर दिया। बुमराह को मैच में पहला ही विकेट मिला। ओली पोप (44 रन) को रवींद्र जडेजा ने तीसरे सेशन के पहले ओवर में कॉट बिहाइंड कराया। लंच से पहले जैक क्रॉली 18 और बेन डकेट 23 रन बनाकर आउट हुए। दोनों को नीतीश कुमार रेड्डी ने ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बृहस्पतिवार को यहां चाय तक दो विकेट पर 153 रन बनाए। चाय के समय जो रूट 54 जबकि ओली पोप 44 रन बनाकर खेल रहे थे। भारत की तरफ से नितीश कुमार रेड्डी ने दोनों विकेट चटकाए। उन्होंने बेन डकेट (23) और जैक क्रॉली (18) को पवेलियन भेजा। भारतीय ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी ने एक ओवर में दो विकेट झटके जिससे इंग्लैंड का स्कोर बृहस्पतिवार को लॉर्ड्स टेस्ट के पहले दिन लंच तक दो विकेट पर 83 रन हो गया।

## क्रिकेट : लीजेंड्स लीग क्रिकेट 19 नवंबर से

नई दिल्ली। लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) - एक ग्लोबल क्रिकेट प्रॉपर्टी ने एक बार फिर शानदार आयोजन का आगाज कर दिया है। खेल के इस महाकुंभ में कुछ सबसे बड़े दिग्गज आएंगे! फ्रैंचाइजी फॉर्मेट में आयोजित सीजन 4 का बेसब्री से इंतजार था और आगामी 19 नवंबर से 13 दिसंबर, 2025 तक पूरे भारत के 7 शहरों में इस आयोजन की घोषणा के साथ क्रिकेट प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। पिछला सीजन बेहद सफल रहा। सीजन 4 उससे भी अधिक दमदार, बड़ा और शानदार होने वाला है। पहले से कहीं अधिक मैच, अधिक स्टार खिलाड़ी और अधिक शहरों की भागीदारी होगी। खेल के दीवानों के लिए मैदान में एक्शन का रोमांच रहेगा। गर्मजोशी के माहौल में क्रिकेट के दिग्गजों के शानदार खेल प्रदर्शन की कल्पना मात्र से रोमांच बढ़ रहा है। हम बड़े हर्षोल्लास से लीजेंड्स लीग क्रिकेट सीजन 4 की घोषणा कर रहे हैं। इस साल हम नए कीर्तिमान करने वाले हैं। अधिक मैच, अधिक जगह आयोजन और दिग्गज खिलाड़ियों का बड़ा जमावड़ा होगा।

# भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड से पहली टी-20 श्रृंखला जीती



मैनचेस्टर। भारत ने अपने स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत चौथे मैच में छह विकेट से जीत हासिल कर इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतकर नया इतिहास रचा। इस जीत के साथ भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। अंतिम मैच शनिवार को बर्मिंघम में खेला जाएगा। भारत ने 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र टी-20 मैच में इंग्लैंड को हराया था। उसके बाद से भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू और विदेशी धरती पर खेली गई प्रत्येक महिला टी-20 श्रृंखला में हारती रही थी। बुधवार की रात को खेले गए मैच में भारत की शानदार जीत में स्पिन गेंदबाजों ने अहम भूमिका निभाई। राधा यादव (2115), श्री चरणी (2130) और दीप्ति शर्मा (1129) ने मिलकर पांच विकेट लिए और मेजबान टीम को सात विकेट पर 126 रन पर रोक दिया। इसके बाद सलामी बल्लेबाज़ शेफाली वर्मा (32) और स्मृति मंधाना (31) ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी करके जीत की नींव रखी।

भारतीय टीम ने 17 ओवर में चार विकेट पर 127 रन बनाकर 18 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के लिए यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप अगले साल इंग्लैंड में खेला जाएगा और इससे उसे यहां की परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में मदद मिलेगी। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद कहा, हमें बहुत खुशी है कि हम यहां श्रृंखला जीतने में सफल रहे। जिस तरह से हमने इस श्रृंखला में प्रदर्शन किया उससे मुझे अपनी टीम पर गर्व है। लय हासिल करना बहुत महत्वपूर्ण था और जिस तरह से प्रत्येक खिलाड़ी में अपना योगदान दिया उससे मैं बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा इंग्लैंड दौरे पर आने से पहले हमने भारत में अभ्यास शिविर में भाग लिया था। हमने अपनी रणनीति पर काम किया था और यहां उस पर अच्छी तरह से अमल किया। हर किसी को अपनी भूमिका पता थी और उसी के अनुसार हमने खेला। भारत ने इस श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने पहले मैच में इंग्लैंड को रिकॉर्ड 97 रन से करारी शिकस्त दी थी और फिर ब्रिस्टल में 24 रन से जीत हासिल की, जो इंग्लैंड की महिला टीम की सबसे छोटे प्रारूप में इस मैदान पर पहली पराजय थी। भारतीय टीम तीसरे मैच में पांच रन से हार गई थी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम शुरूआत में ही दबाव में आ गई। भारतीय स्पिनरों राधा और दीप्ति ने पावरप्ले के अंदर ही दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट कर दिया।

## संक्षेप

### गोथिया कप : भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी दो टीमें

नयी दिल्ली। गत चैंपियन स्पेशल ओलंपिक भारत की बालक टीम और हरियाणा की अंडर-15 बालिका टीम 13 से 19 जुलाई तक स्वीडन के गोथेनबर्ग में आयोजित होने वाले गोथिया कप युवा फुटबॉल टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। गोथिया कप दुनिया का सबसे बड़ा युवा फुटबॉल टूर्नामेंट है और इस साल इसका 50वां चरण आयोजित किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 70 से अधिक देशों की 1900 से अधिक टीमें हिस्सा लेंगी। खेल के अलावा गोथिया कप फुटबॉल के माध्यम से वैश्विक एकता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और युवा सशक्तिकरण का एक सशक्त मंच है। नई दिल्ली स्थित स्वीडन दूतावास ने बृहस्तिवार को दोनों भारतीय टीमों के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में भारत में स्वीडन के राजदूत जान थेस्लेफ, हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम, स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष मल्लिका नड्डा, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के प्रमुख कल्याण चौबे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### महिला विश्व कप अभ्यास मैचों के लिए तीन स्थल चुने

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 12 जून से इंग्लैंड में होने वाले महिला टी20 विश्व कप 2026 से पहले अभ्यास मैचों की मेजबानी के लिए तीन स्थलों का चयन किया है जिसमें कार्डिफ के सोफिया गार्डन्स और डर्बी काउंटी मैदान भी शामिल हैं। तीसरा स्थल लॉफबोरो विश्वविद्यालय है जो इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के नेशनल क्रिकेट परफोरमेंस सेंटर का मुख्यालय है। आईसीसी ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि अभ्यास मैचों का कार्यक्रम उचित समय पर घोषित किया जाएगा। आईसीसी की विज्ञप्ति में कहा गया है, इन तीनों स्थानों का क्रिकेट इतिहास समृद्ध रहा है और इन्होंने महिला क्रिकेट को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले वे स्थानीय प्रशंसकों को एलीट महिला क्रिकेट दिखाने में प्रमुख भूमिका निभाएंगे। इंग्लैंड और वेल्स में खेले जाने वाले महिला टी20 विश्व कप में 12 टीमें ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

### टेस्ट : चोटिल पंत की जगह जुरेल ने की विकेटकीपिंग

लंदन। भारतीय विकेटकीपर ज षभ पंत बृहस्पतिवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन दूसरे सत्र के खेल के दौरान बाएं हाथ में चोट लगने के बाद मैदान से बाहर चले गए। पंत की जगह ध्रुव जुरेल को मैदान पर भेजा गया जबकि वह तीसरे टेस्ट के लिए अंतिम एकादश में भी शामिल नहीं थे।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारतीय टीम की अगुआई करेंगी राधा यादव

एजेंसी



नयी दिल्ली। ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल और तेज गेंदबाज टिटास साधु को अगले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए बृहस्पतिवार को भारत ए महिला टीम में चुना गया। चोटों से वापसी करने वाली इन दोनों खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलियाई दौरे की टीम में शामिल किया गया जो सात से 24 अगस्त के बीच तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय, इतने ही वनडे और चार दिवसीय एक मैच खेलेगी। श्रेयंका पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात में हुए महिला टी20 विश्व कप के बाद से चोट के कारण नहीं खेल पा रही थीं।

उन्हें सितंबर में महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूसीपीएल) में खेलने के लिए गत चैंपियन बारबाडोस रॉयल्स ने पहले ही चुन लिया है। वहीं साधु श्रीलंका में त्रिकोणीय श्रृंखला में नहीं खेली थीं और चोट के कारण अप्रैल में इंग्लैंड के मौजूदा सफेद गेंद के दौरे के लिए भी टीम में नहीं थीं। श्रेयंका का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में खेलना बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से मंजूरी मिलने पर निर्भर करेगा जबकि साधु को मंजूरी मिल गई है। बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव टी20 अंतरराष्ट्रीय, एकदिवसीय और चार दिवसीय मुकाबले में टीम की कप्तानी करेंगी। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को भी सभी टीमों में शामिल किया गया है। इस आक्रामक सलामी बल्लेबाज का इंग्लैंड दौरा काफी निराशाजनक रहा है क्योंकि उन्होंने अब तक चार मैच में केवल 101 रन बनाए हैं और उनका उच्चतम स्कोर 47 रन है। वहीं दूसरी ओर

**हम आगे भी बड़ी उपलब्धि हासिल करना चाहते हैं: राधा यादव**

मैनचेस्टर। अपनी स्पिन गेंदबाजी से भारत की इंग्लैंड के खिलाफ महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाने वाली बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने कहा कि टीम कोई बड़ी उपलब्धि हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध थी। बाएं हाथ की स्पिन जोड़ी राधा और श्री चरणी तथा अनुभवी दीप्ति शर्मा ने मिलकर पांच विकेट लिए, जिससे इंग्लैंड की टीम चौथे मैच में सात विकेट पर 126 रन ही बना सकी।

## नोवाक जोकोविच विंबलडन के सेमीफाइनल में

एजेंसी



लंदन। नोवाक जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके पुरुष एकल में रिकॉर्ड 14वीं बार विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से होगा। अपना 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल में विश्व के 22वें नंबर के खिलाड़ी फ्लेवियो कोबोली को 6-7 (6), 6-2, 7-5, 6-4 से हराया।

इससे पहले तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर ने शानदार सर्विस और तेज फोरहैंड का इस्तेमाल करते हुए 10वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को 7-6 (2), 6-4, 6-4 से हराया। जोकोविच को सिनर से पिछले चार मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा लेकिन विंबलडन में उन्होंने इटली के इस खिलाड़ी के खिलाफ जो दो मैच खेले हैं उनमें उन्होंने जीत हासिल की है। जोकोविच ने कहा मैं इस बात को अच्छी तरह से जानता हूं कि इस समय यानिक को हराने के लिए मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इस बीच महिला एकल में इगा स्वियाटेक ने 19वीं वरीयता प्राप्त लियुडमिला सैमसोनोवा पर 6-2, 7-5 से जीत के साथ पहली बार विंबलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्वियाटेक फाइनल में जगह बनाने के लिए गैर-वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेनसिच से भिड़ेंगी जिन्होंने सातवीं वरीय मीरा एंड्रीवा को 7-6 (3), 7-6 (2) से हराया।

### इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स में आकर्षण का केंद्र होंगे सुमित अंतिल

बेंगलुरू। दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल शुक्रवार से यहां कांतीरावा स्टेडियम में शुरू हो रही इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मुख्य आकर्षण होंगे। यह सितंबर में होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है।

## 2027 में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा दिल्ली

एजेंसी

म्यूनिख। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने बृहस्पतिवार को अपनी कार्यकारी समिति की बैठक के दौरान नयी दिल्ली को दो बड़ी प्रतियोगिताओं 2027 में संयुक्त विश्व कप और 2028 में जूनियर विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी सौंपी। महत्वपूर्ण 2026-27 सत्र के कैलेंडर की घोषणा करते हुए आईएसएसएफ ने कहा कि इस साल सितंबर-अक्टूबर में जूनियर विश्व कप (राइफलपिस्टलशॉटगन) का आयोजन करने वाला नयी दिल्ली अगले साल तीनों वर्ग में प्रतिष्ठित विश्व कप चरण की मेजबानी करेगा जिसकी तारीखों की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने खेल की वैश्विक संचालन संस्था द्वारा की गई घोषणा पर खुशी जताई। कलिकेश ने कहा, लॉस एंजिलिस ओलंपिक को अपना लक्ष्य मानते हुए, उससे पहले हर साल कम से कम एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी करना एक शानदार अवसर है। इससे सीनियर खिलाड़ियों की तैयारी को बढ़ावा मिलता है और जूनियर खिलाड़ियों को घरेलू स्तर पर उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धा के माहौल का अमूल्य अनुभव मिलता है। उन्होंने कहा भारतीय निशानेबाजी लीग का शुभारंभ हमारे प्रयासों में एक नया रोमांचक आयाम जोड़ता है। हम आईएसएसएफ के विश्वास के लिए उनके आभारी हैं और हम भारत को अपने प्रिय खेल का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## फुटबॉल : पीएसजी क्लब विश्व कप के फाइनल में

एजेंसी




ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका)। चैंपियंस लीग के चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फैबियान रुइज़ के दो गोल की मदद से पहले 24 मिनट में तीन गोल की बढ़त बनाकर रियाल मैड्रिड को 4-0 से करारी शिकस्त देकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया, जहां उसका सामना चेल्सी से होगा। रुइज़ ने छठे मिनट में और ओसमान डेम्बेले ने नौवें मिनट में डिफेंडर राउल असेंशियो और एंटोनियो रुडिगर की गलतियों का फायदा उठाकर गोल दागे। इसके बाद

**रियाल मैड्रिड को दी करारी शिकस्त**

24वें मिनट में रुइज़ ने जवाबी हमले में स्कोर 3-0 कर दिया। पीएसजी की तरफ से गोंकालो रामोस ने 87वें मिनट में एक और गोल किया। रियाल के किलियन एमबाप्पे अपनी पूर्व टीम के खिलाफ पहले मैच में किसी भी समय खास चुनौती पेश नहीं कर पाए। अपना पहला यूरोपीय खिताब जीतने के बाद पीएसजी अब रविवार को होने वाले फाइनल में विश्व चैंपियन बनने के लिए मैदान पर कदम रखेगा। पीएसजी की रियाल मैड्रिड पर इस बड़ी जीत ने चैंपियंस लीग के फाइनल की याद भी ताजा कर दी। उसने तब इंटर मिलान को 5-0 से हराया था।

**भारत की अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम 13 और 16 जुलाई को उज्बेकिस्तान के खिलाफ मैत्री मैच खेलेगी**

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय अंडर-20 महिला टीम 13 और 16 जुलाई को ताशकंद में उज्बेकिस्तान अंडर-20 टीम के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलेगी। ये दोनों मैच म्यांमार में छह से 10 अगस्त तक होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के लिए टीम की तैयारियों का हिस्सा होंगे। स्वीडिश कोच जोकिम एलेक्जेंडरसन ने 24 सदस्यीय भारतीय की घोषणा की जो बृहस्पतिवार रात बेंगलुरु से रवाना होगी। टीम भी बेंगलुरु में ही तैयारी कर रही है। भारत एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर में इंडोनेशिया (छह अगस्त), तुर्कमेनिस्तान (आठ अगस्त) और म्यांमार (10 अगस्त) से यंगून में भिड़ेगा। सभी आठ ग्रुप के विजेता और तीन सर्वश्रेष्ठ उपविजेता टीम अगले साल थाईलैंड में होने वाले फाइनल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी। टीम में गोलकीपर के रूप में मोनालिशा देवी मोइरांगथेम भी शामिल हैं जो 2026 एएफसी महिला एशियाई कप के लिए ऐतिहासिक क्वालीफिकेशन हासिल करने वाली सीनियर टीम का हिस्सा थीं। वह थाईलैंड में एक क्वालीफायर मैच में भाग लेने के बाद सात जुलाई को अंडर-20 शिविर में शामिल हुईं। मेलोडी चानू कीशम, शुभांगी सिंह, विकसित बारा, सुलंजना राउल और सिंडी रेमरूअटपुई कोल्नी ने भी बेंगलुरु में अपने शिविर के दौरान सीनियर टीम के साथ प्रशिक्षण लिया।

**फीफा रैंकिंग में भारत 133वें स्थान पर, नौ साल में सबसे खराब रैंकिंग**

नयी दिल्ली। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम जून में मिली दो हार से बृहस्पतिवार को जारी फीफा रैंकिंग में छह पायदान की गिरावट से 133वें स्थान पर खिसक गई। भारत चार जून को एक अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में थाईलैंड (0-2) से हार गया और फिर एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के मैच में उसे निचली रैंकिंग वाली हांगकांग (0-1) से भी पराजय झेलनी पड़ी। इसके बाद मुख्य कोच मनोलो मारकेज ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से नाता तोड़ लिया। इससे पहले पिछली बार भारतीय टीम की सबसे खराब रैंकिंग दिसंबर 2016 में थी जब वह 135वें स्थान पर थी। भारत की अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग फरवरी 1996 में 94 थी। भारतीय टीम के अभी 1113.22 रेटिंग अंक हैं जबकि पहले उसके 1132.03 अंक थे। वह 46 एशियाई देशों में 24वें स्थान पर है जिसमें जापान (17वीं रैंकिंग) सबसे आगे है। भारतीय पुरुष टीम के लिए कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। हांगकांग के खिलाफ हार ने टीम की 2027 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने की मुहिम को मुश्किल में डाल दिया है। मारकेज के मार्गदर्शन में टीम ने अपने पिछले आठ में से सिर्फ एक मैच में जीत दर्ज की और उसे यह जीत मार्च में मालदीव के खिलाफ मिली थी। इस सल भारत ने अभी तक चार मैच खेले हैं जिसमें से उसे एक में जीत मिली है जबकि दो मुकाबलों में उसे हार का सामना करना पड़ा जबकि एक मैच ड्रॉ रहा। इन खराब नतीजों के कारण पूर्व कप्तान और स्टार स्ट्राइकर सुनील छेत्री की टीम में संन्यास से वापसी हुई लेकिन इससे टीम की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ।

## भारत ए हॉकी टीम ने आयरलैंड को 6-0 से हराया

एजेंसी



आइंडहोवन (नीदरलैंड)। भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने यूरोपीय दौरे पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां हॉकी क्लब ओरांजे रूड में आयरलैंड को 6-0 से करारी शिकस्त दी। यह भारत ए की आयरलैंड के खिलाफ लगातार दूसरी जीत है, जिसे उसने दौरे के पहले मैच में 6-1 से हराया था। उत्तम सिंह ने भारत ए के लिए पहला गोल किया, जिसके बाद कप्तान संजय ने स्कोर 2-0 कर दिया। इसके बाद मिडफील्डर मोहम्मद राहील मौसीन ने लगातार दो गोल दागे। अमनदीप लाकड़ा और वरुण कुमार ने एक-एक गोल किया। भारतीय टीम का अगला मुकाबला शनिवार को फ्रांस से होगा। भारतीय कोच शिवेन्द्र सिंह ने कहा कि टीम आयरलैंड के खिलाफ किए गए शानदार प्रदर्शन को फ्रांस के खिलाफ होने वाले मैच में भी जारी रखना चाहेगी। उन्होंने कहा आयरलैंड के खिलाफ हमारे दो मैच वाकई अच्छे रहे हैं।

## हॉकी इंडिया ने 33 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की

बेंगलुरु। हॉकी इंडिया ने बृहस्पतिवार को 14 जुलाई से सात अगस्त तक यहां साई केंद्र में आयोजित होने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 33 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। यह शिविर भारतीय टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि वह दो बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों (ऑस्ट्रेलिया दौरे और 29 अगस्त से सात सितंबर तक राजगीर में होने वाले हीरो एशिया कप) की तैयारी कर रही है। एशिया कप का विजेता अगले साल 14 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले एफआईएच पुरुष विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगा। यूरोप में प्रो लीग 2024-25 के निराशाजनक अभियान (आठ मैच में महज एक जीत से तालिका में आठवें स्थान पर रहने) के बावजूद कोचिंग स्टाफ का ध्यान आगामी टूर्नामेंटों से पहले लय हासिल करने और महत्वपूर्ण विभागों में सुधार करने पर लगा है। गोलकीपिंग इकाई में कोई बदलाव नहीं हुआ है जिसमें कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा, पवन और मोहित एचएस मौजूद हैं। भारत की रक्षात्मक पंक्ति में सुमित, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, अमनदीप लाकड़ा, हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, संजय और यशदीप सिवाच शामिल होंगे। वरुण कुमार रक्षात्मक पंक्ति से बाहर हैं क्योंकि वह इस समय भारत ए टीम के साथ यूरोप दौरे पर हैं। लेकिन पता चला है कि मुख्य कोच क्रेग फुल्टन कम से कम 8 से 22 अगस्त तक पर्थ में होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत ए खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर विचार करेंगे। मिडफील्ड में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का संतुलन है जिसमें राज कुमार पाल, नीलकांत शर्मा, हार्दिक सिंह, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह, पूवन्ना चंदुरा बॉबी, राजिंदर सिंह, विष्णु कांत सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद और शमशेर सिंह शामिल हैं।

# पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक रांची में शुरू

## बैठक में चार पूर्वी राज्यों झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लगभग 70 प्रतिनिधि ले रहे है भाग



रांची। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक बृहस्पतिवार को यहां शुरू हुई जिसमें झारखंड को विशेष सहायता और योजनाओं की मंजूरी मिलने की उम्मीद है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बैठक में चार पूर्वी राज्यों झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लगभग 70 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी भी इसमें शामिल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस बैठक के लिए शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एक अधिकारी ने बताया, गृह मंत्री की अध्यक्षता में रांची में होने वाली पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सोरेन ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती झारखंड के रांची में आयोजित 27वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता हेतु माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी का स्वागत किया। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि झारखंड सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) पर बकाया 1.36 लाख करोड़ रुपये की कोयला राशि का मुद्दा उठा सकती है जबकि बिहार सीमावर्ती राज्यों के साथ जल बंटवारे से जुड़े मुद्दे उठा सकता है। उन्होंने बताया कि बिहार दोनों राज्यों के बीच संपत्ति विभाजन से संबंधित मुद्दों को भी उठा सकता है, जिनमें से कई 15 नवंबर 2000 को झारखंड के गठन के बाद से अभी तक अनसुलझे हैं। झारखंड आदिवासियों के लिए एक अलग सरना धार्मिक संहिता की मांग भी उठा सकता है। हेमंत सोरेन सरकार इस संबंध में पहले ही राज्य विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेज चुकी है। एक अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा, झारखंड यह मांग भी कर सकता है कि कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन और विकास) अधिनियम में संशोधन कर यह प्रावधान जोड़ा जाए कि खनन कार्य पूरा होने के बाद कंपनिया, राज्य सरकार को जमीन वापस करें। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि सोरेन के अलावा, झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री दीपक बिरुआ, मुख्य सचिव अलका तिवारी, प्रमुख सचिव (गृह) वंदना दादेल और पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता बैठक में भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पिता एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के इलाज के सिलसिले में लगभग 15 दिन से दिल्ली में थे लेकिन बैठक में भाग लेने के लिए वह बुधवार देर रात रांची लौट आए। अधिकारी ने बताया कि बिहार का प्रतिनिधित्व मंत्री विजय चौधरी और सम्राट चौधरी कर रहे हैं जो बुधवार को यहां पहुंच गए। उन्होंने बताया कि ओडिशा के प्रतिनिधिमंडल में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और उपमुख्यमंत्री प्रवती परिदा शामिल हैं। पश्चिम बंगाल का प्रतिनिधित्व मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य कर रही हैं। यह बैठक पहले 10 मई को होनी थी, लेकिन उस समय भारत-पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण हालात को देखते हुए इसे स्थगित कर दिया गया था।

### संक्षेप

## भाजपा नेतृत्व और सरकार ने पार कीं उदासीनता की सारी हदें : खरगे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुजरात के वडोदरा में एक पुल ढहने की घटना का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि सिर्फ भाषण और विज्ञापनबाज़ी में व्यस्त भाजपा नेतृत्व और सरकार उदासीनता की सारी हदें पार कर चुके हैं। उन्होंने यह दावा भी किया कि यह नेतृत्व संकट, चौतरफ़ा भ्रष्टाचार और सरकार चलाने की क्षमता में कमी का नतीजा है। अधिकारियों ने बताया कि वडोदरा में बुधवार सुबह लगभग चार दशक पुराने एक पुल का कुछ हिस्सा ढह जाने के कारण 13 लोगों की मौत हो गई। देश में आए दिन दुर्घटनाएँ आम बात हो गई हैं। कभी रेल दुर्घटना, कहीं उद्घाटन के साथ ही पुल में दरार आना।

# ईश्वर की कृपा रही तो अगस्त 2027 में सेवानिवृत्त हो जाउंगा: उपराष्ट्रपति



नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर ईश्वर की कृपा रही तो वह अगस्त 2027 में सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

उन्होंने यह टिप्पणी जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए की। उन्होंने हल्के फुल्के अंदाज में कहा कि ईश्वर की कृपा रही तो मैं सही समय पर, अगस्त 2027 में सेवानिवृत्त हो जाऊंगा। धनखड़ का 14वें उपराष्ट्रपति के रूप में पांच साल का कार्यकाल 10 अगस्त, 2027 को समाप्त हो जाएगा। पेशे से वकील धनखड़ को जब भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना था तब वह पश्चिम बंगाल के राज्यपाल थे। धनखड़ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एक वैश्विक शक्ति के रूप में भारत के उदय के साथ-साथ इसकी बौद्धिक व सांस्कृतिक गरिमा का भी विकास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी राष्ट्र की शक्ति उसके विचारों की मौलिकता और मूल्यों की शाश्वतता में निहित होती है। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि स्वदेशी दृष्टिकोण को आदिम अतीत के अवशेष बताकर खारिज कर दिया गया और स्वतंत्रता के बाद भी चुनिंदा स्मृतियां बरकरार रहीं। धनखड़ ने कहा कि पाश्चात्य सिद्धांतों को सार्वभौमिक सत्य के रूप में प्रचारित किया गया। उन्होंने कहा कि यह विलोपन और विनाश का प्रतीक था।

## छात्राओं के कपड़े उतरवाने में प्रधानाचार्य और एक कर्मचारी गिरफ्तार

ठाणे। मासिक धर्म हो रहा है या नहीं इसका पता लगाने के लिए ठाणे स्थित एक निजी स्कूल की छात्राओं के कपड़े उतरवाए जाने के आरोप में पुलिस ने प्रधानाचार्य और एक अन्य कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र में ठाणे जिले के शाहपुर इलाके में स्थित स्कूल के शौचालय में खून के धब्बे देखे जाने के बाद यह पता लगाने के लिए छात्राओं के कपड़े उतरवाए गए कि उन्हें मासिक धर्म हो रहा है या नहीं। इस घटना से छात्राओं के अभिभावकों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने बुधवार को स्कूल परिसर में विरोध प्रदर्शन किया तथा इस घटना में शामिल प्रबंधन एवं शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शाहपुर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने बुधवार रात स्कूल की प्रधानाचार्य और एक परिचारिका को गिरफ्तार कर लिया।

## जम्मू-कश्मीर के कठुआ में भारी बारिश के बीच मालगाड़ी पटरी से उतरी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में रेलवे पटरियों के बारिश के पानी में डूब जाने के कारण बृहस्पतिवार को एक मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे जम्मू-पठानकोट मार्ग पर रेल यातायात बाधित हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना जिले के लखनपुर इलाके में हुई।










Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com